@Qpatrika @qaumipatrika hindi instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका

राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित

मंगलवार, 3 फरवरी, 2026

VISIT: www.qaumipatrika.in Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 18 अंक 90 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2076-77, पेज (12) मूल्य 2.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)




# दिल्ली प्राइवेट स्कूल फीस कानून: सुप्रीम कोर्ट को सरकार का स्पष्टीकरण

## 2025-26 सत्र में नहीं लागू होगा

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में प्राइवेट स्कूलों की फीस नियंत्रित करने वाले नए कानून पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई है। दिल्ली सरकार ने कोर्ट को बताया कि दिल्ली स्कूल एजुकेशन (ट्रांसपेरेंसी इन फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस) एक्ट, 2025 को वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2025-26 में लागू नहीं किया जाएगा। यह कानून अब अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा। शिक्षा निदेशालय की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने यह जानकारी दी। पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कानून को शैक्षणिक सत्र के बीच में जल्दबाजी से लागू करने पर सवाल उठाए थे। कोर्ट ने कहा था कि ऐसा करने से स्कूलों और अभिभावकों को परेशानी हो सकती है और यह व्यावहारिक नहीं होगा। जस्टिस पी.एस. नरसिम्हा की पीठ ने माना कि कानून का उद्देश्य अच्छा है। लेकिन, इसे सही समय पर लागू करना जरूरी है। सरकार के इस फैसले के बाद कोर्ट ने कहा कि अब इस पर दखल देने की जरूरत नहीं है, क्योंकि सरकार ने समझदारी दिखाई है। यह कानून प्राइवेट स्कूलों में फीस की मनमानी बढ़ोतरी रोकने के लिए बनाया गया है। इसके तहत हर स्कूल को फीस तय करने के लिए एक स्कूल लेवल कमेटी बनानी होगी। इस कमेटी में स्कूल प्रबंधन का



प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य, तीन शिक्षक, पांच अभिभावक और शिक्षा निदेशालय का एक प्रतिनिधि शामिल होगा। कमेटी फीस के प्रस्ताव पर विचार करेगी और पारदर्शिता सुनिश्चित करेगी। इसके अलावा जिला स्तर पर अपील कमेटी भी होगी। कानून कैपिटेशन फीस वसूलने पर रोक लगाता है और अतिरिक्त शुल्क पर भी नियंत्रण रखता है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि कानून की वैधता से जुड़ा मामला दिल्ली हाई कोर्ट में लंबित है। अब आगे की सुनवाई और फैसला हाई कोर्ट ही करेगा। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशंस ने इस कानून को चुनौती दी है। लेकिन, कोर्ट ने फिलहाल इसे लागू करने के तरीके पर ही ध्यान दिया। अभिभावक संगठनों ने इस फैसले का स्वागत किया है, क्योंकि इससे फीस में अचानक बढ़ोतरी पर लगाम लगेगी। अगले साल से लागू होने पर स्कूलों को भी तैयारी का समय मिलेगा। यह कदम दिल्ली में शिक्षा की पहुंच और पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण है।

## सरकार बोली- वांगचुक लद्दाख को नेपाल-बांग्लादेश बनाना चाहते थे:सुप्रीम कोर्ट में कहा- वह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा, जहर उगलने नहीं दे सकते

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि सोनम वांगचुक लद्दाख को नेपाल या बांग्लादेश जैसा बनाना चाहते हैं। ऐसे व्यक्ति को और जहर उगलने की इजाजत नहीं दी जा सकती। जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी वराले की बैंच लद्दाख हिंसा मामले में एक्टिविस्ट वांगचुक की गिरफ्तारी के खिलाफ याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इस दौरान केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा, मेहता ने कहा कि नेपाल, बांग्लादेश और श्रीलंका जैसे



उदाहरण देना, युवाओं को भड़काने और देश की एकता के खिलाफ माहौल बनाने के बराबर है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए पर्याप्त आधार है। मामले की सुनवाई अब मंगलवार को दोपहर 2 बजे फिर होगी। दरअसल, 24 सितंबर 2025 को लेह में हुई हिंसा भड़काने के आरोप में 26 सितंबर को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (हुक्र) के तहत 26 वांगचुक को पुलिस ने हिरासत में लिया गया था। तब से वे जोधपुर जेल में हैं।इससे पहले वांगचुक की पत्नी गीतांजलि अंग्मो ने 12 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि उनके पति को हिरासत में लेने के फैसले में अधिकारियों ने ठीक से सोच-विचार नहीं किया। उन्हें बेकार व गैर-जरूरी बातों के आधार पर नजरबंद किया गया। अंग्मो की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस प्रसन्ना बी. वराले की बेंच में दावा किया कि जिन चार वीडियो के आधार पर नजरबंदी की गई वे सोनम वांगचुक को दिए ही नहीं गए। इससे उनका अपना बचाव में सही ढंग से बात रखने का अधिकार छिन गया। वीडियो नहीं देने से वांगचुक का सलाहकार बोर्ड और सरकार के सामने अपनी बात रखने का अधिकार प्रभावित हुआ है।

# सदन में चीनी घुसपैठ के मुद्दे पर हंगामा

## राहुल गांधी बोले- 'मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा'

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान राहुल गांधी की स्पीच पर हंगामा हो गया। लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने जैसे ही डोकलाम में कथित चीनी घुसपैठ का मुद्दा उठाया, सदन का माहौल गरमा गया। इस दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राहुल गांधी के दावे का विरोध किया। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। वहीं, संसद के बाहर मीडिया से बात कर रहे कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी ने कहा कि मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। ये सेना प्रमुख के शब्द हैं, और यह बातचीत उन्होंने राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी से की थी। मैं केवल इतना कहना चाहता हूं कि मैं सदन में वही कहना चाहता हूं जो सेना प्रमुख ने लिखा है और राजनाथ सिंह और प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें क्या आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि मैं संसद में बोलना चाहता हूं, लेकिन



मोदी सरकार जाने क्यों डरी हुई है। यहां मुद्दा ठीक वही है जो प्रधानमंत्री और राजनाथ सिंह ने कहा। जमीन ली गई या नहीं, यह एक अलग सवाल है। हम उस पर बाद में बात करेंगे। लेकिन उससे पहले, देश के नेता को दिशा-निर्देश देना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के नेता को फैसले लेने से पीछे नहीं हटना चाहिए और उन्हें दूसरों के कंधों पर नहीं छोड़ना चाहिए। प्रधानमंत्री ने यही किया है। यह मेरा विचार नहीं है, यह पूर्व सेना प्रमुख ने एक किताब में लिखा है। किताब को प्रकाशित नहीं होने दिया जा रहा है। वह अनुपलब्ध पड़ी है, और यह सेना प्रमुख का दृष्टिकोण है। उन्होंने कहा कि वे सेना प्रमुख के दृष्टिकोण से इतना क्यों डरते हैं? सेना प्रमुख जो कहते हैं, उससे वे इतना भयभीत क्यों हैं? हम इससे कुछ सीखेंगे। बेशक, हम अपने प्रधानमंत्री के बारे में कुछ सीखेंगे। हम रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बारे में कुछ सीखेंगे। लेकिन हम सेना के बारे में भी कुछ सीखेंगे और यह भी जानेंगे कि देश के राजनीतिक नेतृत्व ने सेना को किस तरह निराश किया। कांग्रेस सांसद ने कहा कि पूर्व आर्मी चीफ नरवणे ने अपनी किताब में पीएम नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बारे में साफ-साफ लिखा है। मैं उसी आर्टिकल को कोट कर रहा हूं, लेकिन मुझे बोलने नहीं दिया जा रहा है। पूरी मोदी सरकार डरी हुई है कि अगर पूर्व आर्मी चीफ की किताब सामने आ गई, तो नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह की असलियत देश को पता चल जाएगी कि जब चीन हमारी तरफ आ रहा था, तो '56 इंच' की छाती को क्या हुआ था?

## राहुल गांधी को चीन सीमा के संबंध में कांग्रेस के पाप के लिए माफी मांगनी चाहिए : किरेन रिजिजू

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि अगर वे बड़े परिवार में पैदा हुए हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वे खुद को सदन से ऊपर समझेंगे। सदन की मर्यादा को बरकरार रखना होगा। सोमवार को राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान राहुल गांधी ने पूर्व सैन्य प्रमुख नरवणे की किताब का जिक्र किया, जिसके बाद सदन में जोरदार हंगामा हुआ। दो बार कार्यवाही स्थगित हुई। तीसरी बार पूरे दिन के लिए कार्यवाही स्थगित कर दी गई। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल गांधी को पहले देश से माफी मांगनी चाहिए क्योंकि चीन के पास जो भी जमीन गई, वह 1959 से पहले और कुछ हिस्सा 1962 में गया था। आज राहुल गांधी को पहले माफी मांगनी चाहिए। हम अपनी तरफ से राष्ट्रपति के अभिभाषण और दूसरे मामलों पर चर्चा करने के बाद सदन में आगे बढ़ना चाहते हैं। एक बड़े परिवार में पैदा होने से कोई भी सदन या नियमों से ऊपर नहीं हो जाता है। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बर्ताव से बहुत निराश हैं। आज स्पीकर के फैसले के बावजूद, राहुल गांधी चेयर के फैसले को नहीं मान रहे थे। ऐसा पहले कभी नहीं हुआ। जब चेयर कोई फैसला देता है, चाहे चेयरमैन हो या स्पीकर, हर सदस्य को उसका पालन करना होता है। लेकिन, राहुल गांधी ने स्पीकर के आदेश का उल्लंघन करके अपनी ही गरिमा को कम किया है।

## राज्यपाल के अभिभाषण पर बोले तेजस्वी यादव, भाषण में हरियाली, लेकिन वास्तविकता कोसों दूर

**एजेंसी**

**पटना।** बिहार विधानसभा का बजट सत्र सोमवार से शुरू हो गया। पहले दिन राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने दोनों सदनों को संयुक्त रूप से संबोधित किया। इस बीच विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने राज्यपाल के अभिभाषण को खानापूर्ति मात्र बताया। उन्होंने कहा कि बिहार में यह कोई नई बात नहीं है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि कई राज्यपाल आए और चले गए, लेकिन वही बोलते हैं, जो सरकार और अधिकारी लिखकर देते हैं। वही वे पढ़ते हैं। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भाषण में हरियाली दिखती है, लेकिन वास्तविकता इससे अलग है। तेजस्वी यादव ने कानून व्यवस्था को लेकर सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि राज्य में लगातार गंभीर अपराध हो रहे हैं। प्रतिदिन रेप, मर्डर, किडनैपिंग और गोलीबारी जैसी घटनाएं हो रही हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार चरम पर है। प्रखंड से लेकर थाना तक कोई काम बिना पैसे के लोगों के नहीं हो रहे हैं। उन्होंने सवालिया लहजे में कहा कि अगर बिहार में इतना विकास हो ही रहा है तो सभी मामलों में यह प्रदेश फिसड्डी क्यों है? उन्होंने कहा कि बिहार केवल अपराध और भ्रष्टाचार के मामले में अव्वल है। शेष सभी मामलों में



पीछे है। उन्होंने कहा कि चुनाव के पहले हमारे द्वारा घोषित की गई योजनाओं को बिहार सरकार ने लागू किया था। केंद्रीय बजट से जुड़े सवाल पर तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि सब कुछ पहले वाला ही है। नया सिर्फ यह रहा कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बिहार में जब चुनाव था तो मिथिला की साड़ी पहनी थी। इस बार तमिलनाडु में चुनाव है, तो वहां की साड़ी पहनी। राजद नेता तेजस्वी यादव सोमवार को व्हीलचेयर के सहारे सदन पहुंचे।

# बजट लंबी अवधि के विकास पर केंद्रित

## किफायती दवाओं से मध्यम वर्ग को फायदा होगा : डॉ. जितेंद्र सिंह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) डॉ. जितेंद्र सिंह ने सोमवार को कहा कि किफायती दवाओं, घरेलू बायोमैन्युफैक्चरिंग द्वारा समर्थित टीकों और डायग्नोस्टिक से मध्यम और कमजोर वर्ग के फायदा होगा। बजट के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसे पूरी तरह से समझने में समय लग सकता है, लेकिन बजट एक स्पष्ट, क्रमबद्ध दृष्टिकोण को दर्शाता है जहां संरचनात्मक सुधार अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी से संचालित हैं और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी तेजी से एआई द्वारा संचालित हो रही हैं। केंद्रीय मंत्री ने मध्यम वर्ग को मिलने वाले लाभों से संबंधित चिंताओं को दूर करते हुए कहा कि बजट अल्पकालिक आय लाभ के बजाय बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल और जीवन यापन लागत को कम करने पर केंद्रित है। उन्होंने बताया कि बायोफार्मा, डायग्नोस्टिक, टीके और जीन-आधारित उपचारों में बड़े पैमाने पर




निवेश से कैंसर, डायबिटीज और मेटाबॉलिक डिसऑर्डर जैसी लंबी बीमारियों से जूझ रहे परिवारों पर वित्तीय बोझ काफी हद तक कम हो जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश में 11-12 करोड़ से अधिक लोग डायबिटिक हैं और लगभग 14 करोड़ लोग प्री-डायबिटिक हैं। और कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है और अनुमान है कि 2030 तक प्रति वर्ष 20 लाख मामले सामने आएंगे। 10,000 करोड़ रुपए की बायोफार्मा शक्ति पहल पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत पहले ही ग्लोबल बायो-मैन्युफैक्चरिंग केंद्र के रूप में उभर चुका है और वैश्विक स्तर पर एवं हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शीर्ष बायो-अर्थव्यवस्थाओं में शुमार है।

उन्होंने कहा कि यह नया निवेश बायोलॉजिक्स, बायोसिमिलर्स, टीकों, चिकित्सा उपकरणों और जीन-आधारित प्रौद्योगिकियों में क्षमताओं का विस्तार करके इस स्थिति को और मजबूत करेगा।

केंद्रीय मंत्री ने बायोटेक्नोलॉजी को अगला प्रमुख औद्योगिक चालक बताया, जिसकी तुलना पूर्व के दशकों में आईटी द्वारा निभाई गई भूमिका से की जा सकती है।

# देश की एकता और संप्रभुता के लिए बलिदान देने में हमेशा अग्रणी रहा है पंजाब:मुख्यमंत्री मान

**कौमी पत्रिका**

चंडीगढ, 2 फरवरी। नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान से मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने देश की एकता और संप्रभुता में राज्य के अद्वितीय योगदान, बहादुरी, भाईचारे की मजबूत भावना, शानदार विरासत और भारत के ख ?गभुजा एवं अन्नदाता के रूप में पंजाब के अमूल्य योगदान का जिक्र किया। आज यहां नेशनल डिफेंस कॉलेज के प्रतिनिधिमंडल से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब ने भारतीय सशस्त्र बलों को जांबाज फौजी अधिकारी और बहादुर जवान दिए हैं, जिन्होंने हमेशा मोर्चे पर रहकर देश के लिए शहादतें दी हैं। उन्होंने कहा, यह जानकर खुशी हुई कि नेशनल डिफेंस कॉलेज, नई दिल्ली द्वारा 2 से 6 फरवरी तक पंजाब का दौरा किया जा रहा है। राज्य में पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, यह सामाजिक-राजनीतिक अध्ययन दौरा पंजाब के सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और अन्य क्षेत्रों को समझने और सीखने का एक अनूठा प्रयास है। राज्य की पवित्र और उपजाऊ धरती पर प्रतिनिधिमंडल का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार आपकी मेजबानी करके गर्व महसूस कर रही है। उन्होंने प्रतिनिधिमंडल को बताया कि पंजाब महान गुरुओं, पीरों, संतों, पैगंबरों और शहीदों की धरती है और इसे योद्धाओं तथा मेहनतकश लोगों की भूमि के रूप



में जाना जाता है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, राज्य के नौजवान सीमाओं की रक्षा करते हैं और हमारे किसान देश का पेट भरते हैं, इसी कारण पंजाब को 'भारत का अन्नदाता और ख ?गभुजा' के रूप में सम्मान प्राप्त है। मुख्यमंत्री ने कहा, पंजाब के किसान देश के अनाज उत्पादन में सबसे अधिक योगदान देते हैं और राष्ट्रीय पूल में 40 प्रतिशत अनाज इसी राज्य द्वारा उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आगे कहा, पंजाब के बहादुर सैनिकों ने देश की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपनी जानें कुर्बान की हैं और यह अटल एवं स्पष्ट सत्य है कि देश के स्वतंत्रता संग्राम में पंजाबियों ने सबसे अधिक बलिदान दिए हैं। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, पंजाब एक शांतिपूर्ण राज्य है जहां शांति, प्रेम और भाईचारे की भावना इतनी मजबूत है कि यहां नफरत के बीज नहीं पनप सकते। मुख्यमंत्री ने कहा, सीमावर्ती राज्य होने के बावजूद, पंजाब कभी भी सांप्रदायिकता में बंटा नहीं। इसके बजाय कठिन घ ?ी में पंजाबियों ने दुनिया के सामने भाईचारे और सद्भावना की शानदार मिसालें पेश की हैं। शेष पृष्ठ का शेष

# मुख्यमंत्री योगी ने केंद्र बजट को बताया 'कर्तव्य, विकास और आत्मगौरव' का दस्तावेज

## 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ शासन किया है।

**एजेंसी**

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार के वर्ष 2026-27 के बजट को नए भारत और नए उत्तर प्रदेश की दिशा तय करने वाला दस्तावेज़ करार दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज देश का नागरिक गरीबी रेखा से ऊपर उठकर आत्मगौरव के साथ भारत की प्रगति में योगदान दे रहा है और दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ता भारत हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। यह सब स्पष्ट नीति, साफ नीयत और मजबूत नेतृत्व का परिणाम है। राजधानी लखनऊ में सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केंद्रीय बजट पर प्रेस वार्ता की। इस दौरान



उन्होंने बजट से यूपी के लिए संभावनाओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'नेशन फर्स्ट' की भावना के साथ शासन किया है। उन्होंने याद दिलाया कि 26 नवंबर 2015 को संविधान दिवस घोषित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश को अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्यों की याद दिलाई थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहला बजट है जो कर्तव्य भवन से प्रस्तुत हुआ और जो नागरिकों में राष्ट्र के प्रति दायित्व और भविष्य की जिम्मेदारी का बोध कराता है। उन्होंने बजट को युवा-शक्ति संचालित, वंचित-केंद्रित और समावेशी विकास का आधार बताते हुए कहा कि किसान, युवा, महिला और गरीब–चारों वर्ग इस बजट के केंद्र में हैं। वित्तीय अनुशासन, विकास और विश्वास–तीनों को एक सूत्र में पिरोकर यह बजट आने वाली पीढ़ियों के लिए सुदृढ़ भारत की नींव रखता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देश की सबसे बड़ी आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश की आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए बजट में नई संभावनाओं के द्वार खुले हैं। एमएसएमई सेक्टर के लिए रुपये 10 हजार करोड़ के विशेष फंड को उन्होंने प्रदेश के लिए बेहद अहम बताया। उन्होंने कहा कि देश की सबसे अधिक, करीब 96 लाख एमएसएमई इकाइयां उत्तर प्रदेश में हैं, जिनसे तीन करोड़ से अधिक लोग जुड़े हैं। एक जिला एक उत्पाद योजना को नई तकनीक, प्रशिक्षण, पैकेजिंग और निर्यात से जोड़ने में यह फंड मील का पत्थर साबित होगा।

## सीबीआई का बड़ा अंतरराष्ट्रीय अभियान 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' में 35 ठिकानों पर छापेमारी, एक गिरफ्तार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड एवं सिंगापुर की एजेंसियों के साथ मिलकर बहुराष्ट्रीय 'ऑपरेशन साइस्ट्राइक' के तहत अंतरराष्ट्रीय साइबर-वित्तीय अपराध नेटवर्क को ध्वस्त किया। यह अभियान भारत में 35 स्थानों पर चलाया गया, जिसमें मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के साथ-साथ ऑनलाइन ठगी से जुड़े डिजिटल सबूत और 60 लाख रुपये नकद बरामद किए गए। सीबीआई ने बताया कि गिरफ्तार मुख्य आरोपित की पहचान फोकरेहरी पीटर के रूप में की गयी है। एजेंसी ने दिल्ली, बिहार, महाराष्ट्र, कर्नाटक, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल में 35 जगहों पर छापेमारी की। जांच में पता चला कि आरोपित अमेरिका, ब्रिटेन, कुवैत, आयरलैंड, सिंगापुर और भारत के नागरिकों को ऑनलाइन ठग रहे थे।

दिल्ली से संचालित नेटवर्क से लैपटॉप, मोबाइल फोन और हार्ड डिस्क बरामद हुए जिनमें अमेरिकी पीड़ितों को निशाना बनाने के सबूत मिले। वहीं, दिल्ली, गाजियाबाद और कर्नाटक से चल रहे एक अन्य नेटवर्क को भी खत्म किया गया। इस नेटवर्क के जरिए कुवैती ई-वीजा और नौकरी के फर्जी ऑफर देकर भारतीय नागरिकों से पैसे वसूले जा रहे थे। इस दौरान 60 लाख रुपये की नकदी भी बरामद की गयी।

## राजनीतिक हिंसा किसी भी रूप में लोकतंत्र के खिलाफ: सदानंदन

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सोमवार को चर्चा की शुरुआत करते हुए नामित सदस्य सी. सदानंदन मास्टर ने कहा कि जो लोग आज संसद में लोकतंत्र और मानवता की बातें कर रहे हैं, उन्होंने ही 31 साल पहले उन पर जानलेवा हमला किया था। सदन में व्हीलचेयर पर बैठकर इसलिए आए हैं क्योंकि एक संगठित आपराधिक गिरोह ने उन पर हमला कर उनके दोनों पैर काट दिए थे। उन्होंने इस हमले का संबंध अपरोक्ष रूप से मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से जोड़ते हुए कहा कि हमला करने वाले लोग 'इंकलाब ज़िंदाबाद' के नारे लगा रहे थे। सदन में टेबल पर रखे कृत्रिम पैर को दिखाते हुए सदानंदन ने कहा कि वे क्यों खड़े होकर नहीं बोल पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह हमला तब हुआ था, जब वह अपने चाचा के घर से लौट रहे थे। उन्होंने कहा, 'आप लोकतंत्र और मानवता की बात करते हैं, लेकिन आपकी राजनीति हिंसा पर आधारित है। राजनीतिक हिंसा लोकतंत्र के लिए घातक है।' सदानंदन मास्टर के बयान के बाद विपक्षी सदस्यों ने विरोध शुरू कर दिया। इस दौरान माकपा सदस्य जॉन ब्रिटास ने प्वाइंट ऑफ ऑर्डर उठाते हुए कहा कि राज्यसभा में किसी भी वस्तु को प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं है। इस पर सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि वे सदस्य से कृत्रिम अंग हटाने के निर्देश देंगे, उसके बाद सदानंदन ने अपने कृत्रिम अंग को टेबल से हटाते हुए अपना वक्तव्य जारी रखा।

# पुणे पोर्श हादसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कहा- नाबालिगों का शराब पीना और कार चलाना बेहद दुखद

### –कोर्ट ने दे दी 3 आरोपियों को जमानत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बहुचर्चित पुणे पोर्श कार हादसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीन आरोपियों को जमानत दे दी। सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने नाबालिगों द्वारा शराब पीने और वाहन चलाने की घटनाओं पर गहरी चिंता जताते हुए इसे बेहद दुखद बताया। कोर्ट ने इस तरह की घटनाओं के लिए माता-पिता की जिम्मेदारी पर भी कड़े शब्दों में टिप्पणी की है।

मामले की सुनवाई करे रहे जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्जल भुयान की पीठ ने कहा, कि ऐसे मामलों में केवल बच्चों को ही नहीं, बल्कि माता-पिता को भी जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए, क्योंकि कई बार वे अपने बच्चों पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं रख पाते। कोर्ट ने नाबालिगों को कार चलाने की अनुमति देने और उन्हें इस तरह के जश्न में शामिल होने देने पर गहरी नाराजगी जाहिर की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नाबालिगों द्वारा शराब का सेवन और फिर तेज रफ्तार कार चलाना समाज के लिए गंभीर खतरा है।





जस्टिस नागरत्ना ने अपनी टिप्पणी में कहा, कि पहले नाबालिगों के रूप में शराब का सेवन, फिर उन्हें कार देना और इस तरह जश्न मनाना बेहद दुखद है। आखिरकार माता-पिता बच्चों पर नियंत्रण नहीं रख पाते और वे कार की चाबी ले लेते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि मादक द्रव्यों का सेवन अपने आप में गंभीर मुद्दा है, लेकिन नाबालिगों को कार की चाबियां और मौज-मस्ती के लिए पैसे देना पूरी तरह अस्वीकार्य है। पीठ ने कहा कि शराब पीकर जश्न मनाने और तेज गति से वाहन चलाने के कारण सड़क पर चल रहे निर्दोष लोगों या सड़क किनारे सो रहे लोगों की जान जाना अत्यंत निंदनीय है। ऐसे मामलों में कानून को सख्ती से कार्रवाई करनी चाहिए।

जस्टिस नागरत्ना ने सामाजिक पहलू पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि आजकल कई माता-पिता के पास अपने बच्चों के साथ समय बिताने का वक्त नहीं होता। इसके विकल्प के तौर पर उन्हें पैसा, एटीएम कार्ड और सुविधाएं दे दी जाती हैं, जिससे बच्चे मोबाइल फोन और बाहरी दुनिया में ज्यादा उलझ जाते हैं। ऐसे माहौल में अनुशासन और जिम्मेदारी की कमी देखने को मिलती है।

सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा पहले से लगाई गई शर्तों के अधीन आशीष सतीश मित्तल, आदित्य अविनाश सूद और अमर संतोष गायकवाड़ को जमानत दे दी। अदालत ने इस बात को भी ध्यान में रखा कि तीनों आरोपी करीब 18 महीने से जेल में बंद थे। गौरतलब है कि पुणे पोर्श हादसे में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई थी, जिसके बाद यह मामला देशभर में चर्चा का विषय बन गया था।

## अब तक 32 : भागीरथपुरा में नगर निगम द्वारा सप्लाई दूषित पानी से संक्रमित एक और मौत, पैंसठ वर्षीय अनिता कुशवाह ने तोड़ा दम

इन्दौर (एजेंसी)। भागीरथपुरा में इन्दौर नगर निगम द्वारा सप्लाई पानी से एक और मौत के बाद अब यहां हुई मौतों का आंकड़ा 32 तक पहुंच गया है। भागीरथपुरा में आज अनिता कुशवाह पैंसठ साल की भी मौत हो गई उन्हें पहले 28 दिसंबर को उल्टी-दस्त की शिकायत पर भाग्यश्री हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। वहां दो दिन इलाज के बाद राहत के चलते डिस्चार्ज करा घर ले आएं थे लेकिन कुछ ही घंटों बाद फिर हालत बिगड़ी जिस पर उन्हें 1 जनवरी को अरबिंदो हॉस्पिटल में एडमिट किया गया था फिर वहां से 4 जनवरी को बॉम्बे हॉस्पिटल शिफ्ट किया गया था। इसके बाद उनकी हालत लगातार बिगड़ती गई और उनकी किडनी भी फेल हो गई, जिसके चलते डायलिसिस करते उन्हें वेंटिलेटर पर भी रखा गया और अब उन्हें कार्डियक अरेस्ट आया जिसके बाद उनकी मौत हो गई। ज्ञात हो कि अनीता कुशवाह के पहले, एकनाथ सूर्यवंशी, लक्ष्मी रजक जैन, पहलवान खूबचंद पिता गन्नूदास, राजाराम बौरासी, बद्री प्रसाद, विद्या बाई की भी भागीरथपुरा में दूषित पानी से संक्रमित होने के बाद गत सप्ताह में ही मौत हो चुकी है। और अब अनीता कुशवाह की मौत के साथ वहां मौतों का आंकड़ा 32 पर पहुंच लगातार बढ़ता ही जा रहा है। जिससे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है। सीएमएचओ डॉ. माधव हसानी के अनुसार बताया कि भागीरथपुरा में दूषित पानी से संक्रमित अनीता कुशवाह का शासन की ओर से हायर सेंटर पर इलाज करवाया गया, लेकिन दुर्भाग्य से उनको बचाया नहीं जा सका।




## अंडमान तक डोली धरती : बारामूला और द्वीप समूह में 4.6 तीव्रता के भूकंप के झटके



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के दो अलग-अलग हिस्सों में सोमवार तड़के भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। जम्मू-कश्मीर के बारामूला और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में आए इन झटकों से लोगों के बीच दहशत फैल गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि अब तक कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई सूचना नहीं मिली है। अधिकारियों के अनुसार, भूकंप के लिहाज से बेहद संवेदनशील जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में सुबह करीब 5ः35 बजे धरती कांपी। रिक्टर पैमाने पर इसकी तीव्रता 4.6 मापी गई है। भूकंप का केंद्र पत्तन इलाका बताया जा रहा है। जिस वक्त झटके महसूस किए गए, उस समय अधिकांश लोग भीषण ठंड के कारण अपने घरों में सो रहे थे। अचानक आए कंपन के चलते लोग घबराकर बाहर निकल आए। इससे पहले, सोमवार तड़के करीब 3ः30 बजे अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी 4.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के आंकड़ों के मुताबिक, इस भूकंप का केंद्र जमीन से लगभग 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। ज्ञात हो कि अंडमान-निकोबार द्वीप समूह भूकंपीय जोन-5 में आता है, जिसे दुनिया के सबसे अधिक सक्रिय भूकंपीय क्षेत्रों में से एक माना जाता है। आपदा प्रबंधन टीमें दोनों ही क्षेत्रों में स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## वोट काटने के लिए एक बूथ ही व्यक्ति के नाम से 178 शिकायत, जांच में फर्जी पाई गई शिकायतें

भिंड (एजेंसी)। मध्यप्रदेश के भिंड में एसआईआर सर्वे के बाद काटे गए वोटों को दुबारा जोड़ने के लिए जारी नोटिस का जवाब देने वोटर को फिर अपनी पहचान साबित करना पड़ रही है। इस बीच भाजपा के बीएलए (बूथ लेवल एजेंट) के नाम से फॉर्म 7 भरकर बड़ी संख्या में वोट काटने की शिकायतें सामने आई हैं। जांच में फार्म 7 में की गई सभी शिकायत फर्जी साबित हुई। शहर के बूथ क्रमांक 107, 108, 101 सहित ज्यादातर बूथ पर भाजपा बीएलए के नाम से फर्जी शिकायत मिली हैं। कई वार्ड में एक साथ 178 से अधिक वोट काटने की शिकायत आई हैं। गर्ल्स स्कूल के पास मौजूद बूथ 107 पर भाजपा बूथ बीएलए अभिषेक मिश्रा के नाम पर 178 वोट काटने की शिकायत के फार्म सामने आए हैं। इसबारे में जब भाजपा बूथ बीएलए से जानकारी ली, तब उन्होंने बताया कि उनके द्वारा कोई फॉर्म 7 नहीं भरा गया है। इस संबंध में उन्होंने लिखित रूप से अधिकारियों को जानकारी दी है। ज्ञात हो कि यह सभी फार्म 7 विधानसभा निर्वाचन ऑफिस में दिए गए थे। वोट काटने के लिए मिले शिकायती फार्म की जांच करते हुए जब शिकायतकर्ता बीएलए से जानकारी ली गई, तब उन्होंने कहां कि मैंने कोई शिकायत नहीं की है। बीएलओ सुयोग्य मिश्रा ने बताया कि फार्म 7 की शिकायतों की जांच कर इस संबंध में जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी है।

## किशोरी का अपहरण और यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी को 14 साल की सख्त सजा

श्रीनगर (एजेंसी)। श्रीनगर की एक फास्ट ट्रैक कोर्ट ने नाबालिग लड़की के अपहरण और यौन उत्पीड़न मामले में आरोपी को 14 साल की कठोर कैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी पर 15,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह सजा भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 363 (अपहरण), 376 (बलात्कार) और पॉक्सो अधिनियम के तहत दर्ज मामले में सुनाई गई। मामले के संबंध में पुलिस ने बताया था, कि यह मामला 11 अप्रैल 2021 का है, जब एक किशोरी के अपहरण और यौन उत्पीड़न की शिकायत एमआर गंज पुलिस स्टेशन में दर्ज कराई गई थी। शिकायत मिलते ही श्रीनगर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मामले की जांच शुरू की। जांच के दौरान पीड़िता को सुरक्षित बरामद किया गया और मामले से जुड़े अहम गवाहों के बयान दर्ज किए गए। पुलिस ने बताया कि जांच प्रक्रिया के तहत सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं का पालन किया गया। इसमें पीड़िता की मेडिकल और फोरेंसिक जांच, साक्ष्यों का संग्रह और परिस्थितिजन्य प्रमाण जुटाना शामिल था। जांच पूरी होने के बाद पुलिस ने पॉक्सो मामलों के लिए नामित श्रीनगर की फास्ट ट्रैक कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की। अदालत में चले विस्तृत ट्रायल के दौरान अभियोजन पक्ष ने पुख्ता सबूत पेश किए, जिनके आधार पर कोर्ट ने आरोपी को संदेह से परे दोषी पाया। इसके बाद 30 दिसंबर 2025 को अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 14 साल की जेल की सजा और जुर्माने का आदेश सुनाया। श्रीनगर पुलिस ने फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह सजा बच्चों के खिलाफ अपराधों से जुड़े मामलों में पुलिस और न्याय प्रणाली की गंभीरता और प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## यात्री की शिकायत पर इंडिगो एयरलाइंस पर 25 हजार का जुर्माना

बेंगलुरु (एजेंसी)। बेंगलुरु की उपभोक्ता अदालत ने इंडिगो एयरलाइंस पर एक यात्री के साथ हुई लापरवाही के मामले में 25,000 रुपये का जुर्माना ठोक दिया है। यह घटना 5 मार्च 2024 की है, जब इंडिगो की एक अंतरराष्ट्रीय उड़ान बैंकॉक से बेंगलुरु आ रही थी। उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद केबिन क्रू की लापरवाही के कारण एक यात्री पर गर्म नॉन-वेज करी गिर गई, जिससे यात्री को शारीरिक और मानसिक परेशानी झेलनी पड़ी। रिपोर्ट के अनुसार, एक फ्लाइट अटेंडेंट की गलती से गर्म करी का पैकेट नीचे गिरकर सीधे यात्री के ऊपर आ पड़ा। हादसे में यात्री के कपड़े पूरी तरह खराब हो गए और यात्री को जलन, असहजता और सार्वजनिक शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा। यात्री ने बताया कि वह शाकाहारी है और नॉन-वेज खाने की बदबू और दाग-धब्बों से मुझे गहरा मानसिक आघात पहुंचा। इसके अलावा, यात्री ने दावा किया कि उसके इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और बैग को भी नुकसान हुआ। घटना के बाद इंडिगो एयरलाइंस ने अपनी गलती स्वीकार कर यात्री को 5,000 रुपये का ट्रैवल वाउचर देने की पेशकश की, लेकिन यात्री इससे संतुष्ट नहीं हुआ। उसने उपभोक्ता अदालत में शिकायत दर्ज कराई और 5 लाख रुपये मुआवजे की मांग की। मामले की सुनवाई के बाद उपभोक्ता आयोग ने माना कि ओवरहेड बिन में गर्म भोजन रखना यात्रियों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है।

## बिहार में कौओं में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि से हड़कंप, क्षेत्र में किया जा रहा सेनेटाइजेशन

**–11 जनवरी को सुबह लोगों ने एक ही स्थान पर 150 से ज्यादा मृत कौओं को देखा था**

**भागलपुर (एजेंसी)।** बिहार के भागलपुर जिले के नवगछिया अनुमंडल परिसर में बड़ी संख्या में मृत मिले कौओं में बर्ड फ्लू वायरस की पुष्टि होने के बाद हड़कंप मच गया। जांच रिपोर्ट के सामने आते ही जिला प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है और प्रभावित क्षेत्र में एहतियाती कदम उठाए गए हैं। जानकारी के मुताबिक 11 जनवरी की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने एक ही स्थान पर पेड़ के नीचे 150 से ज्यादा मृत कौओं को देखा था। कई कौए तड़पती अवस्था में भी पाए गए थे, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और सभी मृत पक्षियों को वहां हटाया गया।

रिपोर्ट के मुताबिक मामले की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग और पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम ने मृत कौओं के सैंपल एकत्र कर जांच के लिए पटना और मध्यप्रदेश के भोपाल की उच्च स्तरीय लैब में भेजे थे। भोपाल लैब से आई रिपोर्ट में बर्ड फ्लू संक्रमण की पुष्टि हुई है। जिला पशुपालन पदाधिकारी अंजली कुमारी ने आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि रिपोर्ट मिलते ही पूरे प्रभावित क्षेत्र के चारों ओर 10 किलोमीटर के दायरे में सेनेटाइजेशन अभियान शुरू किया गया है। इसके साथ ही इलाके के सभी पोल्ट्री फार्म से सैंपल लेकर जीरो सर्विलेंस के तहत जांच की जा रही है।

बता दें 11 जनवरी को जब कौओं की मौत हुई थी, उस समय अत्यधिक ठंड थी, इसलिए पहले आशंका जताई जा रही थी कि ठंड के कारण मौत हुई होगी, लेकिन जांच के बाद केंद्र सरकार की ओर से पुष्टि हुई है कि कौओं की मौत बर्ड फ्लू के कारण हुई है। फिलहाल प्रभावित इलाकों में सेनेटाइजेशन कराया जा रहा है। जिला प्रशासन का कहना है कि स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन किसी भी तरह की लापरवाही से बचने के लिए स्वास्थ्य और पशुपालन विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। आम लोगों से भी सतर्क रहने और मृत पक्षियों को न छूने की अपील की है।

# सीएम ममता पहुंचीं दिल्ली और बोलीं- बंगाल के लोगों के साथ देश की राजधानी में बहुत अत्याचार हो रहा

### –एसआई समेत कई मुद्दों पर केंद्र को घेरा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने राजधानी दिल्ली में केंद्र सरकार और चुनाव आयोग पर तीखा हमला बोला है। दिल्ली दौरे पर पहुंचीं ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि राष्ट्रीय राजधानी में बंगाल के लोगों के साथ अत्याचार और बहुत दुर्व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) से जुड़े मुद्दों को लेकर गंभीर सवाल उठाए और कहा कि वे इन चिंताओं को लेकर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करेंगी।

दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि वह बंगाल भवन जा रही हैं ताकि वहां मौजूद अपने लोगों से मिल सकें और दिल्ली पुलिस के कथित अत्याचारों को खुद देख सकें। उन्होंने कहा, जब गृहमंत्री बंगाल आते हैं, तो हम उन्हें रेड कार्पेट देते हैं, लेकिन जब हम दिल्ली आते हैं तो हमें ब्लैक कार्पेट दिया जाता है। कृपया बंगाल के लोगों पर हो रहे अत्याचारों को रोकिए, जिन्होंने अपनी जान तक गंवाई है। दिल्ली के हेली रोड स्थित बंगाल भवन पहुंचने के बाद ममता बनर्जी ने एक बार फिर केंद्र सरकार और चुनाव आयोग को निशाने पर लिया। उन्होंने कहा कि एसआईआर से जुड़ी शिकायतें बेहद गंभीर हैं और इसी मुद्दे पर वह मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलने जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया के चलते बंगाल के कई परिवारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा है। सीएम ममता ने दावा किया कि दिल्ली में रह रहे बंगाल के लोगों को दिल्ली पुलिस बार-बार परेशान कर रही है और बंगाल भवन के आसपास कड़ी निगरानी रखी गई है। उन्होंने कहा, अगर इस देश में कोई नहीं लड़ेगा, तो मैं लड़ूंगी, हमारी पार्टी लड़ेगी। उन्होंने यह भी ऐलान किया कि अगले दिन मंगलवार दोपहर 3 बजे बंगाल भवन में एक अहम बैठक और मीडिया के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी।



## बजट पर राहुल गांधी के बयान पर हमलावर बीजेपी... उनसे चिदंबरम भी सहमती नहीं दिखाते

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने दावा किया कि केंद्रीय बजट में भारत के सामने मौजूद वास्तविक संकटों से आंख मूंद ली गई। लोकसभा नेता विपक्ष राहुल गांधी के बयान के बाद बीजेपी के नेता और प्रवक्ता राहुल गांधी पर हमलावर दिख रहे हैं। बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने पोस्ट में लिखा, राहुल गांधी कहते हैं कि अर्थव्यवस्था खत्म हो गई है, लेकिन आईएमएफ और दुनिया के दिग्गज कारोबारी एलन मस्क राहुल गांधी की इस बात से सहमत नहीं हैं, मानिए कि पावर का बैलेंस भारत की तरफ बदल रहा है यहां तक कि पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम भी राहुल की बातों का समर्थन नहीं करते राहुल भारत को बदनाम करने वाली ब्रिगेड का हिस्सा हैं उन्हें भारत से नफरत है वह प्रोपेगेंडा के लीडर हैं। राहुल गांधी ने पोस्ट किया, 'युवाओं के पास नौकरी नहीं है, विनिर्माण गिर रहा है, निवेशक पूंजी निकाल रहे हैं, घरेलू बचत घट रही है, किसान संकट में हैं, आसन्न वैश्विक झटके, सभी को नजरअंदाज किया गया। उन्होंने दावा किया कि यह एक ऐसा बजट जिसमें चीजों को दुरुस्त करने के बजाय वास्तविक संकटों से आंख मूंद ली गई। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने रविवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए बजट पेश किया। उन्होंने घोषणा की कि पूंजीगत व्यय का लक्ष्य बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया जाएगा, जो चालू वित्त वर्ष के लिए 11.2 लाख करोड़ रुपये है। उन्होंने साथ ही देश में बुनियादी ढांचे को बढ़ावा देने के लिए कई उपायों की घोषणा की।

# मैनुअल सीवर सफाई से मौत पर 30 लाख मुआवजा अनिवार्य, सुप्रीम कोर्ट की दो टूक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मैनुअल सीवर सफाई और मैनुअल स्कैवेंजिंग (मैला ढोने) के दौरान होने वाली मौतों को लेकर एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया है कि ऐसे हर मामले में अक्टूबर 2023 में दिया गया उसका फैसला लागू होगा, जिसके तहत मृतक के परिजनों को 30 लाख रुपये का मुआवजा दिया जाना अनिवार्य है। कोर्ट ने यह भी साफ किया कि जिन मामलों में मुआवजा पहले ही तय होकर भुगतान किया जा चुका है, उन्हें दोबारा नहीं खोला जाएगा।

जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी. बी. वराले की पीठ ने 20 जनवरी को यह अहम स्पष्टीकरण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) की ओर से दाखिल एक आवेदन पर सुनवाई के दौरान दिया। नालसा ने कोर्ट को बताया था कि मैनुअल सीवर सफाई से मौत के मामलों में मुआवजे को लेकर अलग-अलग हाईकोर्ट ने भिन्न-भिन्न रुख अपनाया है, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है।

दरअसल, मद्रास हाईकोर्ट ने एक मामले में मृतक के परिजनों को 10 लाख रुपये मुआवजा



देने का आदेश दिया था, जबकि दिल्ली हाईकोर्ट ने समान प्रकृति के एक अन्य मामले में मुआवजा राशि बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी थी। इसी असमानता को दूर करने के लिए नालसा ने सुप्रीम कोर्ट से स्पष्ट दिशा-निर्देश देने की मांग की थी।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में दो टूक कहा कि अक्टूबर 2023 में दिया गया उसका फैसला सभी लंबित मामलों पर लागू होगा। गौरतलब है कि अक्टूबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने मैनुअल सीवर सफाई के दौरान मौत के मामलों में मुआवजा राशि को 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया था। कोर्ट ने इसे मानव गरिमा और संवैधानिक अधिकारों से जुड़ा गंभीर मुद्दा बताया था।

यह आदेश एक महिला की याचिका पर आया है, जो वर्ष 2022 में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान जान गंवाने वाले एक सीवर सफाईकर्मी की विधवा है। याचिकाकर्ता ने कोर्ट को बताया कि राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने अगस्त 2023 में मुआवजा देने का आदेश दिया था, लेकिन इसके बावजूद अब तक उन्हें कोई राशि नहीं मिली है।

#### फैसला नजीर बनेगा

सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मुआवजा 30 लाख रुपये देने का निर्देश देते हुए यह भी कहा कि यह फैसला न केवल इस याचिकाकर्ता के लिए, बल्कि भविष्य में आने वाले सभी समान मामलों के लिए एक नजीर बनेगा। अदालत ने दोहराया कि मैनुअल स्कैवेंजिंग एक अमानवीय प्रथा है और इसके पूर्ण उन्मूलन की जिम्मेदारी राज्य और संबंधित एजेंसियों की है।

# नवजोत कौर ने की पीएम मोदी की तारीफ, क्या सिद्धू परिवार की होगी घर वापसी?

**–पंजाब की जनता भोलीभाली है, जिन्हें सरकार स्वार्थ के चलते मूर्ख बनाती रहती है**

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी की पंजाब यात्रा के बाद कयासबाजी का दौर शुरू हो गया है कि क्या सिद्धू परिवार की घर वापसी होने जा रही है। पीएम मोदी की पंजाब यात्रा से एक दिन पहले कांग्रेस से नाता तोड़ने वालीं नवजोत कौर सिद्धू ने पीएम मोदी की तारीफ करते हुए उनका स्वागत किया। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा- पंजाब की जनता भोलीभाली है, जिन्हें हमारी सरकार अपने हितों और स्वार्थ के चलते मूर्ख बनाती रहती है। नवजोत कौर के इस पोस्ट से प्रदेश की सियासत गर्मा गई है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नवजोत कौर सिद्धू ने एक्स पर पोस्ट शेयर कर कहा कि जब हमारे देश के प्रमुख हमारे राज्य को कुछ देने आते हैं, तो सभी राजनीतिक चोर उनके घर वापसी कार्यक्रम में बाधा डालने के लिए एक



मंच पर क्यों इकट्ठा हो जाते हैं? हमें यह स्पष्ट समझना चाहिए कि उन्होंने वह पद और शक्ति अपने परिश्रम से अर्जित की है, ताकि वे हमारे राज्य को कुछ दे सकें। आभारी बनें। पंजाब के लोग भोले-भाले हैं और स्वार्थी सरकारें अपने हितों के चलते उन्हें हमेशा धोखा देती रही हैं। उन्होंने अपने परिवारों के लिए भारी संपत्ति बना ली है। पंजाब के लिए कुछ करना है नहीं। नवजोत कौर सिद्धू ने एक अन्य पोस्ट में लिखा- मैं संभवतः उन बहुत कम लोगों में से हूं, जिन्होंने किसी भी राजनीतिक कारण से न तो बीजेपी न आप और न ही किसी अन्य पार्टी के किसी नेता से मुलाकात की है और न ही किसी पार्टी ने मुझसे संपर्क किया है। मैं केवल वाहेगुरु के प्रति उत्तरदायी हूं और किसी और के प्रति नहीं। मैं सिर्फ पंजाब के लोगों की सेवा करना चाहती हूं, जिसे मैं एक एनजीओ बनाकर कर सकती हूं और गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं को समझकर और जीवित विकसित संतों के सान्निध्य में रहकर निस्वार्थ सेवा और आत्मा के विकास के बारे में थोड़ा सीखते हुए अपनी आत्मा के उत्कर्ष के लिए कार्य करना चाहती हूं। नवजोत कौर सिद्धू ने एक और पोस्ट में लिखा- पंजाब के मुख्यमंत्री, जब पीएम मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे और केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब उन्होंने तीन बार स्पष्ट बहुमत से जीत हासिल की, क्योंकि वे गुजरात के हर नागरिक के प्रति जवाबदेह रहे। मुख्यमंत्री जी आप पंजाब के लोगों के पैसे का इस्तेमाल शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि के लिए करने के बजाय अपने फायदे के लिए मुफ्त योजनाओं में नहीं कर सकते। आपने आपके खिलाफ बोलने वालों की आवाज दबा दी है। हर व्यक्ति का एक समय होता है और वाहेगुरु जी ही सभी के वास्तविक न्यायाधीश हैं।

# टीवीके चीफ विजय का दावा- डीएमके को हराने की ताकत सिर्फ उनके पास



**चेन्नई (एजेंसी)।** अभिनेता से नेता बने तमिलगा वेत्री कझगम (टीवीके) के प्रमुख विजय ने सत्तारूढ़ डीएमके पर सीधा हमला बोलते हुए कहा है कि तमिलनाडु में डीएमके को हराने की हिम्मत और ताकत सिर्फ उनकी पार्टी में ही है। उन्होंने दावा किया कि अन्याय, बुराई और भ्रष्टाचार की ताकतों को आने वाले विधानसभा चुनावों में टीवीके के चुनाव चिन्ह 'सीटी' की आवाज से ही तितर-बितर कर दिया जाएगा।

पनायूर स्थित पार्टी मुख्यालय में पार्टी की तीसरी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में विजय ने यह बयान दिया। इस मौके पर उन्होंने अंजलाई अम्मल, वेलु नाचियार, कामराज, पेरियार और डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्तियों पर पुष्पांजलि अर्पित की और पार्टी का झंडा फहराया। इसके बाद उन्होंने पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी विधानसभा चुनावों की रणनीति और हर विधानसभा क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों पर विस्तार से चर्चा की।

विजय ने अपने भाषण में एमजीआर का जिक्र करते हुए कहा कि जिस तरह कभी एमजीआर की राजनीति में एंट्री पर सवाल उठाए गए थे, ठीक उसी तरह आज उनकी आलोचना की जा रही है। उन्होंने कहा कि जून 1977 में एमजीआर ने रेडियो पर कहा था कि उन्हें यह सोचकर दुख होता है कि जिन कुर्सियों पर कभी अन्नादुरै बैठे थे, वहां अब ऐसे लोग बैठ गए हैं। विजय ने कहा कि आज 2017 और 2021 के बाद तमिलनाडु की स्थिति देखकर लोगों की आंखों में आंसू हैं, क्योंकि कामराज, अन्ना और एमजीआर जैसे नेताओं की जगह अब ऐसे लोग सत्ता में हैं, जो जनता की उम्मीदों पर खरे नहीं उतर रहे।

टीवीके प्रमुख ने कहा कि उनकी पार्टी लोगों के आंसू पोंछने और उन्हें न्याय दिलाने के लिए बनी है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष उनकी राजनीति में एंट्री को लेकर सवाल उठा रहा है और कह रहा है कि उनके पास अनुभव नहीं है। विजय ने कहा कि जब एमजीआर ने पार्टी बनाई थी, तब भी यही कहा गया था कि एक अभिनेता राजनीति में आ गया है, लेकिन तमिलनाडु की जनता ने चुनाव में उन्हें जिताकर जवाब दिया। तीन-तरफा और चार-तरफा मुकाबले पर बोलते हुए विजय ने कहा कि एक तरफ उनकी पार्टी एक बड़ी जनशक्ति के रूप में खड़ी है, दूसरी तरफ डीएमके के नेतृत्व वाला गठबंधन है और तीसरी तरफ भाजपा तथा अन्य दल हैं। उन्होंने दावा किया कि इस समीकरण में केवल टीवीके ही डीएमके को हराने की क्षमता रखती है। विपक्ष पर तंज कसते हुए विजय ने कहा कि वे बार-बार कहते हैं कि ÷विजय घर से बाहर आओ÷, लेकिन सच्चाई यह है कि विजय हर घर में है। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन हर घर का ÷विजय और विजी÷ सुबह-सुबह पोलिंग बूथ पर पहुंचेगा, तब सबको सच्चाई समझ में आ जाएगी।

# प्रदेश में बढ़ने जा रही हैं बालू और मौरंग की कीमतें, कैबिनेट के फैसले के बाद इतने बढ़ेंगे दाम

लखनऊ। प्रदेश सरकार ने मौरंग, बालू समेत निर्माण में उपयोग होने वाले उपखनिजों की रॉयल्टी और डेड रेंट दरों में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। कैबिनेट ने खनिज परिहार नियमावली में दूसरे संशोधन के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इसके बाद भवन निर्माण, सड़क निर्माण सहित अन्य विकास कार्यों की लागत बढ़ सकती है। खनन विभाग के मुताबिक नदी तल से प्राप्त मौरंग की न्यूनतम रॉयल्टी दर 150 रुपये प्रति घन मीटर से बढ़ाकर 190 रुपये प्रति घन मीटर कर दी गई है। पहाड़ों के क्षरण से मिलने वाली लाल मौरंग की दर 75 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये प्रति घन मीटर तय की गई है। साधारण बालू की रॉयल्टी में भी 15 रुपये प्रति घन मीटर का इजाफा किया गया है। सिलिका सैंड की रॉयल्टी 100 रुपये प्रति टन से बढ़ाकर 150 रुपये प्रति टन कर दी गई है। ग्रेनाइट पर भी दरें बढ़ाई गई हैं। एक मीटर या उससे अधिक आकार की ग्रेनाइट के लिए रॉयल्टी 5,000 रुपये से बढ़ाकर 6,000 रुपये प्रति घन मीटर तथा एक मीटर से कम आकार की ग्रेनाइट के लिए 3,000 रुपये से बढ़ाकर 4,500 रुपये प्रति घन मीटर कर दी गई है। चूना पत्थर को अब स्वामित्व शुल्क की सूची से बाहर कर दिया गया है। सरकार ने उपखनिजों के वार्षिक निश्चित न्यूनतम किराया (डेड रेंट) में भी बढ़ोतरी की है। मार्बल और मार्बल चिप्स के लिए डेड रेंट 40 हजार से बढ़ाकर 60 हजार रुपये, इमारती पत्थर–गिट्टी और नदी तल की मौरंग के लिए 90 हजार से बढ़ाकर 1.35 लाख रुपये कर दिया गया है। लाल मौरंग, साधारण बालू और साधारण मिट्टी के लिए भी डेड रेंट में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है। हालांकि खनन विभाग का कहना है कि प्रदेश में अधिकांश खदानें पहले से ही नीलामी के माध्यम से ऊंची दरों पर उठाई जा रही हैं, इसलिए इस बढ़ोतरी का तत्काल असर न तो बाजार कीमतों पर पड़ेगा और न ही राजस्व पर। कैबिनेट की मंजूरी के बाद नियमावली में संशोधन के औपचारिक आदेश सोमवार को जारी किए जाएंगे। यूपी कैबिनेट ने उपखनिजों की रॉयल्टी और सालाना डेड रेंट (न्यूनतम किराया) के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है जिससे शहरवासियों के लिए घर बनाना अब और महंगा हो जाएगा। मौरंग, ग्रेनाइट पत्थर से लेकर बालू और मिट्टी तक की रॉयल्टी और न्यूनतम किराया बढ़ने से यह महंगे होंगे। इससे पहले पिछले साल नवंबर में सीमेंट से जीएसटी घटाने से घर बनाना सस्ता हुआ था लेकिन नए प्रस्ताव की मंजूरी के बाद घर बनाना अब महंगा सौदा साबित होगा। बृहस्पतिवार को सीएम योगी की अध्यक्षता वाली कैबिनेट ने उपखनिजों के स्वामित्व की दरों और डेड रेंट यानि न्यूनतम निश्चित किराये में बढ़ोत्तरी के लिए उत्तर प्रदेश खनिज परिहार नियमावली 2021 में द्वितीय संशोधन के प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

# देश की एकता और संप्रभुता के लिए बलिदान देने में हमेशा अग्रणी रहा है पंजाब: मुख्यमंत्री मान

**प्रथम पृष्ठ का शेष**

उन्होंने आगे कहा, पवित्र शहर अमृतसर को सरब–सांझीवालता का प्रतीक माना जाता है और गुरुओं द्वारा बसायी यह धरती श्री हरिमंदिर साहिब, दुर्गियाना मंदिर, भगवान वाल्मीकि तीर्थ स्थल, जल्लियांवाला बाग और अन्य पवित्र स्थानों का घर है। उन्होंने कहा, पंजाब एक विरोधी देश के साथ 532 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा साझा करता है, फिर भी यह धर्मनिरपेक्षता, शांति और सद्भावना का पुंज बना हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा, भारत के सामाजिक–राजनीतिक और आर्थिक पहलुओं का अध्ययन करने के लिए पंजाब में एक सप्ताह का दौरा शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य राज्यों का दौरा करके उनके सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और धार्मिक पहलुओं को गहराई से जानने का अवसर प्रदान करना है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा कि इससे राज्य स्तर से गांव स्तर तक प्रशासन, शासन और कानून व्यवस्था को लागू करने की चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने में सुविधा मिलती है। उन्होंने कहा, प्रतिनिधिमंडल में कुल 16 अधिकारी हैं, जिनमें से विदेशी अधिकारियों की संख्या 31 प्रतिशत है, क्योंकि 16 अधिकारियों में से 5 विदेशों से संबंधित हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रतिनिधिमंडल में बांग्लादेश, मिस्र, इंडोनेशिया, मलेशिया और नेपाल से एक–एक अधिकारी शामिल हैं। उन्होंने आगे कहा, 11 भारतीय अधिकारी हैं, जिनमें सेना के पांच, नौसेना के दो, वायुसेना के दो, ए.एफ.एच.क्यू.सी.एस. का एक और डी.ओ.एल.आर.का एक अधिकारी शामिल है। मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने कहा, प्रतिनिधिमंडल में सेना, नौसेना और वायुसेना के ब्रिगेडियर या सचिव स्तर के अधिकारी तथा सिविल अधिकारी भी शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, आइएएस, आइपीएस, आइआरएस, आइएफएस, कोस्ट गार्ड और डीआरडीओ सहित कई सिविल अधिकारी इस महत्वपूर्ण कोर्स का हिस्सा हैं। उन्होंने आगे कहा, यह कोर्स भारत के बारे में ज्ञान, रणनीतिक रुझान, आर्थिक सुरक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वैश्विक मुद्दे, अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा पर्यावरण, प ?ोसी देशों के रणनीतिक पहलू और राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए रणनीतियां एवं ढांचे जैसे क्षेत्रों को कवर करता है। इस अवसर पर भगवंत सिंह मान ने दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों का सम्मान भी किया और कहा, मैं राज्य में उनकी अच्छी और आरामदायक ठहराव की कामना करता हूं।


**NAME CHANGE**

I, Sanjay Kumar Balyan S/o Banwari Singh R/o G-906 Neel Padam Kunj, opposite dabar bulding, sector-01, Vaishali, I.E. Sahibabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201010, have changed the name of my minor daughter Jaya Kumari aged 13 years and she shall hereafter be known as Reet Kumari.

**NAME CHANGE**

I Mohd Sahjad S/O Jabbar, R/O C-13/6, old Modi Colony, Modipuram, Modipuram, Meerut, Meerut, Uttar Pradesh - 250110, have change the name of my minor daughter Bibi Khusnadi aged 16 years and she shall hereafter be known as GULWASHI.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Shiv Kumar Sharma alias Shiv Kumar S/O Prakash Chand,R/O A-16, Avas Vikas Colony, Hapur, Sanjay Vihar meerut road, Hapur, Ghaziabad, Uttar Pradesh-245101,have change my name and shall hereafter be known as SHIV KUMAR.

**NAME CHANGE**

I, VIPUL KUMAR TANWAR S/O SHASHI KUMAR R/o WZ-485/12A, Basai Darapur, Ramesh Nagar, West Delhi, Delhi-110015 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as SHASHI KUMAR TANWAR and KIRAN KUMAR TANWAR in my 10th and 12th class educational certificates, BBA Degree and Passport No.Z4471047 and father'name written as SHASHI KUMAR TANWAR in my Driving License No.DL-1020110058218. The actual name of my father and my mother are SHASHI KUMAR and SHASHI KIRAN

**NAME CHANGE**

I Mohd Shakir Raza S/o Abdul Hafiz R/o R 11, New R Block, Anand Vihar, Uttam Nagar, Delhi 110059 have changed my name to MD Shakir Raza s/o Abdul Hafiz for all future purpose.

**Public Notice**

This is for general information that I, Mihir Saini, S/o Mahesh Kumar, R/o 69, Kushak Hiranki, Ali Pur, North West Delhi, Delhi-110036, hereby declare that my name is recorded as Mihir in my Delhi University graduation records. I hereby state that I have changed my name from Mihir to Mihir Saini, and my correct and actual name is Mihir Saini. I request that the same be corrected in all relevant records.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Firdaushi D/O Rehana Mistri, R/O H No-737, street no-11, harijan mohalla, Kapashera, PO: Gurgaon Road, DIST: South West Delhi, Delhi-110037, have change my name and shall hereafter be known as FIRDOSHI.

**NAME CHANGE**

I, SAMBHAJI, is legally father of JC No. 463214Y, Rank – Nb Sub, Name – SHINDE PRAKASH SAMBHAJI, presently residing at Vill – Hanmantwadi, Post – Hanmantwadi, Teh – Karveer, Dist – Kolhapur, State – Maharashtra – 416010, have changed my name from SAMBHAJI to SAMBHAJI SHAMRAO SHINDE and date of birth from 28/03/1957 to 17/12/1952 for all future purposes. Vide affidavit dated 02/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SARITA, is legally wife of JC No. 461510L, Rank – Sub, Name – PATIL SUNIL SITARAM, presently residing at Masud Gali, Vill – Walva Budruk, Post – Walva Budruk, Teh – Kolhapur, Dist – Kolhapur, Maharashtra – 416221, have changed my name from SARITA to SARITA SUNIL PATIL for all future purposes. Vide affidavit dated 02/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, SUREKHA, is legally mother of JC No. 463221P, Rank – Nb Sub, Name – ADHAV ANKUSH RAMCHANDRA, presently residing at Village – Tandulwadi,Post – Tandulwadi, Teh – Koregaon, Dist – Satara, State – Maharashtra, Pin – 415501, have changed my name from SUREKHA to SUREKHA RAMCHANDRA ADHAV and my date of birth from 02/07/1956 to 07/04/1958 for all future purposes. Vide affidavit dated 02/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, RAMCHANDRA, is legally father of JC No. 463221P, Rank – Nb Sub, Name – ADHAV ANKUSH RAMCHANDRA, presently residing at Village – Tandulwadi, Post – Tandulwadi, Teh – Koregaon, Dist – Satara, State – Maharashtra, Pin – 415501, have changed my name from RAMCHANDRA to RAMCHANDRA BABURAO ADHAV and my date of birth from 02/07/1951 to 02/06/1954 for all future purposes. Vide affidavit dated 02/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, KRISHAN KUMAR S/o LEKH RAJ R/o D 4/30, D BLOCK, DLF PHASE-1 CHAKARPUR GURGAON HARYANA-122002, I HAVE CHANGED MY NAME KRISHAN CHAWLA FOR ALL FUTURE PURPOSES

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Hitesh kumar S/o Ram Kumar R/o Tower No LT-26, flat No.101, Paras Tierea, Sector-137 , Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201304. have Changed my name and shall hereafter be known as Hetesh Kummar

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Nikita Singh D/o Krishan pal Singh W/o Hetesh Kummar R/o Tower No LT-26, flat No.101, Paras Tierea, Sector-137 , Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh-201304. have Changed my name and shall hereafter be known as Nikitaa Siingh.

**NAME CHANGE**

I Kajal W/O Anjiv kumar R/O M-83 Gandhi colony, Faridabad, PO Nit Faridabad , Haryana 121001 Changed my name to Anjali

**NAME CHANGE**

I Shireen D/O Yogender chauhan R/O A -108 Vasudev Nagar ,10 near Pratap nagar metro station , pratap nagar , sadar bazar Delhi - 110007 Changed my name to SHIREEN CHAUHAN

**NAME CHANGE**

I Wasim Raja S/O Tasleem Hussain Siddiqui R/O C-514 Friends circle apartment, Plot no .7 sector -12 Dwarka N.S.I.T New delhi -110078

**PUBLIC NOTICE**

Information is given to general public at large that our client Mr. Achal Kumar Singh S/o Mr. Mahinder Singh is the owner of Freehold Residential Property Bearing No. WZ- 513- D, area measuring 135 Sq. Yards, i.e. 112.88 Sq. Meters, out of Khasra No. 698 (Lal Dora), situated in the area of Village Basai Dara Pur, Delhi State Delhi- 110045. by virtue of Sale Certificate dated 26.09.2024 as Doc No. 2024/22/I/12785, in Book No. 1, Vol No. 29011, Pages 133-152, on this Dated 26.09.2024, S.R. West Basai Darapur, New Delhi., now our client is declaring that that any other Person does not have any right over the said property, and Built-up Second Floor without roof right area measuring 67.5 Sq. Yds. Sold too be Mrs. Pooja Kumari and same has been finance by IndusInd Bank Ltd. Branch: Mukherjee Nagar Delhi. If any person(s) have any objection(s) or claim(s) with respect to the` right, title or interest in the Said Property then contact us within 07 days from the date of Publication of this notice and or the same to the undersigned if found by anyone. Thereafter no claim shall be entertained

**[NAVEEN KUMAR VERMA]**
Advocate
F-211, Sector-3,
Vaishali, Ghaziabad,
Uttar Pradesh-201010
(Contact at 09958871432)

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that **Muthoot Homefin (India) Ltd.,** having its branch office at Gurgaon, Haryana intends to extend a financial facility Mr. Deena Nath against the Security of Residential Plot No. G-134, area measuring 50 Sq. Yds., i.e. 41.805 Sq. Mtrs., Out of Khasra No. 266, situated at Shyam Park Extension in the area of Village Haqikatpur alias Khudabans Pargana & Tehsil Loni & District Ghaziabad U.P. The Said Property was owned by Mrs. Poonam Sharma, vide Sale Deed, duly registered as Document No. 6395 on 10.04.2024, duly registered in Sub Registrar Loni, Ghaziabad executed by Mrs. Babita Kumari. It is hereby notified that the previous chain of Original Regd. GPA Dated 07.01.2020, executed by Mrs. Soni W/o Mr. Ram Kumar & Mr. Ram Kumar S/o Mr.Nanku Ram in favour of Mr. Pradeep S/o Mr. Chaman, duly registered as Document No. 249 on 07.01.2020 and Original Sale Deed Dated 12.03.2020, executed by Mr. Pradeep S/o Mr. Chaman in favour of Mr. Babita KumariW/o Mr. Sunil Kumar, duly registered as Document No. 3006 on 12.03.2020 in respect of the aforesaid Plot has been misplaced/lost and is untraceable. In this regard, a report has been lodged at Uttar Pradesh Police (E-Thana), vide LR No. 20260000072636/20260000072335, both dated 14.01.2026. Any person(s) having any claim, right, title, interest, lien, charge, or objection of whatsoever nature in respect of the said property or against the proposed mortgage in favour of Muthoot Homefin (India) Ltd. are hereby called upon to submit their objections in writing, along with documentary proof, within Three (3) days from the date of publication of this notice to **Adv. Rishi Maheshwari (Mobile: +91-9340118309).** Failing which, it shall be presumed that no claims or encumbrances exist, and the transaction shall proceed accordingly.

**Rishi Maheshwari (Advocate)**
Office At : RZ-29, Upper Ground Floor, Bhagwati Garden Jain Road, Near Dwarka More
New Delhi 110059.
Contact No- +91- 9340118309

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, ABSAR ALAM S/o ABDUR RASID MONDAL R/o 3180, 2nd Floor, Street No-2, Dispensery Wali Gali, Sangtarashan, Pahar Ganj, Swami Ram Tirth Nagar, Central Delhi, Delhi-110055, declare that name of my father has been wrongly written as ABDUL RASHEED MANDAL in my Passport No. N4612340 and ABDUL RASHID MONDAL in my Driving Licence No. DL-0620100021609. The actual name of my father is ABDUR RASID MONDAL, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, Devender Singh S/O Bhagwati Singh R/O H.no-J-220, 2nd Floor Swami dayanand colony malka ganj delhi 110007 changed my name to Davender Singh

**NAME CHANGE**

I, Priti Singh W/O Davender Singh R/O H.no-J-220, 2nd Floor Swami dayanand colony malka ganj delhi 110007 changed my name to Preeti Singh

**NAME CHANGE**

I, Asma Noor D/O Noor Hasan R/O G-20 DEE Flate Sheeshmahal, dariyaganj central delhi 110002 changed my name to Asma

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि मेरी मुवक्किला शेर बानो, पत्नी स्वर्गीय मोहम्मद इलियास, निवासी मकान संख्या B–599, क्र ब्लॉक, जे.जे. कॉलोनी हस्तात. डी. के. मोहन गार्डन, नई दिल्ली–110059, अपने पुत्र इमरान एवं पुत्रवधू तबस्सुम निशा को अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्तियों से पूर्णत: बेदखल अधिकार से वंचित करती हैं। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि मेरी मुवक्किला की पुत्रवधू का व्यवहार नियंत्रण से बाहर है तथा वे मेरी मुवक्किला को निरंतर परेशान कर रहे हैं। मेरी मुवक्किला ने उनसे अपने सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं। अत: कोई भी व्यक्ति यदि उपरोक्त व्यक्तियों से किसी प्रकार का लेन–देन करता है, तो वह ऐसा अपने स्वयं के जोखिम, खर्च एवं परिणामों पर करेगा।

**JAI SINGH YADAV Advocate**
Ch. No. 528, Lawyer's Chambar Block Dwarka Court Complex, New Delhi-110075

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform to the public at large that my client THE STATE BANK OF INDIA, SBI RACPC SEC-55, NOIDA, U.P. had granted a loan to Mr. Avdhesh Kumar Singh and Mrs. Abha Singh for purchase of a Flat No. 525, Tower No. Crema, 5th floor, in the complex known as MAHAGUN MODERNE , constructed upon plot no GH-02 , Sector -78 , Noida U.P. That from the custody of my client Original Tripartite SubLease Deed executed by NOIDA and M/s Mahagun Real Estate Pvt. Ltd. In favour of Mr. Avdhesh Kumar Singh and Mrs. Abha Singh having Regn No. 607, Book No.1, Vol No. 7153, on pages 343-406, dated 27.01.2016 for the above said property is misplaced/lost/untraceable. If anybody/person/entity misuses the aforesaid property documents, my client will hold the first exclusive right. The said property will not be accepted against the mortgage (except my client's claim) in any such cases. And no claim shall be accepted on the basis of the aforesaid documents

**RAHUL KUMAR GUPTA**
(ADVOCATE)
Off. 43B, Third Floor, Patparganj Village, Mayur Vihar, Phase-I, Delhi-1, M-NO- 7252922875

**NAME CHANGE**

I, SANJAY KUMAR PANDEYA S/O VASID PANDEY R/O FLOOR-304 PLOT NO-13-14, SHARMA COLONY, BUDH VIHAR PHASE-2, SULTANPURI, DELHI-110086. have changed my name to SANJAY PANDEY for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, NANTHINI G Wife of No-17032449P Rank-CFN Name-SATHYAKEERTHI P R/o 4/291, SEENIPALLAM, APPUKAL, KOTTAL, KONRAMPATTI, IRUMATHUR, DHARMAPURI, TAMIL NADU-635201, have changed my name from NANTHINI G to NANDHINI G for all future purposes vide Affidavit dated 02/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, SAMAN AMNA S/O MD NIYAZ AHMAD R/O A-48 Flat No-402 4th Floor, Shiv Mandir, Jasola Village, Jamia Nagar, PO: New Friends Colony, Dist: South Delhi, Delhi-110025 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as NIYAZ AHMED and NAUSHABA JABIN in my 10th and 12th Class Educational Documents. The actual name of my father and my mother are MD NIYAZ AHMAD and NAUSHABA JABEEN respectively, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I, SANTRA Mother of No.-14866070W, Rank-HAV/SKT, MANOJ KUMAR residing at VILL-PATUHERA, PO-SUTHANA, TEHSIL-BAWAL, DIST-REWARI, HARYANA-123501, have changed my name from SANTRA to SANTRA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 02/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**NAME CHANGE**

I, PAT RAM Father No.-14866070W, Rank-HAV/SKT, MANOJ KUMAR residing at VILL-PATUHERA, PO-SUTHANA, TEHSIL-BAWAL, DIST-REWARI, HARYANA-123501 have changed my name PAT RAM to PATRAM for all future purposes vide Affidavit Dated 02/02/2026 before Notary Public, Delhi.

**PUBLIC NOTICE**

It is for general information that I Narendra Tiwari S/O Dudh Nath Tiwari, R/O A -130 DDA FLATS, NEAR HANUMAN MANDIR, Kalka Ji, Kalkaji, South Delhi, Delhi, 110019, declare that name of mine has been wrongly written as Narender in my minor son namely Shivank Tiwari aged 13 years in his school records. The actual name of mine is NARENDRA TIWARI, respectively which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, प्राची सिंह पुत्री श्री जसवंत सिंह, निवासी खसरा नंबर 17/22/23 और 20/3/3, गली नंबर 10, सैनिक स्कूल के पास, कुतुब विहार, फेज 1, गोयला डेयरी, गोयला खुर्द, दक्षिण पश्चिम दिल्ली, दिल्ली - 110071, यह घोषणा करती हूँ कि मेरा नाम 10वीं और 12वीं की मार्कशीट सर्टिफिकेट में गलती से प्राची लिखा हुआ है, लेकिन मेरे आधार कार्ड और सभी डॉक्यूमेंट्स में मेरा नाम प्राची सिंह है। और दोनों नाम प्राची और प्राची सिंह एक ही व्यक्ति के हैं।

**सूचना**

सार्वजनिक जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री शांति सरूप भारद्वाज पुत्र श्री कनहैया लाल, आयु लगभग 80 वर्ष, निवासी मकान संख्या WZ–749/284, फ्रंट पोर्शन, बढ़यिाल मोहल्ला, पालम गांव, दक्षिण–पश्चिम दिल्ली–110045 हैं। यह सभी संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल ने अपने सभी संबंधों से तथा विशेष रूप से कुख्यात प्रमोद कुमार भारद्वाज के पुत्र श्री सन्ती सरूप भारद्वाज, श्रीमती सीमा भारद्वाज पत्नी प्रमोद कुमार भारद्वाज एवं उनके बच्चों शुभम भारद्वाज को अपनी चल एवं अचल संपत्ति से पूर्णत: बेदखल (अस्वीकार दूर) कर दिया है। उक्त व्यक्ति मेरे मुवक्किल की कोई बात नहीं मानते, प्रतिदिन उनके घर में जबरन प्रवेश करते हैं, मारपीट करते हैं तथा उनके नियंत्रण से बाहर हैं। अत: जो भी व्यक्ति उक्त व्यक्तियों से किसी भी प्रकार का लेन–देन करेगा, वह अपने स्वयं के खर्च, जोखिम एवं जिम्मेदारी पर करेगा। मेरे मुवक्किल उक्त व्यक्तियों द्वारा किए गए किसी भी प्रकार के झगड़े, आपराधिक दीवानी वाद या अन्य किसी कृत्य के लिए अथवा उनके द्वारा लिए गए किसी भी ऋण के लिए किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होंगे।

**कमल सिंह अधिवक्ता**
CHAMBER NO. 628, 6th Floor Lawyer's Chamber Block, Dwarka District Court, Sec-10, New Delhi-75

**NAME CHANGE**

It is for general information that I HIFZUR REHMAN KHAN S/O AZIZUR REHMAN KHAN R/O H.No. E -11, Second Floor Left Side, Jaitpur EXTN Part - II, Badarpur , PO : Badarpur, Distt. South East Delhi, Delhi - 110044 declare that the name of mine and my Father has been wrongly written as HIFJUR REHMAN and AZIJUR REHMAN in my Voter ID No. GVC0827717. The actual name of mine and my Father are HIFZUR REHMAN KHAN and AZIZUR REHMAN KHAN , Which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I SHANKAR SONI S/o RAM SARUP SONI R/o D - 3/148 , Ratia Marg , Near Lord Krishna Public School , Sangam Vihar , Tigri , PO : Tigri , Dist : South Delhi , Delhi , 110062 declare that the name of mine and my minor daughter has been wrongly written as SHANKAR and DIYARA in my minor daughter namely PRISHA SONI aged 5 years in her Aadhar No. 8420 4093 8977 . The actual name of mine and my minor daughter are SHANKAR SONI and PRISHA SONI Which may be amended accordingly.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्री हिमांशु शर्मा एवं श्रीमती शालू बेन्सला, संपत्ति संख्या P–16A, तृतीय तल (छत अधिकार सहित), क्षेत्रफल 100 वर्ग गज, खसरा संख्या 91 में से, जो ग्राम बिंदापुर तथा क्र-ब्लॉक, विजय विहार, उत्तम नगर, नई दिल्ली की आबादी में स्थित है, को श्री नंदन सिंह रावत एवं श्री परवीन सिंह रावत से क्रय करना चाहते हैं। उक्त संपत्ति की मूल स्वामिनी श्रीमती परसानी देवी थीं, जिन्होंने यह संपत्ति श्रीमती परसानी देवी एवं श्री राम मेहर से बिक्री विलेख दिनांक 29.09.1969 द्वारा क्रय की थी। इसके पश्चात श्रीमती परसानी देवी ने उक्त संपत्ति को नोटराइज्ड सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (GPA), अनुबंध विक्रय (ATS) एवं वसीयत दिनांक 18.11.1972 के माध्यम से श्री राज कुमार को हस्तांतरित किया। इसके बाद श्री राज कुमार ने उक्त संपत्ति को बिक्री विलेख दिनांक 16.11.1987 के माध्यम से श्री चंदर शेखर शर्मा को विक्रय किया। श्री चंदर शेखर शर्मा ने उक्त संपत्ति को नोटराइज्ड GPA, ATS एवं वसीयत दिनांक 17.11.1987 द्वारा श्री राकेश कुमार को हस्तांतरित किया। श्री राकेश कुमार ने उक्त संपत्ति को नोटराइज्ड GPA, ATS एवं वसीयत दिनांक 01.06.1988 द्वारा श्री सुनील दत्त झिंगन को हस्तांतरित किया। तत्पश्चात श्री सुनील दत्त झिंगन ने उक्त संपत्ति को नोटराइज्ड GPA, ATS एवं वसीयत दिनांक 10.03.1995 द्वारा श्री सुजन सिंह रावत को हस्तांतरित किया। दुर्भाग्यवश श्री सुजन सिंह रावत का निधन हो गया तथा उनकी पत्नी श्रीमती धर्मा देवी का भी निधन हो गया। उनके पश्चात उनके निम्नलिखित विधिक उत्तराधिकारी शेष रहे- श्रीमती राधा बिष्ट (पुत्री), श्रीमती मालती रावत (पुत्री), श्री नंदन सिंह रावत (पुत्र) एवं श्री परवीन सिंह रावत (पुत्र)। श्रीमती राधा बिष्ट एवं श्रीमती मालती रावत ने अपने–अपने हिस्से को परित्याग विलेख (Relinquishment Deed) दिनांक 18.08.2016 के माध्यम से श्री नंदन सिंह रावत एवं श्री परवीन सिंह रावत के पक्ष में त्याग दिया। परिणामस्वरूप, श्री नंदन सिंह रावत एवं श्री परवीन सिंह रावत उक्त संपत्ति के पूर्ण एवं वैध स्वामी हैं। कृपया ध्यान दें कि उक्त संपत्ति का वित्तपोषण Grihum Housing Finance Limited, लक्ष्मी नगर शाखा, नई दिल्ली द्वारा वित्तपोषित (financed) द्वारा किया जा रहा है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई-मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ] अधिवक्ता**
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल-
kumarw®wvashwani@gmail.com

**NAME CHANGE**

I, RAM BALI MAHTO S/O SHIVNARAYAN MAHTO R/O C-313, BHARAT VIHAR, KAKROLA, SOUTH WEST DELHI, DELHI-110078, have changed the name of my minor son KALI CHARAN aged 15 years and he shall hereafter be known as RAM KUMAR MAHTO.

**NAME CHANGE**

I, Mohammad Shafiq Siddiqi & Mohd Shafique Siddiqi, C/o Mohammad Siddiq R/o A-37, second floor, DDA colony, New Zafrabad, Delhi-110032, have change my name Mohammad Shafique Siddiqi for all future purpose.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I, Insaf Ul Haq S/o Ahsanul Haq R/o Naraura Post, Palhepur, Naraura, Palhepur, Kanpur Nagar, Uttar Pradesh-209401, declare that name of my father has been wrongly written as Ahsan Ul Haq in my all Educational Documents, PAN Number BEOPH5923J, Voter ID Card III2182384 and Driving Licence UP7820180035491. The actual name of my father is Ahsanul Haq, which may be amended accordingly.

**NAME CHANGE**

I Anupama Anupama W/o Ajay Kumar Valmiki R/o Near Hanuman Mandir, Bajrang Vali Ward, Lohaghat Range, PO- Lohaghat, Dist- Champawat, Uttarakhand - 262524, have changed my name to Anupama Devi

**NAME CHANGE**

I, Rupa Devi W/O Har Singh Rawat R/O E-531, Sudhir Enclave, Ram Park Ext, Haqiqatpur Urf Khudawas, PO: Loni, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201102, have changed my name and shall hereafter be known as Rupa

**NAME CHANGE**

I, HEENA W/o Sachin Kumar R/o G-48/49, Flat No.401, Mohan Garden, Uttam Nagar, Delhi-110059, have changed my name to HEENA TYAGI permanently

**NAME CHANGE**

I Ramesh Kumar Babbar S/o Jiwan Dass Babbar, residing at Flat no. 2402, Tower 19, Ansal Royal heritage society, IMT, Sector 70, Faridabad 121004 have changed my name to Ramesh Babbar for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I MOHD YUSUF S/O HAKIMUDDIN R/O VILLAGE, CHIRAURI, GHAZIABAD, UTTAR PRADESH-201102 HAVE CHANGE MY NAME TO YUSUF FOR ALL PURPOSE

**NAME CHANGE**

I, NIRMALA, is legally mother of Army No. 2807662Y, Rank – Hav, Name – KHAIRNAR DIPAK WANJI, presently residing at Village – Kotbel, Post – Kotbel, Teh – Satana, Dist – Nashik, State – Maharashtra, Pin – 423301, have changed my name from NIRMALA to NIRMALA WANJI KHAIRNAR for all future purposes. Vide affidavit dated 02/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I, WANJI, is legally father of Army No. 2807662Y, Rank – Hav, Name – KHAIRNAR DIPAK WANJI, presently residing at Village – Kotbel, Post – Kotbel, Teh – Satana, Dist – Nashik, State – Maharashtra, Pin – 423301, have changed my name from WANJI to WANJI DADAJI KHAIRNAR and my date of birth from 05/12/1967 to 01/06/1960 for all future purposes. Vide affidavit dated 02/02/2026 before Public Notary Delhi.

**NAME CHANGE**

I SATVIKA, Daughter of GP CAPT VATSAL KUMAR SINGH Residing at FLAT NO-526, AFNOE, PLOT NO-11, SECTOR-7, DWARKA, NEW DELHI-110075, have changed my Name from SATVIKA to SATVIKA SINGH vide Affidavit Dated 31/01/2026 at Dwarka Court, New Delhi.

**NAME CHANGE**

I, ANJANA GUSAIN, D/o. DALIP SINGH, R/o. RZK-81, F/F, KH NO-61/15/4, GALI NO-6A, PURAN NAGAR, PALAM COLONY, NEW DELHI-110077, have changed my name from ANJANA GUSAIN to ANJANA KANDARI for all future purpose.

**NAME CHANGE**

It is for general information that I MOHD SAIF S/O MAHMOOD ALI R/O H.NO-1060, Gali No-18, E-2 Block, Nehru Vihar, Dayalpur, North East Delhi, Delhi-110094 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as MAHMUD ALI and RUKIYA BEGUM in my passport no-V6872912 and all educational documents. The actual name of my father and my mother are MAHMOOD ALI and RUKYYA BEGAM respectively which may be amended accordingly

**NAME CHANGE**

I, Mohit Goel S/o Dhanprakash Goel R/o 25, Sector - 4, Rajnagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201002 have changed the name of my Minor Daughter Gauri Goel aged 17 years and she shall hereafter be known as Salvika

**NAME CHANGE**

I, Mohit Goel S/o Dhanprakash Goel R/o 25, Sector - 4, Rajnagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201002 have changed the name of my Minor Daughter Navya Goel aged 7 years and she shall hereafter be known as Yathvika Goel

**NAME CHANGE**

I SUNIL S/O PRABHU NATH R/O HOUSE NO 401 GALI NO 4 PADAM NAGAR TIGAON ROAD OLD FARIDABAD KHERI KALAN 113 HARYANA 121002 HAVE CHANGED MY NAME TO SUNIL CHAUHAN

**NAME CHANGE**

I, KIRESHMATI DEVI W/o Mukhi Ram Singh R/o B-37-40, Gharoli Dairy Farm, Delhi-110096, have changed my name from KIRESHMATI DEVI to KRESHWATI PERMANENTLY.

**NAME CHANGE**

I Girish Kumar Bansal S/o ram kanwar bansal, 22/108 gandhi nagar kath mandi,sonipat 131001 have changed my name to girish kumar all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, PARVINDER SINGH SANDHU S/O HARJENDER SINGH SANDHU R/O A-42, KHASRA NO-584, 1ST FLOOR, RIGHT SIDE, KRISHNA PARK, DEVLI ROAD, KHANPUR, SOUTH DELHI, DELHI-110062 have changed my name from PARVINDER SINGH to PARVINDER SINGH SANDHU for all future purposes.

**NAME CHANGE**

I KIRAN PAL SINGH SOLANKI S/O SURAJ PAL SINGH R/O VILLA NO-83, GROUND FLOOR. BLOCK-1, CHARMWOOD VILLAGE EROS GARDEN, HARYANA-121009. HAVE CHANGED MY NAME TO KIRAN PAL SINGH FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**NAME CHANGE**

I BALA SOLANKI W/O KIRAN PAL SINGH R/O VILLA NO-83, GROUND FLOOR. BLOCK-1, CHARMWOOD VILLAGE EROS GARDEN, HARYANA-121009. HAVE CHANGED MY NAME TO BALA DEVI FOR ALL FUTURE PURPOSE.

**PUBLIC NOTICE**

Notice is hereby given to the general public that **PNB Housing Finance Ltd.,** having a branch at Uttam Nagar, New Delhi, proposes to extend a loan facility to Mr. Sonu Kumar, against the security of Double storey of Built-up Property bearing No.11-A/2 New No. D-52, area measuring 25 Sq. Yds., Out of Khasra no. 113/13, situated in the area of Village Palam, Delhi State Delhi, colony known as Mahavir Enclave part-II & III, now presently colony known as Gali No.49, Mahavir Enclave Part-3, New Delhi110059. The said property was originally owned by Mr. Tanaji Bhimrao Kaknale, by virtue of Notarized General Power of Attorney dated 27.11.2025, Notarized Agreement to Sell and Purchase dated 27.11.2025 and Deed of Will dated 27.11.2025, executed by Mr. Ram Kumar. Any person(s), having any claim, objection, right, title, interest, share, lien or dispute whatsoever in respect of the said property or the proposed financial facility are hereby required to submit their objections in writing, along with supporting documentary evidence, to the undersigned within 7 days from the date of publication of this notice to **Adv. Rishi Maheshwari (Mobile: +91-9340118309).** In case no objection is received within the stipulated period, it shall be presumed that there is no claim or objection from any person, and PNB Housing Finance Ltd. shall proceed with the proposed financial facility at its own risk and responsibility, without any further reference.

**Rishi Maheshwari (Advocate)**
Office At : RZ-29, Upper Ground Floor, Bhagwati Garden Jain Road, Near Dwarka More
New Delhi 110059.
Contact No- +91- 9340118309

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform the general public that Mr. Narendra Singh Alias Narender Singh, son of Ummed Singh, resident of L-1/1198 Gali No.24 Near Asthal Mandir, Sangam Vihar Deoli, South Delhi-110062 expired on 27/04/2021 at Uttar Pradesh. He has left behind the following surviving legal.heirs:

1. Mr. Ummed Singh - Father
2. Mrs. Kamla Devi Mother
3. Mrs. Gudia Devi - Wife
4. Mr. Sandeep Parihar - Son
5. Mr. Vishnu Parihar - Son
6. Ms. Tanu - Daughter

All persons having any claim, objection, or interest in respect of the estate, property, assets, or liabilities of the deceased are hereby called upon to submit their claims in writing along with supporting documents within 15 days from the date of publication of this notice. If no claim or objection is received within the stipulated period, it shall be presumed that there is no objection, and the surviving members shall be free to deal with the estate of the deceased in accordance with law.

**KULDEEP SINGH**
ADVOCATE
Ch. No. 536, Lawyer's Block Saket Court, New Delhi-110017

**NAME CHANGE**

I Ku. Surbhi D/o Charan Singh R/o house No-169, bard no-5, near shiv mandir, bagh ranap, Loni Dehat, PO: Loni, DIST: Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201102 hereby undertake that I Ku. Surbhi want to change my gender as Male.

I Ku. Surbhi henceforth be known as Shubh S/O Charan Singh The above statement made by me is true & correct to the best of my knowledge and belief. If any legal issue arises in this regard at any stage, I will be personally responsible for the same and, the Department of Publication will not be liable for any consequences arising therefrom.

**NAME CHANGE**

I hitherto known as Jaya Rawal W/o Mukesh Rawal R/o House No-184, Mohalla-Brhampuri, Dadri, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-203207 have changed my name and shall hereafter be known as Rashi Rawal.

**NAME CHANGE**

I, GAURAV CHAUHAN S/o UDAYVEER CHAUHAN R/o House No-135, Vill-Chhalera, Street No-3, Sector-44, Noida, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201301, have changed the name of my minor Daughter AARIKA CHAUHAN aged 03 Years and she shall hereafter be known as QABIRA CHAUHAN.

**NAME CHANGE**

I, RAHMAT BI D/o CHHUNNAN KHAN R/o 30, RAMA KHILONA GALI , VAMANPURI, PURANPUR, POORANPUR PILIBHIT, UTTAR PRADESH-262122, have changed my name and shall hereafter be known as KHUSHBOO. I have changed only my name not my religion.

**NAME CHANGE**

I, Mahboob Hassan S/o Manzoor Hassan, R/o 1125, 18/4, E 2, Chand Masjid, Nehru Vihar, Mustafabad, North East Delhi, Delhi - 110094 have changed my name and shall hereafter be known as Mahtab Hassan

**NAME CHANGE**

I, MOHD AMIR S/o MOHAMMAD YAMEEN R/o 8737 14/B EAST PARK ROAD SHIDI PURA FILMISTAN CINEMA KAROL BAGH DELHI 110005 have changed my name to MOHAMMAD AMIR for all future Purposes.

**NAME CHANGE**

I, Noor Hasan s/o Mohd Hameed Ansari R/o 1418, Street No.18/3, E-2 Block, Nehru Vihar, Delhi-110094 have changed my name to Noor Hasan Ansari for all future purposes

**NAME CHANGE**

I GAJRAJ SINGH S/O KHAJAN SINGH R/O H.NO-193, GALI NO-3, VILLAGE SALARPUR Gautam Budh Nagar Uttar Pradesh-201304 HAVE CHANGE MY NAME TO GAJRAJ FOR ALL PURPOSE.

**NAME CHANGE**

I PUSHPA THAPLIYAL w/o VINOD PANT R/O. 80 A, S/F, KH NO-367, Block-B , SUBHASH PARK Extn., UTTAM NAGAR , NEW DELHI-110059 changed my name to PUSHPA PANT for all future purpose.

**NAME CHANGE**

I, Mohammad Imran S/O. Abdul Rehman R/O. H.N-900, Gali No-9, Old Mustafabad Delhi-110094 have changed my name to Imran for all future purposes.

**सार्वजनिक सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि श्रीमती माया नेगी एवं श्रीमती प्रभा नेगी, द्वितीय तल (सेकेंड फ्लोर) को छत/टेरेस अधिकारों सहित, जिसका निर्मित क्षेत्रफल 90 वर्ग मीटर है, प्लॉट संख्या शक्ति खंड–IV/204 पर निर्मित, कुल क्षेत्रफल 111.63 वर्ग मीटर, जो कि इंदिरापुरम, गाजियाबाद, तहसील एवं जिला गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है, को श्री विपुल सेठ एवं श्रीमती मधु सेठ से क्रय करने का इरादा रखती हैं। उक्त संपत्ति मूल रूप से गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (GD) द्वारा श्री सुनील कुमार को आवंटित की गई थी, जिनके पक्ष में आवंटन पत्र, कब्जा प्रमाण पत्र तथा दिनांक 26.03.1999 का विधिवत पंजीकृत विक्रय विलेख निष्पादित किया गया था। तत्पश्चात श्री सुनील कुमार ने दिनांक 28.05.2001 को पंजीकृत सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी (GPA), विशेष पावर ऑफ अटॉर्नी (SPA), एग्रीमेंट टू सेल (ATS) एवं वसीयत के माध्यम से अपने अधिकार श्रीमती रेखा शर्मा के पक्ष में हस्तांतरित किए। इसके पश्चात श्रीमती रेखा शर्मा ने दिनांक 09.01.2002 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से अपने अधिकार श्रीमती शकुंतला देवी के पक्ष में हस्तांतरित किए। आगे चलकर श्रीमती शकुंतला देवी ने दिनांक 21.02.2004 को GPA, ATS एवं वसीयत के माध्यम से अपने अधिकार श्री इंदरपाल सिंह के पक्ष में हस्तांतरित किए, जिन्होंने दिनांक 10.11.2004 को पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा उक्त संपत्ति को एम/एस रीओटेक कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. के पक्ष में विक्रय कर दिया। एम/एस रीओटेक कंस्ट्रक्शन प्रा. लि. ने दिनांक 09.06.2005 के पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा उक्त संपत्ति के संबंधित तल को श्री जितेंद्र पाल सिंह एवं सरदार सुखदेव सिंह के पक्ष में विक्रय किया। तत्पश्चात उक्त तल को दिनांक 22.12.2011 के पंजीकृत विक्रय विलेख द्वारा श्री विपुल सेठ एवं श्रीमती मधु सेठ के पक्ष में विक्रय किया गया। अंतत: श्री विपुल सेठ एवं श्रीमती मधु सेठ ने दिनांक 11.09.2025 को एक प्रत्यावर्तनीय सामान्य पावर ऑफ अटॉर्नी श्रीमती आशा सेठ के पक्ष में निष्पादित की, जो कि संयुक्त राज्य अमेरिका के कोलोराडो राज्य में मुद्रांकित है। कृपया ध्यान दें कि संपत्ति से संबंधित मूल चेन दस्तावेज, विशेष रूप से विक्रय विलेख (दस्तावेज संख्या 12350, पुस्तक संख्या 1, खंड संख्या 5656, पृष्ठ संख्या 289-344, पंजीकरण दिनांक 09.06.2005) गुम हो गए हैं। अत: उक्त मूल दस्तावेज वर्तमान में उपलब्ध नहीं हैं। उपर्युक्त दस्तावेजों के गुम होने के संबंध में दिनांक 26.01.2026 को एक ऑनलाइन एफआईआर (लॉस्ट रिपोर्ट संख्या 20260000109951) दर्ज कराई गई है। कृपया यह भी अवगत रहे कि उक्त संपत्ति को आरबीएल बैंक लिमिटेड (RBL BANK LTD) गाजियाबाद शाखा, उत्तर प्रदेश द्वारा वित्तपोषित किए जाने का प्रस्ताव है। यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त संपत्ति के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो कृपया इस सूचना की तिथि से 07 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें। उक्त आपत्ति नीचे दिए गए पते पर पंजीकृत डाक के माध्यम से एवं ई–मेल द्वारा अधोहस्ताक्षरी को भेजी जा सकती है। यदि निर्दिष्ट अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होती है, तो उक्त संपत्ति के संबंध में कोई भी दावा अमान्य और निष्प्रभावी माना जाएगा।

**[ अश्वनी कुमार ] अधिवक्ता**
चेंबर संख्या 122, तहसील परिसर,
गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश
ईमेल-
kumarw®wvashwani@gmail.com

**सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री शैलेंद्र सैनी दुकान संख्या एबी–01, क्षेत्रफल 18 वर्ग मीटर, ब्लॉक बी, सेक्टर–16, नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, 201301 के मुटेटी हैं। प्रारंभ में, नोएडा ने उक्त संपत्ति श्री चरण जीत को आवंटित की थी। बाद में, दिनांक 15.07.1993 को नोएडा द्वारा श्री चरण जीत के पक्ष में उक्त संपत्ति के संबंध में पट्टा विलेख निष्पादित किया गया (दस्तावेज संख्या 951 और मुस्ततिल संख्या 952)। जिन्होंने दिनांक 29.08.2000 को उक्त संपत्ति के संबंध में श्री श्याम सुंदर के पक्ष में हस्तांतरण विलेख निष्पादित किया (दस्तावेज संख्या 1680, मुस्ततिल संख्या 1681)। बाद में, जिनका 30.01.2001 को निधन हो गया, नोएडा ने उक्त संपत्ति को श्री शैलेंद्र सैनी के नाम पर म्यूटेट कर दिया। शैलेंद्र सैनी ने दिनांक 24.09.2001 के जीपीए के माध्यम से अपनी माता श्रीमती बिंदु सैनी, स्वर्गीय श्री श्याम सुंदर सैनी की पत्नी के पक्ष में दुकान संख्या ए.बी.–1, भूतल के संबंध में दिनांक 01.11.2021 को पंजीकृत जीपीए निष्पादित किया, जो दस्तावेज़ संख्या 1036 के रूप में विधिवत पंजीकृत है। अब (1) श्री शैलेंद्र सैनी, श्री श्याम सुंदर सैनी के पुत्र, अपने जीपीए धारक श्रीमती बिंदु सैनी, स्वर्गीय श्री श्याम सुंदर सैनी की पत्नी के माध्यम से (विक्रेता), (2) श्रीमती बिंदु सैनी, स्वर्गीय श्री श्याम सुंदर सैनी की पत्नी और स्वर्गीय श्याम सुंदर के अन्य कानूनी वारिस (पुष्टि करने वाले विक्रेता) उक्त संपत्ति को श्री सरवर अली, श्री शब्बीर हुसैन के पुत्र को बेचना चाहते हैं, जो अपनी वास्तविक आवश्यकताओं के लिए उक्त अचल संपत्ति को एल एंड टी फाइनेंस लिमिटेड के पास गिरवी रखना चाहते हैं। उक्त बिक्री और गिरवी पर किसी को भी कोई आपत्ति हो या संपत्ति में किसी का कोई दावा, अधिकार या हित हो, तो उसे 7 दिनों के भीतर आपत्ति के साथ अधोहस्ताक्षरी से संपर्क करना चाहिए; अन्यथा यह मान लिया जाएगा कि कोई आपत्ति नहीं है।

**नई दिल्ली**
**दिनांक: 02/02/2026**

**प्रज्ञाभूषण वकील**
Enrl No. D/721/02
**कार्यालय:एन–204, निचला भूतल, जी.के.–I, नई दिल्ली**
9968006418


## अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 CrPC देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अखलाक माली उर्फ गुड्डू पुत्र मोहम्मद यासीन निवासी मकान नंबर 234, गली नंबर 7/8, गुलाब वाटिका, लोनी, गाजियाबाद, यूपी** ने **FIR No. 80102363/25, U/S 303(2)/3(5) BNS, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अखलाक माली उर्फ गुड्डू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अखलाक माली उर्फ गुड्डू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट के तामील से बचने के लिये अपने आपको छिपा रहा है)।

अतः इसके द्वारा उदघोषणा की जाती है कि **FIR No. 80102363/25, U/S 303(2)/3(5) BNS, अन्तर्गत थाना कोतवाली, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अखलाक माली उर्फ गुड्डू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.03.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार,
**सुश्री सायशा चड्ढा**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–08 (केंद्रीय)**
**केंद्रीय जिला, कमरा नं. 272**
**तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली**

**DP/1130/N/2026(Court Matter)**


**कौमी पत्रिका**

**संपादक–गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए–4/ए–144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
**मोबाइल नंबर** : 9312262300

**E - mail address :**
qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

## बजट में स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचाने की प्रतिबद्धता : आरती सिंह राव

एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने केंद्रीय बजट 2026-27 को विकसित भारत की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया है। उन्होंने विशेष रूप से स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए की गई घोषणाओं की सराहना करते हुए कहा कि बजट में 10 विषयों में संबद्ध स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए नए संस्थानों की स्थापना और एक लाख 50 हजार बहुकुशल देखभाल कर्ताओं को प्रशिक्षित करने का लक्ष्य सराहनीय है।उन्होंने उत्तर भारत में निमहंस-2 (राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य और तंत्रिका विज्ञान संस्थान) की स्थापना और जिला अस्पतालों में आपातकालीन व ट्रॉमा केयर सुविधाओं के विस्तार के निर्णय का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आयुष क्षेत्र में तीन नए अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थानों का उन्नयन भारत को वैश्विक चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बनाएगा। यह बजट न केवल स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करेगा, बल्कि समावेशी विकास के संकल्प को भी सिद्ध करेगा। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा राष्ट्रीय डिजिटल स्वास्थ्य पारिस्थितिकी तंत्र को और अधिक विस्तार देना स्वास्थ्य सेवाओं को घर-घर पहुंचाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। उन्होंने बजट में पोषक भारत और मिशन इन्द्रधनुष के सुदृढ़ीकरण के बारे में कहा कि इससे हरियाणा के ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में और कमी आएगी। इसके अलावा, दवाओं के कच्चे माल के स्थानीय उत्पादन के लिए दी गई रियायतों से जीवन रक्षक दवाएं सस्ती होंगी, जिसका सीधा लाभ आम आदमी को मिलेगा।

## राखी गढ़ी में जीवंत होगी सिंधु-सरस्वती सभ्यता, 500 करोड़ रुपये होंगे खर्च : डॉ. अरविंद शर्मा

**हिसार।** राज्य के सहकारिता, कारागार, निर्वाचन, विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विरासत संजोने के संकल्प को धरातल पर लाने की दिशा में देश में 15 पुरातात्विक स्थलों में राखीगढ़ी को शामिल करने की आम बजट में घोषणा होने पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि राखीगढ़ी में सिंधु-सरस्वती सभ्यता को जीवंत रूप देने के लिए केंद्र सरकार द्वारा 500 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि ऐतिहासिक महानगर राखीगढ़ी के टीलों पर होने वाले व्यापक उत्खनन से इस प्राचीन सभ्यता से जुड़े कई पुष्ट और वैज्ञानिक तथ्य सामने आएंगे, जिससे भारत के गौरवशाली अतीत को नई पहचान मिलेगी। केंद्रीय आम बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विरासत व पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि राखीगढ़ी विश्व की सबसे प्राचीन और विकसित सभ्यताओं में से एक का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। आम बजट में राखीगढ़ी को देश की 15 पुरातात्विक स्थलों में शामिल किए जाने से इसके विकास को गति मिलने जा रही है। यहां नियोजित उत्खनन और शोध कार्यों से न केवल इतिहास के कई अनछुए पहलू उजागर होंगे, बल्कि भारत की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक मंच पर मजबूती मिलेगी।

## कैथल में 2500 प्रतिबंधित नशीली गोलियां सप्लाई करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** कैथल पुलिस ने 2500 प्रतिबंधित नशीली गोलियां सप्लाई करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान गांव बेलड़ा, जिला मुजफ्फरनगर (उत्तर प्रदेश) निवासी राहुल और हिमांशु के रूप में हुई है। दोनों ने ये गोलियां कैथल के एक युवक को बेचने के लिए उपलब्ध करवाई थीं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 28 नवंबर को सीआईए-1 टीम के एएसआई प्रवीन कुमार के नेतृत्व में गांव पहाड़पुर से चक्कू लदाना जाने वाली सड़क पर नाकाबंदी के दौरान पैदल जा रहे आरोपी रवि (निवासी चक्कू लदाना) को काबू किया गया था। उसके पास से पॉलीथिन में रखे पांच डिब्बों से कुल 2500 नशीली गोलियां बरामद हुई थीं। इस संबंध में थाना सीवन में मामला दर्ज कर जांच एएसआई गुरदान सिंह को सौंपी गई थी। रवि से पूछताछ में सामने आया कि उसे ये गोलियां दिवांशु ने दी थीं। आगे जांच में पता चला कि दिवांशु को ये गोलियां माता गेट कैथल निवासी प्रवीन कुमार ने उपलब्ध करवाई थीं, जबकि प्रवीन को ये दवाइयां विभांशु से मिली थीं। पुलिस ने आरोपी विभांशु को पहले ही रिमांड पर लेकर पूछताछ की थी।

## देश का आम बजट विकसित भारत की ओर निर्णायक कदम : औमप्रकाश धनखड़

**गुरुग्राम।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत केंद्रीय बजट 2026-27 पर भाजपा के राष्ट्रीय सचिव व हरियाणा के पूर्व कृषि मंत्री चौधरी औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक दूरदर्शी, संतुलित और जनहितैषी बजट है। यह बजट आम आदमी, किसान, युवा, महिला और उद्यमी वर्ग, सभी के सशक्तिकरण का रोडमैप प्रस्तुत करता है। राष्ट्रीय सचिव धनखड़ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का देश को शानदार बजट देने के लिए धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि आम नागरिक के लिए राहत और अवसर प्रदान करता है यह बजट। महंगाई के प्रभाव को कम करने, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने पर केंद्रित है। स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और आधारभूत ढांचे में निवेश से जीवन-स्तर में सुधार होगा तथा रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औमप्रकाश धनखड़ ने कहा कि किसानों के लिए समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होगा और कृषि क्षेत्र में सिंचाई, फसल विविधीकरण, भंडारण, प्रसंस्करण और ग्रामीण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण से किसानों की आय बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं। तकनीक-आधारित कृषि, कृषि-उद्यमिता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने से किसानों की समृद्धि का लक्ष्य मजबूत होगा।

# हरियाणा के लिए बजट उत्साहजनक, युवाओं के लिए खुलेंगे रोजगार के नए द्वार: नायब सिंह सैनी

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने केंद्रीय वित्त मंत्री द्वारा संसद में पेश किए गए आम बजट को विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करने वाला एक दूरदर्शी और ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट सही मायनों में जनहित और अंत्योदय की भावना को समर्पित है। उन्होने कहा कि इस समावेशी बजट से हरियाणा में औद्योगिक, इन्फ्रास्ट्रक्चर, एमएसएमई,बायो फार्मा, स्वास्थ्य, ग्रामीण उद्योग,कृषि एवं खेल क्षेत्र को और गति मिलेगी। मुख्यमंत्री पंचकूला में केंद्रीय बजट के संबंध में पत्रकारों द्वारा पूछे गए प्रश्नों पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे थे। इससे पूर्व उन्होने स्क्रीन के माध्यम से केंद्रीय बजट का लाइव प्रसारण भी देखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि रफ्तार, क्षमता और सबका साथ इस बजट के तीन मुख्य विजन हैं। रफ्तार का अर्थ है- प्रॉडक्टिविटी बढ़ाकर आर्थिक



विकास की गति को तेज करना, क्षमता -लोगों की काबिलियत को निखारना ताकि वे देश की तरक्की में भागीदार बनें और सबका साथ- हर परिवार और क्षेत्र के पास कमाई के पर्याप्त संसाधन और मौके हों। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वित्त वर्ष 2027 के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपये का ऐतिहासिक पूंजीगत व्यय और सिटी इकोनॉमिक रीजन का विकास हरियाणा जैसे औद्योगिक और इंफ्रास्ट्रक्चर-केंद्रित राज्य की प्रगति को नई उड़ान देगा। इसके साथ ही बजट में एमएसएमई क्षेत्र के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान हरियाणा जैसे औद्योगिक राज्य के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। इससे फरीदाबाद, गुरुग्राम और पानीपत जैसे औद्योगिक केंद्रों में नई जान आएगी और युवाओं के लिए रोजगार के व्यापक अवसर बनेंगे। हरियाणा के लिए बजट को विशेष रूप से उत्साहजनक बताते हुए उन्होने कहा कि खेलो इंडिया मिशन पर जोर हमारे खिलाड़ियों को और प्रोत्साहित करेगा, जबकि 15 पुरातात्विक स्थलों के विकास से हरियाणा की ऐतिहासिक धरोहरों जैसे कि राखीगढ़ी को वैश्विक पहचान मिलेगी। साथ ही, एआई और क्वांटम मिशन में निवेश गुरुग्राम को ग्लोबल टेक-हब के रूप में और मजबूती देगा। मैन्युफैक्चरिंग और एमएसएमई पर फोकस प्रदेश के युवाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में रक्षा क्षेत्र में बेसिक कस्टम ड्यूटी में छूट, कैंसर रोगियों के लिए 17 दवाएं, 7 दुर्लभ बीमारियों की दवा, कैंसर, शुगर की दवाएं, गंभीर रोगों की दवाएं, सोलर एनर्जी से जुड़ी वस्तुएं, विदेश यात्रा, ईवी बैटरी, जूते, चमड़े के सामान, चमड़े के उत्पाद, जूता, बैग आदि, माइक्रोवेव ओवन, बायोगैस मिक्स्ड सीएनजी, कपड़ा, मोबाइल बैटरी सस्ते होंगे। वंही निजी आयात पर शुल्क से छूट मिलेगी।

## हरियाणा में अवैध खनन पर सख्त कार्रवाई, एक साल में 1286 आरोपित गिरफ्तार

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो की ओर से अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसते हुए वर्ष 2025 में 1264 मुकदमे दर्ज किए गए और 1286 आरोपितों की गिरफ्तारी की गई है। इस अवधि के दौरान ब्यूरो की टीम ने प्रदेश में मिट्टी/रेत/बजरी का अवैध खनन करने को लेकर 6898 स्थानों पर छापेमारी की और 2637 वाहनों को मौके पर जब्त किया। पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2026 के लिए ब्यूरो का दृष्टिकोण 'स्मार्ट, सख्त और संवेदनशील प्रवर्तन' पर केंद्रित है। उन्होंने कहा कि ब्यूरो को तकनीक आधारित, परिणामोन्मुख और पूर्णतः जवाबदेह इकाई के रूप में विकसित किया जाएगा, ताकि अवैध खनन, बिजली चोरी, अवैध शराब, जल चोरी और शहरी विकास संबंधी अवैध गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार किया जा सके। वर्ष 2026 में राज्यभर में रियल-टाइम डेटा एनालिटिक्स, इंटर-डिपार्टमेंटल इंटेलिजेंस शेयरिंग और एक साथ समन्वित कार्रवाई को और मजबूत किया जाएगा।उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में अवैध खनन वाले भू-माफिया पर 19.84 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया, जिसमें 9.57 करोड़ रुपये का जुर्माना वसूल किया गया तथा बकाया जुर्माना वसूल करने की प्रक्रिया जारी है। ब्यूरो के प्रमुख नवदीप सिंह विर्क ने बताया कि ब्यूरो द्वारा वर्ष-2025 में 6 विभागों के संबंध अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाते हुए परिवहन विभाग के 18819 वाहनों की चेकिंग की गई, जिनमें से 14111 वाहनों को जब्त किया गया। इन वाहनों पर 57.47 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का जुर्माना लगाते हुए इन पर कार्रवाई की गई। इसके अलावा ब्यूरो द्वारा वर्ष-2025 में बिजली निगम संबंधी अवैध गतिविधियों को लेकर 58 हजार 321 एफआईआर दर्ज की गई जिनमें से ब्यूरो द्वारा 61881 (वर्ष-2024 की पेंडेंसी मिलाकर) एफआईआर का निस्तारण किया गया।

## भैंस को बचाने के चक्कर में पशुपालक की गई जान

एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत में एक व्यक्ति अपनी भैंस को ट्रेन की चपेट में आने से बचाने के चक्कर में खुद ट्रेन की चपेट में आ गया जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। परिजनों के अनुसार, गांव फरीदपुर निवासी गुरदयाल रोजाना की तरह अपनी भैंस को घास चराने के लिए पशुबाड़े से बाहर लेकर गया था। टहलते हुए जब वह फरीदपुर रेलवे फाटक के पास पहुंचा तो अचानक उनकी भैंस रेलवे ट्रैक पर चढ़ गई। उसी समय ट्रैक पर तेज रफ्तार ट्रेन आती दिखाई दी। अपनी भैंस को बचाने के लिए गुरदयाल बिना देर किए पटरियों पर चढ़ गया और भैंस की पूंछ पकड़कर उसे नीचे खींचने का प्रयास करने लगे। जब तक वह भैंस को हटा पाता ट्रेन बेहद करीब आ गई और दोनों ट्रेन की चपेट में आ गए। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि गुरदयाल और भैंस दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे का पता लगने पर मौके पर पुलिस पहुंची। परिजनों के बयानों के आधार पर पुलिस ने इत्तेफाकिया कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमॉर्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है।



## केंद्र के बजट से हरियाणा को मिलेंगी कई विकास परियोजनाएं

एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश किए बजट से हरियाणा को कई सौगातें मिली हैं। इस बजट से प्रदेश के सात जिलों को सीधा लाभ मिलेगा। निर्मला सीतारमण द्वारा देश भर के लिए दिए गए विभिन्न पैकेज के तहत अंबाला, हिसार, करनाल की हवाई पट्टियां सी-प्लेन के लिए डेवलप होंगी। इसके अलावा, गुरुग्राम और फरीदाबाद में विमान के पुर्जे बनाने वाले छोटे और मध्यम उद्यमों के केंद्र बनेंगे।

सोनीपत के खरखौदा और गुरुग्राम के मानेसर में स्थित इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप को बढ़ावा दिया जाएगा। जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा। केंद्रीय बजट में बायोफार्मा शक्ति के तहत 10,000 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा, जिससे हरियाणा के फार्मा हब को सीधा लाभ मिलेगा। यह निवेश अनुसंधान और घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देगा, जिससे हरियाणा का बायोफार्मा और फार्मास्युटिकल सेक्टर तेजी से आगे




बढ़ेगा। केंद्रीय बजट में हवाई जहाज के पार्ट्स पर लगने वाला टैक्स हटा दिया है, जिससे हरियाणा में अब हवाई जहाज के पार्ट्स बनाना और भी आसान हो जाएगा। इससे पार्ट्स बनाने की लागत कम होगी और गुरुग्राम और फरीदाबाद जैसे शहरों में ज्यादा विदेशी कंपनियां निवेश करेंगी। हिसार में जो हवाई अड्डा बन रहा है, वहां हवाई जहाजों की मरम्मत भी होगी और पार्ट्स भी बनेंगे। इससे हरियाणा तरक्की करेगा और हवाई जहाज के मामले में आत्मनिर्भर बनेगा।

केंद्र सरकार के बजट में दिल्ली-गुड़गांव-फरीदाबाद जैसे कॉरिडोर और ईवी-चार्जिंग नेटवर्क को फंडिंग की घोषणा की गई है। इससे हरियाणा को सबसे ज्यादा फायदा होगा। सरकार ने 12.2 लाख करोड़ के कैपेक्स से पूरे देश में रेल, सडक़, इंडस्ट्रियल मॉडल टाउनशिप विस्तार को बढ़ावा देने की योजना रखी है। इस परियोजना से आईएमटी खरखोदा, मानेसर और अन्य क्षेत्रों में नए निवेश आएंगे, जिससे रोजगार के लाखों अवसर पैदा होंगे।

केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट भाषण में हिसार जिले में स्थित राखीगढ़ी का विशेष उल्लेख किया है। राखी गढ़ी देश के 15 आइकॉनिक पुरातात्विक स्थलों की सूची में शामिल होगा।वित्त मंत्री ने कहा कि राखीगढ़ी में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए यहां पाथ-वे बनाया जाएगा।

इसके अलावा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर को लोगों तक पहुंचाने के लिए यहां कल्चरल कार्यक्रम किए जाएंगे। इससे पहले केंद्रीय बजट 2025-26 में राखीगढ़ी को वैश्विक धरोहर केंद्र में बदलने के लिए 500 करोड़ रुपये आवंटित किए गए थे।

## डीएलएसए गुरुग्राम दो से 27 फरवरी तक लगाएगा विधिक जागरूकता शिविर

**गुरुग्राम।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) गुरुग्राम द्वारा फरवरी माह में जिले के विभिन्न स्थानों पर विधिक जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह अभियान दो फरवरी से 27 फरवरी 2026 तक चलेगा और इसे भौतिक रूप के साथ-साथ वर्चुअल माध्यम से भी संचालित किया जाएगा। इन शिविरों का उद्देश्य आम नागरिकों, छात्रों, श्रमिकों, महिलाओं और कमजोर वर्गों को उनके कानूनी अधिकारों, नालसा योजनाओं, डिजिटल सुरक्षा, महिला-बाल संरक्षण और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना है। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गुरुग्राम राकेश कादियान ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत दो फरवरी को श्रमिक चौक और राजीव चौक, गुरुग्राम से होगी, जहां श्रमिकों के लिए नालसा योजना, मध्यस्थता और डिजिटल जागरूकता पर जानकारी दी जाएगी।

## विकसित भारत लक्ष्य को गति देगा केंद्र का बजट: बडौली

एजेंसी

**सोनीपत।** केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में अहम कदम बताया जा रहा है। सोनीपत में भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने बजट का सीधा प्रसारण बड़ी स्क्रीन पर देखा। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली सहित जनप्रतिनिधियों ने बजट को विकास, आधारभूत ढांचे, कृषि और रोजगार के लिए लाभकारी बताया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने कहा कि यह बजट विकसित भारत के लिए मजबूत नींव रखता है। उन्होंने कहा कि इंफ्रा, कृषि और रोजगार पर विशेष फोकस से हरियाणा को नई गति मिलेगी और विकास की लहर आम लोगों तक पहुंचेगी। यह युवा शक्ति को केंद्र में रखकर बनाया गया बजट है, जिसमें युवाओं के सपनों और सोच को स्थान दिया गया है। बड़ौली ने कहा कि बजट का कुल आकार 53.5 लाख करोड़ रुपये है, जिसमें पूंजीगत



व्यय बढ़ाकर 12.2 लाख करोड़ रुपये किया गया है। यह पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है। इससे उद्योग, निवेश और रोजगार सृजन को मजबूती मिलेगी। राज्यों को 1.4 लाख करोड़ रुपये का अतिरिक्त कर हिस्सा देने की घोषणा से शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और सड़कों जैसी परियोजनाओं को गति मिलेगी। उन्होंने बताया कि रेल, सड़क, आरआरटीएस कॉरिडोर, विद्युत वाहन चार्जिंग नेटवर्क और औद्योगिक मॉडल टाउनशिप के विस्तार से हरियाणा में नए निवेश आएंगे। आईएमटी खरखौदा, मानेसर सहित अन्य क्षेत्रों में रोजगार के बड़े अवसर सृजित होंगे। सेमीकंडक्टर मिशन 2.0, एमएसएमई, स्टार्टअप, बायोफार्मा और कौशल विकास पर जोर से युवाओं को लाभ मिलेगा।

## रेवाड़ी में खुलेंगे दो आयुर्वेदिक औषधालय

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि राज्य में आवश्यकतानुसार नए अस्पताल खोले जा रहे हैं तथा अपग्रेड किये जा रहे हैं। सरकार ने दो नए राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय खोलने, एक कम्युनिटी हेल्थ सेंटर का निर्माण करने तथा दूसरे कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को 50 बैड के अस्पताल में अपग्रेड करने की मंजूरी दी है। इन सभी पर करीब 55 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी। स्वास्थ्य मंत्री ने जारी जानकारी में बताया कि रेवाड़ी जिला के गांव लिसान तथा गांव करावरा मानकपुरा में एक -एक राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय खोलने की स्वीकृति दी गई है, इनमें प्रत्येक पर 50 लाख से 60 लाख रुपये तक लागत आने का अनुमान है। इसके अलावा, यमुनानगर जिला के रादौर में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर को 50 बैड के अस्पताल में अपग्रेड करने की मंजूरी दी गई है जिस पर लगभग 36.39 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। इसी प्रकार महेंद्रगढ़ जिला के गांव नांगल सिरोही में कम्युनिटी हेल्थ सेंटर खोलने को प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इस पर करीब 17.32 करोड़ रुपये की लागत आएगी।



## विश्व बैंक की मदद से हरियाणा में बनेगा एआई इनोवेशन सेंटर

एजेंसी

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वोकल फॉर लोकल और मेड इन इंडिया में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अहम भूमिका निभा रही है। ग्लोकल एआई-रियल इम्पैक्ट केवल एक विषय नहीं, बल्कि समय की आवश्यकता है, जिसमें वैश्विक सोच को स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप प्रभावी ढंग से लागू किया जाए। मुख्यमंत्री रात चंडीगढ़ में टी.आई.ई. द्वारा आयोजित एआई शिखर सम्मेलन-2026 को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एआई को बढ़ावा देने के लिए 'हरियाणा एआई मिशन' स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है, जिसके लिए विश्व बैंक द्वारा लगभग 470 करोड़ रुपये की सहायता का आश्वासन प्राप्त हुआ है। इस मिशन के अंतर्गत गुरुग्राम और पंचकूला में एक-एक एआई हब स्थापित किए जाएंगे, जहां 50 हजार युवाओं को नई तकनीकों में प्रशिक्षित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि नवाचार और शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'हरियाणा स्टेट रिसर्च फंड' की स्थापना का निर्णय लिया गया है, जिसे 20 करोड़ रुपये के प्रारंभिक कोष के साथ शुरू किया जाएगा। इसके



अतिरिक्त 2000 करोड़ रुपये से अधिक का फंड ऑफ फंड्स बनाया गया है, जिसके माध्यम से स्टार्टअप्स को वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल इंडिया केवल सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं है, बल्कि कोर टेक्नोलॉजी, हार्डवेयर और डीप टेक इनोवेशन का विकास भी उतना ही महत्वपूर्ण है। विश्वविद्यालयों में डेटा साइंस विभागों को अपडेट किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचकूला को उत्तर भारत की 'सिलिकॉन वैली' के रूप में विकसित करने का लक्ष्य रखा गया है। यहां स्वच्छ पर्यावरण, प्रतिभाशाली मानव संसाधन, हाई-स्पीड इंटरनेट, सातों दिन उपलब्ध ग्रीन एनर्जी तथा 73 एकड़ भूमि पर एआई हब स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। यह क्षेत्र डीप टेक इनोवेशन का जीवंत केंद्र बनेगा। इस अवसर पर ब्रिटिश उप उच्चायुक्त अल्बा स्मेरिग्लियो, टी.आई.ई. के पदाधिकारी, देश के विभिन्न राज्यों से आए उद्योग जगत के दिग्गज, विदेशों से आए उद्यमी, स्टार्टअप संस्थापक, युवा नवोन्मेषक, तकनीकी विशेषज्ञ तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## नया बजट भारत के भविष्य के लिए नई राह दिखाने का माध्यम बनेगा: पंवार

एजेंसी

**पानीपत।** पानीपत, भाजपा जिला कार्यालय श्याम कमल के सभागार में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन के लोकसभा में दिए गए बजट प्रस्तुतिकरण भाषण को सुनने के लिए बड़ी तादाद में भाजपा पदाधिकारियों अर्थव्यवस्था की ओर कदम बढ़ाए हैं जो पूँजीगत व्यय, डिजिटल आधारभूत ढाँचे और संस्थागत क्षमताओं पर आधारित हैं। शहरी विधायक प्रमोद विज ने भी संबोधित किया उन्होंने कहा कि हमारे लिए इससे बड़ी खुशी की बात यह भी है कि हरियाणा सरकार ने



और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया 7 कार्यक्रम में हरियाणा के कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि इस बजट में केंद्रीय वित मंत्री ने मैन्युफैक्चरिंग ओर घरेलू मांग को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया है। नया बजट भारत के भविष्य के लिए नई और सही राह दिखलाने का माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि भारत में हो रहा परिवर्तन विकास की गति से अधिक उसकी प्रकृति एवं स्वरूप में आया बदलाव अधिक महत्त्वपूर्ण होता है 7 विपक्षियों की सरकारों के शासन के दौरान बनाई गई असंतुलित अर्थव्यवस्था से देश को बाहर निकाल कर सरकार ने एक ऐसी चिराग योजना का विस्तार करके शिक्षा को सामाजिक न्याय से जोड़ने का स्पष्ट संकेत दे दिया है। अब 8 लाख रुपये वार्षिक आय वाले परिवारों के बच्चों को निजी स्कूलों में मुफ्त पढ़ाई का अवसर मिल सकेगा। चिराग योजना के तहत कक्षा 6 से 12 तक के छात्रों को निजी स्कूलों में दाखिला दिलवाकर सरकार फीस की प्रतिपूर्ति करेगी। जिला भाजपा अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि भारत ने वैश्विक शक्ति का नया अध्याय लिखते हुए मदर ऑफ ऑल ट्रेड डील्स मुक्त व्यापार समझौता करके भी एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है।

## केंद्रीय बजट विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को साकार करने वाला: गौरव गौतम

एजेंसी

**पलवल।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोकसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के आम बजट का हरियाणा सरकार में खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने स्वागत करते हुए कहा कि इसे विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता और समावेशी विकास की राह पर अग्रसर है तथा यह बजट उसी संकल्प को सशक्त करता है। गौरव गौतम ने कहा कि बजट में युवाओं, खेल सुविधाओं, रोजगार सृजन और औद्योगिक उन्नति पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे हरियाणा को व्यापक लाभ मिलेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार विकसित भारत-विकसित हरियाणा के ध्येय के साथ कार्य कर रही है और विभिन्न क्षेत्रों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ किया जा रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के मार्गदर्शन में हरियाणा खेल और उद्योग दोनों क्षेत्रों में नई ऊंचाइयों





को प्राप्त करेगा। खेल राज्य मंत्री ने कहा कि युवाओं को बेहतर संसाधन और अवसर प्रदान कर प्रदेश को खेल प्रतिभाओं का अग्रणी केंद्र बनाने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। वहीं होडल विधायक हरेंद्र सिंह ने कहा कि रामरतन केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के आम बजट का स्वागत करते हुए इसे दूरदर्शी और जनहितकारी बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को यह बजट सशक्त आधार प्रदान करेगा। किसानों, युवाओं और मध्यम वर्ग के उत्थान हेतु किए गए प्रावधान राष्ट्र की प्रगति को नई ऊर्जा देंगे।

## रोज़गार गायब, महंगाई बेलगाम, फायदा सिर्फ़ कॉरपोरेट को: अहलावत

एजेंसी

**पानीपत।** आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए केंद्रीय बजट को आम आदमी, युवा, किसान और मध्यम वर्ग के साथ खुला धोखा करार दिया है। पार्टी की संगठनात्मक बैठक में बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेन्द्र अहलावत ने कहा कि यह बजट देश की जनता के लिए नहीं, बल्कि चंद बड़े उद्योगपतियों और कॉरपोरेट घरानों के हित में तैयार किया गया है।

अहलावत ने कहा कि देश का युवा रोजगार के लिए भटक रहा है, लेकिन बजट में रोजगार सृजन




को लेकर कोई ठोस योजना नहीं है। उन्होंने कहा कि हर साल की तरह इस बार भी युवाओं को केवल आंकड़ों और झूठे दावों से बहलाने की कोशिश की गई है। 'ना नई भर्तियों की घोषणा, ना बेरोज़गारी से राहत यह बजट युवाओं की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला है उन्होंने किसानों के मुद्दे पर कहा कि लागत बढ़ती जा रही है, लेकिन बजट में किसानों की आय बढ़ाने या उन्हें महंगाई से राहत देने का कोई ठोस प्रावधान नहीं किया गया। एमएसपी, कर्ज़ राहत और सिंचाई जैसे मुद्दों पर सरकार की चुप्पी साफ़ दिखाती है कि किसान इस बजट में पूरी तरह उपेक्षित हैं। मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग पर टिप्पणी करते हुए सुरेन्द्र अहलावत ने कहा कि बढ़ती महंगाई, महंगे ईंधन, शिक्षा और स्वास्थ्य के बढ़ते खर्च के बावजूद बजट में आम आदमी को कोई राहत नहीं दी गई। 'यह बजट राहत नहीं, बोझ बढ़ाने वाला बजट है।

# बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा के लिए बनेगी उच्च स्तरीय समिति

**- कॉरपोरेट एंट्री और एफडीआई जैसे मुद्दों पर फिर से हो सकता है विचार**

**नई दिल्ली ।**

केंद्रीय बजट में बैंकिंग क्षेत्र की व्यापक समीक्षा के लिए एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने का प्रस्ताव किया गया है। इस समिति का उद्देश्य वित्तीय स्थिरता, वित्तीय समावेशन और ग्राहक संरक्षण को बनाए रखते हुए बैंकिंग सेक्टर को भारत के विकास के अगले चरण से जोड़ना है।

विशेषज्ञों का मानना है कि यह पहल बैंकिंग से जुड़े कई लंबे समय से लंबित और संवेदनशील मुद्दों पर फिर से विचार का अवसर दे सकती है।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि समिति के कार्यक्षेत्र को तय किया जाएगा और उससे अपेक्षा है कि वह बैंकिंग सेक्टर की समग्र समीक्षा कर 2047 के लिए मजबूत योजना सुझाए। वित्तीय सेवा विभाग के अनुसार समिति वाणिज्यिक ऋण और जीडीपी के अनुपात, बैंकिंग नेटवर्क के विस्तार, जमा और ऋण से जुड़े पहलुओं जैसे मुद्दों पर विचार करेगी। सरकार सभी हितधारकों से परामर्श के बाद आगे की दिशा तय करेगी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि समिति कॉरपोरेट घरानों को बैंकिंग क्षेत्र में प्रवेश देने के मुद्दे पर पुनर्विचार कर सकती है। अब तक इस विषय पर सख्त नियमन रहा है। इसके अलावा, बड़े शेयरधारकों के वोटिंग अधिकार की मौजूदा 26 प्रतिशत सीमा, बैंकिंग प्रणाली में अधिक पूंजी निवेश और प्रतिस्पर्धा बढ़ाने जैसे मुद्दे भी चर्चा में आ सकते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, प्रत्यक्ष विदेशी निवेश की अनुमोदन प्रक्रिया को सरल बनाने और सीमित दायरे में काम कर रहे छोटे बैंकों के विलय से बड़े और मजबूत बैंक बनाने पर भी विचार संभव है। नियोस्ट्रैट एडवाइजर्स एलएलपी के संस्थापक अबीजर दीवानजी के अनुसार भारत को बड़े बैंकों की आवश्यकता है और इसके लिए घरेलू व विदेशी दोनों स्रोतों से पूंजी जुटाना जरूरी है।

# केंद्रीय बजट 2026: निवेश सुधार के संकेत, पर सरकार के हस्तक्षेप पर सतर्कता

**नई दिल्ली ।**

भारत की अर्थव्यवस्था वर्तमान में परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। दिसंबर 2025 तिमाही में 677 सूचीबद्ध गैर-आर्थिक कंपनियों के आंकड़ों के अनुसार, सालाना नॉमिनल वृद्धि 7.67 फीसदी रही, जबकि वास्तविक आधार पर वृद्धि दर 6 फीसदी रही। सीएमआईई के डेटा से पता चलता है कि निजी निवेश परियोजनाओं के क्रियान्वयन में सुधार हुआ है, लेकिन यह कंपनियों के निवेश व्यय में अभी पूरी तरह परिलक्षित नहीं हुआ। वैश्विक परिदृश्य चुनौतीपूर्ण बना हुआ है। स्वेज नहर अवरुद्ध होने के कारण मुंबई से यूरोप तक माल ढुलाई की लागत बढ़ गई है। वहीं अमेरिका द्वारा लगाए गए 50 फीसदी शुल्क ने भारतीय कंपनियों को वैश्विक व्यापार में संरचना बदलने पर मजबूर कर दिया है। इससे होल्डिंग कंपनियों, उत्पादन संयंत्रों और उपभोक्ताओं को असर पड़ा है। केंद्रीय बजट सिर्फ सरकारी खर्च और राजस्व का विवरण नहीं है, बल्कि यह सरकार की नीतिगत प्रतिबद्धताओं का संकेत भी है, जैसे जीएसटी, मुद्रास्फीति नियंत्रण और आईबीसी जैसी पहल बजट भाषणों से शुरू हुई थीं। हाल के महीनों में कुछ महत्वपूर्ण आर्थिक सुधारों पर चर्चा हुई है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि सरकार का हस्तक्षेप उद्योगों को कक्षा की मॉनिट की तरह नियंत्रित करने जैसा दिखता है। यह दृष्टिकोण 1980 के दशक के समाजवादी नीतिगत अनुभवों से मेल खाता है।

# भारतीय बाजार पर मॉर्गन स्टेनली की मजबूत राय




**- सरकार ने जानबूझकर सुधारों की रफ्तार धीमी रखी**

**नई दिल्ली।**

केंद्रीय बजट 2027 ने बाजार और निवेशकों को एक साफ संदेश दिया है कि सरकार न तो अचानक खर्च में कटौती करने के मूड में है और न ही कर्ज को नजरअंदाज कर रही है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक यह बजट कर्ज घटाने, घाटे को काबू में रखने और आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के बीच संतुलन बनाता है। रिपोर्ट के अनुसार सरकार ने जानबूझकर वित्तीय सुधारों की गति को आक्रामक नहीं बनाया है, ताकि अर्थव्यवस्था की रफ्तार बनी रहे। वित्त वर्ष 27 के लिए वित्तीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 प्रतिशत रखा गया है, जबकि केंद्र सरकार का कर्ज जीडीपी अनुपात 55.6 प्रतिशत रहने का अनुमान है। मॉर्गन स्टेनली का मानना है कि ये आंकड़े चिंताजनक नहीं हैं और सरकार ने फिस्कल गणित सोच-समझकर तैयार किया है। ब्रोकरेज ने बजट भाषण की शुरुआत में सेमीकंडक्टर जैसे शब्द के इस्तेमाल को सरकार की बदलती प्राथमिकताओं का संकेत बताया है। रिपोर्ट के मुताबिक, मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सेमीकंडक्टर मिशन आईएसएम 2.0, रेयर अर्थ मैग्नेट और पुराने औद्योगिक क्षेत्रों को मजबूत करने पर खास जोर दिया गया है।

सेवाओं के क्षेत्र को भी बजट में अहम जगह दी गई है। डेटा सेंटर्स को टैक्स में राहत दी गई है और 2047 तक वैश्विक सेवाओं के निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

इससे आईटी, डिजिटल और टेक्नोलॉजी सेक्टर को लंबी अवधि में फायदा मिलने की उम्मीद है।

# डॉलर को टक्कर: जिनपिंग ने युआन को इंटरनेशनल रिजर्व बनाने का दिया संकेत



**बीजिंग।**

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अमेरिकी डॉलर के वैश्विक प्रभुत्व को सीधे चुनौती दी है और युआन को ÷मजबूत करेंसी÷ बनाने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि युआन को इतना मजबूत बनाया जाए कि अन्य देश इसे अपने अंतरराष्ट्रीय रिजर्व के रूप में रखें। फिलहाल यह दर्जा अमेरिकी डॉलर को हासिल है, और जिनपिंग के बयान को डॉलर की बादशाहत को चुनौती माना जा रहा है।

अमेरिका और चीन, दुनिया की पहली और दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा और आर्थिक प्रभुत्व के मामले में टकराव की स्थिति में हैं। चीन अमेरिकी डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए इंटरनेशनल ट्रेड में युआन का उपयोग बढ़ा रहा है। पिछले साल उसने अपने 6.2 ट्रिलियन डॉलर के विदेशी व्यापार का लगभग एक-तिहाई हिस्सा युआन में निपटाया।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शी जिनपिंग ने सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के सैद्धांतिक जर्नल किउशी में प्रकाशित एक लेख में कहा कि चीन को ऐसी मजबूत मुद्रा बनाने की जरूरत है जिसका बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय व्यापार, निवेश और फॉरेन एक्सचेंज मार्केट में इस्तेमाल किया जा सके और जो वैश्विक रिजर्व का दर्जा हासिल कर सके।

उन्होंने इस पर भी जोर दिया कि आर्थिक रूप से मजबूत देश की नींव में केवल मजबूत मुद्रा ही नहीं, बल्कि आधुनिक वित्तीय प्रणाली, शक्तिशाली केंद्रीय बैंक, मजबूत वित्तीय संस्थान, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र, कड़ी निगरानी और उच्च स्तरीय वित्तीय टैलेंट शामिल होना चाहिए। जिनपिंग ने कहा कि चीन का वित्तीय विकास पश्चिमी मॉडल से अलग अपनी राष्ट्रीय परिस्थितियों और विशेषताओं पर आधारित होना चाहिए।

# जिंस की लागत बढ़ने से कीमतों में बढ़ोतरी पर विचार किया जाएगा: मारुति सुजुकी

**- कंपनी ने कहा, जीएसटी दरों में कटौती के बाद बाजार में मजबूत बनी हुई है मांग**

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी इंडिया के एक वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी ने सोमवार को संकेत दिया कि कच्चे माल और कीमती धातुओं की बढ़ती कीमतों के कारण कंपनी अपने वाहनों की कीमतों में संभावित वृद्धि पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि कंपनी हमेशा ग्राहकों पर लागत का बोझ कम से कम रखने का प्रयास करती रही है। हालांकि, एक सीमा के बाद लागत बढ़ोतरी को ग्राहकों पर स्थानांतरित करना आवश्यक हो सकता है। उन्होंने बताया कि माल एवं सेवा कर (जीएसटी) दरों में कटौती के बाद बाजार में मांग मजबूत बनी हुई है। सितंबर 2025 में जीएसटी 2.0 लागू होने के बाद कंपनी ने एस-प्रेसो, ऑल्टो, सेलेरियो और वैगन-आर की कीमतों में 79,600 रुपये से 1,29,600 रुपये तक की कटौती की थी। कंपनी के पास वर्तमान में 1.75 लाख लंबित ऑर्डर हैं, जबकि जनवरी में 2.78 लाख नई बुकिंग मिली, जो सालाना आधार पर 25 फीसदी की वृद्धि दर्शाती है। रोजाना लगभग 9,000 से 10,000 बुकिंग हो रही हैं। जनवरी में कुल बिक्री 2,36,963 इकाई दर्ज की गई, जबकि निर्यात 51,020 इकाई तक पहुंचकर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। मारुति की नई एसयूवी विक्टोरिस ने पांच महीने में 50,000 इकाई की बिक्री पार कर ली है। हरियाणा के खरखौदा संयंत्र को अप्रैल 2026 तक परिचालन में लाया जाएगा। इसके बाद गुजरात संयंत्र में चौथी उत्पादन लाइन शुरू होगी, जिससे सालाना पांच लाख इकाई की अतिरिक्त क्षमता उपलब्ध होगी। इस महीने घरेलू बाजार में इलेक्ट्रिक एसयूवी 'ई-विटारा' भी लॉन्च होगी।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जनवरी में बिक्री 15 फीसदी बढ़ी




**नई दिल्ली ।** वाहन विनिर्माता कंपनी टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की जनवरी में कुल बिक्री 15 प्रतिशत बढ़कर 33,880 इकाई हो गई। जनवरी 2025 में यह 29,371 इकाई रही थी। मोटर वाहन कंपनी ने बयान में कहा कि घरेलू बिक्री जनवरी 2025 की 26,178 इकाई के मुकाबले 17 प्रतिशत बढ़कर पिछले महीने 30,630 इकाई हो गई।वहीं निर्यात भी दो प्रतिशत बढ़कर 3,250 इकाई रहा जो एक साल पहले इसी महीने 3,193 इकाई रहा था। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) के एक कार्यकारी अधिकारी ने कहा कि वर्ष 2026 की शुरुआत सकारात्मक और उत्साहजनक रही है। हमारे उत्पाद खंड की निरंतर मजबूती व गुणवत्ता के साथ ही सुरक्षा एवं स्थिरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता पर ग्राहकों के विश्वास से यह गति बनी हुई है।




## भारत का बजट आर्थिक स्थिरता और वृद्धि पर केंद्रित: फिच रेटिंग्स

**भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान**

**नई दिल्ली ।** फिच रेटिंग्स ने कहा कि भारत का बजट सरकार की आर्थिक स्थिरता बनाए रखने की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बजट में सरकारी कर्ज को धीरे-धीरे कम करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे वित्तीय स्थिति मजबूत बनी रहे। बजट में बड़े सुधारों की घोषणा नहीं की गई, लेकिन फिच ने आगे सुधारों की उम्मीद जताई, खासकर विनियमन में ढील देने के संदर्भ में। पूंजीगत व्यय को 2026-27 में जीडीपी का 3.1 फीसदी बनाए रखने का निर्णय निजी निवेश को प्रोत्साहित करने और आर्थिक वृद्धि को मजबूत करने की दिशा में कदम है। फिच ने कहा कि राजकोषीय समेकन की गति धीमी रहेगी। 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 4.3 फीसदी रखा गया है, जो पिछले वर्ष 4.4 फीसदी से थोड़ा कम है। फिच ने 2026-27 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 6.4 फीसदी रहने का अनुमान जताया। एजेंसी ने यह भी कहा कि सुधारों की गति तेज होने से निजी निवेश बढ़ेगा और भारत की संभावित आर्थिक वृद्धि और मजबूत होगी।

## यूपीआई और डेबिट कार्ड लेनदेन बढ़ाने 2,000 करोड़ का प्रोत्साहन आवंटित

**वित्त वर्ष 2026 के लिए अंतिम आवंटन 2,196.21 करोड़ रुपए था**




**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आम बजट में कम मूल्य वाले यूपीआई पी2एम और रुपे डेबिट कार्ड लेनदेन को बढ़ावा देने के लिए 2,000 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि आवंटित की है। इन लेनदेन पर शून्य मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) जारी रहेगी, ताकि छोटे व्यापारी डिजिटल भुगतान अपनाने के लिए प्रोत्साहित हों। वित्त वर्ष 2026 के लिए अंतिम आवंटन 2,196.21 करोड़ रुपए था, जो बजट में प्रस्तावित 437 करोड़ रुपए की राशि से लगभग पांच गुना अधिक है। भुगतान उद्योग का मानना है कि यूपीआई और डेबिट कार्ड प्रणाली के विकास और स्थिरता के लिए कम से कम 10,000-15,000 करोड़ की आवश्यकता थी। इसलिए, सरकार द्वारा आवंटित राशि अपेक्षित प्रोत्साहन का केवल लगभग एक-पांचवां है। पेमेंट्स काउंसिल ऑफ इंडिया के प्रमुख अे धिकारी ने सुझाव दिया कि छोटे व्यापारियों के लिए शून्य एमडीआर जारी रखा जाए, जबकि बड़े व्यापारियों (20 लाख से ज्यादा वार्षिक कारोबार) पर 30 बेसिस प्वाइंट एमडीआर लागू की जा सकती है। उनका कहना है कि बड़े व्यापारी पहले ही क्रेडिट कार्ड पर 2 फीसदी शुल्क दे रहे हैं, इसलिए उन्हें करदाताओं के पैसे से प्रोत्साहित करने की आवश्यकता नहीं। साल 2025 में यूपीआई ने 228.28 अरब लेनदेन दर्ज किए। उद्योग का अनुमान है कि अगले एक दशक में हर महीने 100 अरब यूपीआई लेनदेन किए जा सकते हैं। इससे स्पष्ट है कि यूपीआई भारत में सबसे पसंदीदा भुगतान विकल्प बना रहेगा।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 943, निफ्टी 262 अंक बढ़ा**




**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले-जुले संकेतों के बाद भी खरीदारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 943.52 अंक उछलकर 81,666.46 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 262.95 अंक बढ़कर 25,088.40 पर बंद हुआ। आज इन्फ्रा और ऑटो शेयरों के कारण बाजार में उछला आया। निफ्टी इन्फ्रा , निफ्टी ऑटो, निफ्टी पीएसई, निफ्टी पीएसई , निफ्टी ऑयलएंडगैस , निफ्टी मेटल और निफ्टी कमोडिटीज के शेयरों में तेजी रही। आज केवल निफ्टी आईटी और निफ्टी हेल्थकेयर के शेयरों में गिरावट रही। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 546.80 अंक बढ़कर के 57,667.60 और निफ्टी स्मॉलकैप इंडेक्स 105.20 अंक ऊपर आकर 16,523.35 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में अदाणी पोर्ट्स, बीईएल, एमएंडएम, एलएंडटी, इंडिगो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एशियन पेंट्स, आईटीसी, बजाज फिनसर्व, टाटा स्टील, एनटीपीसी, आईसीआईसीआई बैंक और मारुति सुजुकी के शेयर लाभ में रहे जबकि एक्सिस बैंक, इन्फोसिस, टीसीएस, ट्रेंट, के शेयर नुकसान में रहे थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत कमजोर रही। शुरुआती दबाव के चलते सेंसेक्स और निफ्टी लाल निशान में खुले।। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 167 अंक की गिरावट के साथ 80,555.68 पर खुला था। वहीं निफ्टी 50 ने भी करीब 30 अंक टूटकर 24,796.50 पर कारोबार की शुरुआत की। वहीं वैश्विक बाजारों की बात करें तो एशियाई बाजारों में सुबह शुरुआती कारोबार में मिला-जुला रुख देखने को मिला। इस दौरान सोने की कीमतों में गिरावट जारी रही और शुक्रवार की कमजोरी आगे बढ़ती दिखी। चीन का सीएसआई 300 इंडेक्स 0.01 फीसदी की बढ़त पर था, जापान का निक्केई 0.75 फीसदी ऊपर आया जबकि हॉन्गकॉन्ग का हैंग सेंग 1.34 फीसदीऔर दक्षिण कोरिया का कोस्पी 2.63 फीसदी टूट चुका था। शुक्रवार को वॉल स्ट्रीट के प्रमुख इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए।

## एयरबस को भारतीय संचालक से तीन हेलीकॉप्टर का मिला ठेका

**नई दिल्ली ।** एयरबस को एक भारतीय संचालक से तीन हेलीकॉप्टर का ठेका मिला है। एयरबस ने कहा कि एयरबस कॉरपोरेट हेलीकॉप्टर्स को दिए गए ठेके में दो एसीएच160 और एक एच175 हेलीकॉप्टर शामिल हैं। यह संचालक पहले से एसीएच160 का ग्राहक है और भारत का पहला एच175 ग्राहक बनेगा। संचालक का नाम और सौदे से जुड़े वित्तीय विवरण कंपनी ने हालांकि साझा नहीं किए। कंपनी के अनुसार, एच175 हेलीकॉप्टर 16 सीट वाला होगा और इसकी आपूर्ति इसी साल की जाएगी। वहीं दो एसीएच160 हेलीकॉप्टर की आपूर्ति 2027 में की जाएगी।

## जनवरी में देश के विनिर्माण क्षेत्र की गतिविधि में मामूली सुधार हुआ: पीएमआई

**- नए ऑर्डर, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि के कारण विनिर्माण क्षेत्र में आई तेजी**




**नई दिल्ली ।** एचएसबीसी इंडिया के मासिक सर्वेक्षण में जनवरी में विनिर्माण गतिविधियों में सुधार देखा गया। मौसमी रूप से समायोजित पीएमआई 55.4 पर पहुंचा, जो दिसंबर के 55 से थोड़ा ऊपर है। पीएमआई में 50 से ऊपर का अंक विस्तार और 50 से नीचे का अंक संकुचन दर्शाता है। सर्वेक्षण के अनुसार नए ऑर्डर, उत्पादन और रोजगार में वृद्धि के कारण विनिर्माण क्षेत्र में गति बनी। सर्वेक्षण में शामिल कंपनियों ने बताया कि घरेलू बाजार से कुल बिक्री में मुख्य योगदान मिला। हालांकि निर्यात ऑर्डर में भी वृद्धि हुई, लेकिन इसकी रफ्तार अपेक्षाकृत कम रही। जिन कंपनियों के निर्यात ऑर्डर बढ़े, उन्होंने एशिया, ऑस्ट्रेलिया कनाडा, यूरोप और पश्चिम एशिया से मांग में इजाफा बताया। जनवरी में वस्तु उत्पादक कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मचारियों की भर्ती जारी रखी। रोजगार सृजन की गति मामूली रही, लेकिन पिछले तीन महीनों में सबसे तेज रही। सर्वेक्षण में यह भी सामने आया कि नई तकनीक और निवेश ने उत्पादन को समर्थन दिया। कच्चे माल की कीमतें चार महीनों के उच्चतम स्तर तक बढ़ीं, जबकि फैक्ट्री-गेट कीमतों में वृद्धि धीमी रही। इससे विनिर्माताओं के मुनाफे पर हल्का दबाव पड़ा। हालांकि नए ऑर्डर में तेजी आई, भविष्य के उत्पादन के प्रति कारोबारी विश्वास साढ़े तीन साल के सबसे निचले स्तर पर रहा। केवल 15 फीसदी कंपनियों ने उत्पादन बढ़ने की उम्मीद जताई, जबकि 83 फीसदी ने बदलाव की कोई संभावना नहीं बताई।

# बजट में बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक निवेश को केंद्र में रखा गया

**- बुनियादी ढांचे पर 12.21 लाख करोड़ रुपए का दांव**

**नई दिल्ली ।** केंद्रीय बजट 2026-27 में सरकार ने सार्वजनिक पूंजीगत व्यय को 12.21 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ाने का प्रस्ताव रखा है, जो कुल बजट 53.47 लाख करोड़ रुपये का लगभग 22 प्रतिशत है। यह 2025-26 के संशोधित अनुमान 10.95 लाख करोड़ रुपये से 11.5 प्रतिशत अधिक है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में बताया कि 2014-15 में 2 लाख करोड़ रुपये से शुरू हुआ सार्वजनिक पूंजीगत व्यय अब लगातार बढ़कर 12.2 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। सड़कें, राजमार्ग और रेलवे जैसे प्रमुख क्षेत्र इस निवेश का बड़ा हिस्सा संभालते हैं। रेलवे मंत्रालय के लिए राजस्व व्यय 2.92 लाख करोड़ रुपये रखा गया है, जबकि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग विभाग के लिए 3.09 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। दोनों क्षेत्रों में क्रमशः 10 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। बजट में उच्च मूल्य वाले निर्माण और बुनियादी ढांचा उपकरण के घरेलू उत्पादन, 200 पुराने औद्योगिक समूहों में उन्नयन, और 5 लाख से अधिक आबादी वाले मझोले और छोटे शहरों में बुनियादी ढांचे के विकास की योजनाएँ शामिल हैं। सरकार ने निवेश बढ़ाने के लिए इनविट्स, रिट्स, एनआईआईएफ और एनएबीएफआईडी जैसी नई फंडिंग योजनाओं को भी आगे बढ़ाया है। परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आयात पर सीमा शुल्क छूट 2035 तक बढ़ाई गई है। इसके अलावा, सीसीयूएस प्रौद्योगिकियों के



विकास के लिए 20,000 करोड़ रुपये का निवेश प्रस्तावित किया गया है। बैटरी ऊर्जा भंडारण और कार्बन कैप्चर जैसे क्षेत्रों में भी सार्वजनिक निवेश पर जोर दिया गया है। बजट 2026-27 स्पष्ट रूप से यह संदेश देता है कि भारत सरकार सार्वजनिक निवेश और बुनियादी ढांचे को आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्तंभ मानती है। इसका उद्देश्य दीर्घकालिक विकास, रोजगार सृजन और हरित ऊर्जा क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देना है।

## बजाज आटो मुनाफा 25 फीसदी बढ़कर 2,749 करोड़ हुआ




**नई दिल्ली ।** बजाज ऑटो ने तीसरी तिमाही में निवेशकों को संतोषजनक नतीजे दिए हैं। कंपनी का शुद्ध मुनाफा सालाना आधार पर 25 फीसदी बढ़कर 2,749 करोड़ रुपए हो गया, जबकि कुल आय 23 फीसदी बढ़कर 16,204 करोड़ रुपए पहुंच गई। नतीजों ने निवेशकों के भरोसे को मजबूत किया है। तीसरी तिमाही में कंपनी के एक्सपोर्ट कारोबार में जबरदस्त सुधार देखने को मिला। 15 तिमाहियों के बाद पहली बार बजाज ऑटो ने 6 लाख से अधिक गाड़ियां निर्यात कीं। निर्यात से कंपनी को 544 करोड़ रुपए की कमाई हुई और कुल निर्यात बिक्री में 15-20 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई। बाजार के जानकारों का मानना है कि एक्सपोर्ट में रिकवरी और चेतक इलेक्ट्रिक स्कूटर की बिक्री कंपनी के लिए सकारात्मक संकेत हैं। हालांकि ब्रोकरेज ने घरेलू मोटरसाइकिल बाजार में कंपनी की घटती हिस्सेदारी को चिंता का विषय बताया है, खासकर 125सीसी और उससे ऊपर के सेगमेंट में। उन्होंने नेचुरल रेटिंग के साथ 9,416 का टारगेट प्राइस दिया है।

# भारत ने बिछाई बड़ी कूटनीतिक बिसात तो सौदेबाजी की मेज पर भागता हुआ आया अमेरिका



नीरज कुमार दुबे

**जयशंकर की यात्रा सात महीने बाद उनकी पहली द्विपक्षीय अमेरिका यात्रा है। पिछली यात्रा उस समय हुई थी जब अमेरिका ने भारत पर कड़े शुल्क नहीं लगाए थे। इन महीनों में बहुत कुछ बदल गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बाद शुल्क को हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया।**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर की अमेरिका यात्रा ऐसे समय हो रही है जब वैश्विक राजनीति, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी प्रतिस्पर्धा और व्यापारिक खींचतान एक दूसरे में उलझ चुकी हैं। जयशंकर की यह यात्रा आपूर्ति शृंखला, दुर्लभ खनिज, रक्षा सहयोग और व्यापार समझौते पर नए संतुलन की तलाश है। अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो की पहल पर आयोजित महत्वपूर्ण खनिज मंत्री स्तरीय बैठक में जयशंकर की भागीदारी इस बात का संकेत है कि आने वाले दशक की शक्ति राजनीति खनिज, सेमीकंडक्टर और स्वच्छ ऊर्जा के इर्द गिर्द घूमेगी।

इस यात्रा का पहला स्पष्ट लक्ष्य महत्वपूर्ण खनिज आपूर्ति शृंखलाओं को मजबूत करना है। दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अब यह समझ चुकी हैं कि दुर्लभ खनिजों पर निर्भरता केवल आर्थिक विषय नहीं बल्कि सामरिक प्रश्न है। चीन जैसे प्रमुख आपूर्तिकर्ताओं पर अत्यधिक निर्भरता कम करने की मुहिम में भारत को एक भरोसेमंद भागीदार के रूप में देखा जा रहा है। भारत की खनिज क्षमता, विशाल बाजार और तकनीकी की मांग उसे इस खेल का केन्द्रीय खिलाड़ी बनाती है।

जयशंकर की यह यात्रा सात महीने बाद उनकी पहली द्विपक्षीय अमेरिका यात्रा है। पिछली यात्रा उस समय हुई थी जब अमेरिका ने भारत पर कड़े शुल्क नहीं लगाए थे। इन महीनों में बहुत कुछ बदल गया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल के बाद शुल्क को हथियार की तरह इस्तेमाल किया गया। भारत पर 25 प्रतिशत अतिरिक्त शुल्क और रूस से तेल खरीद पर दंडात्मक शुल्क ने संबंधों में कड़वाहट घोली। अब संकेत मिल रहे हैं कि वाशिंगटन नरमी दिखा सकता है। अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि रूस से तेल खरीद घटने पर अतिरिक्त शुल्क हटाने का रास्ता है। साथ ही वेनेजुएला से तेल खरीद फिर शुरू करने की अनुमति का संदेश भी दिया गया है। यह सब केवल ऊर्जा नहीं, बल्कि वार्ता की मेज पर सौदेबाजी के पत्ते हैं।

दिलचस्प यह है कि इसी बीच भारत ने 27 सदस्यीय यूरोपीय संघ के साथ व्यापार समझौता पूरा कर लिया। इसने अमेरिका को यह संदेश दिया कि नई दिल्ली विकल्प तलाशने में सक्षम है। अटलांटिक परिषद से जुड़े विशेषज्ञ मार्क लिंस्काट का आकलन है कि भारत यूरोप समझौता अमेरिका भारत व्यापार वार्ता को तेज कर सकता है। साफ है कि वाशिंगटन भारत



को खोना नहीं चाहता। वैसे भी भारत और अमेरिका के शीर्ष नेतृत्व की हालिया बातचीत और सार्वजनिक बयानों से यह आभास भी मजबूत हो रहा है कि दोनों देश लंबित व्यापार समझौते को अब अधिक देर तक टालना नहीं चाहते। पिछले महीनों में फोन पर हुई वार्ताओं, मंत्रिस्तरीय संपर्क और समान हितों पर दिए गए जोर से यह संकेत मिलते हैं कि माहौल को जानबूझकर सकारात्मक बनाया जा रहा है। ऐसे में जयशंकर की अमेरिका यात्रा को केवल खनिज या सामरिक चर्चा तक सीमित नहीं देखा जा रहा, बल्कि इसे संभावित व्यापार समझौते की राह साफ करने वाली पहल के रूप में भी समझा जा रहा है। कूटनीतिक गलियारों में यह धारणा बन रही है कि यदि इस यात्रा में मुख्य अड़चनों पर सहमति का रास्ता निकलता है तो यह आगे की औपचारिक वार्ता के लिए हरी झंडी जैसा होगा, जिसके बाद मोदी सरकार अंतिम राजनीतिक स्वीकृति देकर समझौते पर मुहर लगा सकती है। यानी यह दौरा भविष्य के बड़े आर्थिक फैसले की भूमिका भी लिख सकता है।

हम आपको यह भी बता दें कि अपनी यात्रा से पहले जयशंकर ने भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर से मुलाकात की। उनके साथ अमेरिकी संसद के सदस्य जिमी पैट्रोनिस, माइक रोजर्स और एडम स्मिथ भी मौजूद रहे। बातचीत में व्यापार, रक्षा सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज, हिंद प्रशांत क्षेत्र और यूक्रेन संघर्ष जैसे विषय शामिल रहे। यह केवल शिष्टाचार भेंट नहीं बल्कि जमीन तैयार करने वाली बातचीत थी। गोर ने भारत को अमेरिका का अहम भागीदार बताया और साझा सामरिक हितों पर जोर दिया। साथ ही अमेरिकी संसदीय दल की जनवरी में नई दिल्ली यात्रा भी रक्षा तकनीक सहयोग, सह उत्पादन और सह विकास पर केंद्रित रही। संदेश साफ है कि रक्षा और प्रौद्योगिकी सहयोग संबंधों की रीढ़ बन सकता है।

अब इस पूरे घटनाक्रम को भारत के केंद्रीय बजट की घोषणाओं से जोड़कर देखिये। मोदी सरकार ने ओडिशा, केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे खनिज संपन्न राज्यों में दुर्लभ खनिज गलियारे बनाने का प्रस्ताव रखा है। खनन, प्रसंस्करण, अनुसंधान और निर्माण को बढ़ावा देने की योजना सीधे उसी दिशा में जाती है जिस पर अमेरिका और उसके सहयोगी काम कर रहे हैं। सेमीकंडक्टर अभियान के लिए ये खनिज अनिवार्य हैं। बैटरी भंडारण के लिए लिथियम आयन कोश निर्माण, सौर कांच के लिए सोडियम एंटिमोनेट, परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं के लिए आयातित सामान पर मूल शुल्क छूट, मिश्रित सीएनजी पर उत्पाद शुल्क गणना से जैव गैस को बाहर रखना और बैटरी भंडारण परियोजनाओं के लिए व्यवहार्यता अंतर सहायता को पांच गुना बढ़ाना दिखाता है कि भारत ऊर्जा और प्रौद्योगिकी की नई दौड़ के लिए तैयारी कर रहा है। 2030 तक पांच सौ गीगावाट गैर जीवाश्म ऊर्जा और 2047 तक सौ गीगावाट परमाणु ऊर्जा का लक्ष्य भारत की नई सामरिक दिशा है। निजी भागीदारी खोलने वाला परमाणु ऊर्जा कानून भी इसी कड़ी का हिस्सा है।

सच यह है कि दुनिया नए शीत युद्ध जैसे दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां गोलियों से ज्यादा खनिज, चिप और ऊर्जा की आपूर्ति शृंखला ताकत तय करेगी। जयशंकर की यात्रा को केवल कूटनीतिक दौरा समझना भूल होगी। यह भारत की बहुस्तरीय चाल है। एक ओर अमेरिका से तनाव घटाना, दूसरी ओर अपने हितों पर अडिग रहना, और साथ साथ यूरोप, रूस तथा अन्य साझेदारों के साथ संतुलन बनाए रखना आसान नहीं। पर भारत अब रक्षात्मक नहीं, सौदेबाज की मुद्रा में दिख रहा है।

अमेरिका को भी समझना होगा कि शुल्क की लाठी से साझेदारी नहीं चलती। यदि वह भारत को सचमुच चीन का विकल्प बनाना चाहता है तो भरोसा, प्रौद्योगिकी साझेदारी और बाजार पहुंच देनी होगी। भारत के लिए भी संदेश साफ है कि आत्मनिर्भर खनिज और सेमीकंडक्टर पारिस्थितिकी तंत्र बनाए बिना कोई सामरिक स्वायत्तता संभव नहीं।

बहरहाल, जयशंकर की कूटनीति की खासियत यही है कि वे मुस्कान के साथ कठोर संदेश देते हैं। अब देखना यह है कि वाशिंगटन इस संकेत को कितना समझता है। अभी जो तस्वीर उभर रही है वह बताती है कि नई दिल्ली ने खेल समझ लिया है और चाल चल दी है।

## संपादकीय

### चुनाव से परे नई चुनौतियों का बजट

अक्सर केंद्र की भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार पर आरोप लगाया जाता है कि वह चुनाव देखकर बजट बनाती है। मगर वर्ष 2026-27 के बजट में चुनावी घोषणाएं नहीं हैं। वर्ष 2014 से सत्ता में आई भाजपा आर्थिक सुधारों की दिशा में कदम उठाती दिखती है। नए बजट में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 4.3 प्रतिशत लाने की बात कर महंगाई पर नियंत्रण के लिए कुछ नए उपायों को दर्शाया गया है। सरकार ने अपनी महत्वाकांक्षी योजना 'वीबी-जी राम जी' के लिए 95000 करोड़ रु. और मनरेगा के लिए भी 30000 करोड़ रु. का प्रावधान किया है। आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने की सोच को आगे बढ़ाने में सात हाई स्पीड रेल कॉरिडोर बनाने की घोषणा की है। इसी के साथ 20 नए जल मार्ग बनाने की तैयारी है। बैटरी सस्ती कर मोबाइल, ई-वाहन क्षेत्र को मदद दी है। सूर्य ऊर्जा को बढ़ावा देने के उपाय किए हैं। क्षेत्र अनुसार बड़े टेक्सटाइल पार्क, चार दक्षिणी राज्यों में खनिज कॉरिडोर, तीन केमिकल पार्क का निर्माण किया जाएगा। लघु उद्योगों को दस हजार करोड़ रु. की सहायता मिलेगी। इसके बीच ही हर बार केंद्रीय बजट में उछलता-कूदता शेयर बाजार नए कर से बड़ा झटका खा गया। उसने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के भाषण खत्म होते-होते 3000 अंकों का गोता लगा दिया। अंत में सेंसेक्स 1546.84 अंक की गिरावट के साथ बंद हुआ। पूंजी बाजार पर यह असर वायदा कारोबार पर 'सिक्योरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स' (एसटीटी) बढ़ाए जाने की घोषणा के कारण नजर आया। हालांकि यह दुर्लभ संयोग ही था, जब बजट पेश होने की वजह से रविवार को शेयर बाजार खुला। सरकार का दावा है कि उसकी नीतियां औद्योगिक विकास को बढ़ाने के लिए हैं, जिसके लिए वह 350 से अधिक आर्थिक सुधार कर चुकी है। उसका मानना है कि तकनीक के माध्यम से देश में कला, डिजाइन, फैशन, फिल्म, संगीत और डिजिटल कंटेंट को वैश्विक स्तर पर विस्तार मिल रहा है। वह देश में 'क्रिएटिव इकोनॉमी' के क्षेत्र में 'पर्सनल क्रिएटिविटी', 'स्किल' और 'इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी' को बढ़ावा देना चाहती है। जिसके लिए मुंबई के ह्यइंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ क्रिएटिव टेक्नोलॉजीस' को 15 हजार सेकेंड्री स्कूलों और 500 कॉलेजों में 'कंटेंट क्रिएटर लैब' स्थापित करने में मदद का प्रस्ताव दिया है। भारत में 'एनिमेशन', 'विजुअल इफेक्ट्स', 'गेमिंग' और 'कॉमिक्स सेक्टर' तेजी से बढ़ते क्षेत्र हैं, जिसमें वर्ष 2030 तक 20 लाख पेशेवर लोगों की जरूरत होगी। तकनीक के अलावा स्वास्थ्य का क्षेत्र सरकार की प्राथमिकताओं में है, जिसके लिए उसने बायो फार्मा सेक्टर को 10 हजार करोड़ देने का प्रावधान किया है। वहीं मधुमेह और कैंसर जैसी बीमारियों के लिए 36 दवाओं को सस्ता किया है। सरकार देश में मेडिकल हब बनाना चाहती है। वह तीन अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान(एम्स) बनाने की भी तैयारी में है।

## चिंतन-मनन

### जहाँ शांति है वही सुख

यदि हमारे पास दुनिया का पूरा वैभव और सुख-साधन उपलब्ध है परंतु शांति नहीं है तो हम भी आम आदमी की तरह ही हैं। संसार में मनुष्यों द्वारा जितने भी कार्य अथवा उद्यम किए जा रहे हैं सबका एक ही उद्देश्य है शांति। सबसे पहले तो हमें ये जान लेना चाहिए कि शांति क्या है? शांति का केवल अर्थ यह नहीं कि केवल मुख से चुप रहें अपितु मन का चुप रहना ही सच्ची सुख-शांति का आधार है। कहते हैं कि जहाँ शांति है वहाँ सुख है। अर्थात सुख का शांति से गहरा नाता है।

लड़ाई, दुख और लालच को भंग करने के लिए शांति सशक्त औजार है। कई लोग कहते हैं कि बिना इसके शांति नहीं हो सकती। इसके साथ ही भौतिक सुख-साधनों तथा अन्य संसाधनों से शांति होगी यह कहना भी गलत है। यदि इससे ही शांति हो जाती तो हम मंदिर आदि के चक्कर नहीं लगाते। धन-दौलत और संपदा से संसाधन खरीदे जा सकते हैं परंतु शांति नहीं। हम यही सोचते रह जाते हैं कि यह कर लूँगा तो शांति मिल जाएगी। आवश्यकताओं को पूरा करते-करते पूरा समय निकल जाता है और न तो शांति मिलती है और न ही खुशी।

खुशहाल पारिवारिक जीवन के लिए जरूरी है कि पहले शांति रहे। जहाँ शांति है वहाँ विकास है। जहाँ विकास है वहाँ सुख है। इसलिए अमूल्य शांति के लिए सबसे पहले हमें अपने आप को देखना होगा। अपने बारे में जानना होगा। मैं कौन हूं, कहाँ से आया हूं और हमारे अंदर कौन-कौन सी शक्तियाँ हैं जो हम अपने अंदर ही प्राप्त कर सकते हैं। शांति का सागर परमात्मा है। हम आत्माएँ परमात्मा की संतान हैं। जब हमारे अंदर शांति आएगी तो हमारा विकास होगा। जब विकास होगा तो वहाँ सुख का साम्राज्य होगा। यह प्रक्रिया बिल्कुल सरल और सहज है जिसके जरिए हम यह जान और पहचान सकते हैं। वर्तमान समय अशांति और दुख के भयानक दौर से गुजर रहा है। ऐसे में जरूरत है कि हम अपने धर्म और शाश्वत सत्य को स्वीकारते हुए शांति के सागर परमात्मा से अपने तार जोड़ें। ताकि हमारे भीतर शांति का खजाना मिले। इससे हमारे अंदर शांति तो आएगी ही साथ ही हम दूसरों को भी शांति प्रदान कर सकेंगे।

## सत्ता पाने की लालसा और कलयुगी रिश्ते



संजय गोस्वामी


यह दुनिया में लोग अपने अपने पद, पैसा और सत्ता या धन के लिए लालायित रहते हैं अभी दो दिन पहले ही महाराष्ट्र के उप मुख्य मंत्री स्व अजीत पवार जी का विमान क्रैश हुआ और मौत हो गई शायद वे सत्ता में नहीं रहते तो प्राइवेट जेट नहीं मिलता और जान बच सकती लेकिन तुरंत ही शनिवार 31 जनवरी 26 की शाम को अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने लोकभवन में उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली. सुनेत्रा पवार का उपमुख्यमंत्री बनना पहले से तय नहीं था, पति अजित की प्लेन क्रैश में निधन के बाद ऐसी राजनीतिक हालत बने लेकिन सच में ऐ पता हमें नहीं होता की सत्ता बड़ा है या हमारा विचार, ईश्वर को पहचाना जरूरी है यदि बनना ही था तो कम से कम उनका क्रिया क्रम कराकर बाद में भी निर्णय लिया जा सकता था इसलिए ऐ केवल एक उदाहरण नहीं है कई ऐसी घटना है कि पति के मरते ही पत्नी उसकी जायदाद पर काबू कर करने की कोशिश करती है इसलिए आपका अपना भगवान राम के सिवा कोई नहीं है समय बर्बाद ना करो उसी में लीन हो जाना सबकुछ मिलेगा क्योंकि शांति से बढ़कर कुछ नहीं है अच्छी बातचीत एक स्वस्थ रिश्ते का मूलभूत हिस्सा है। जब आप अपने साथी के साथ सकारात्मक भावनात्मक जुड़ाव महसूस करते हैं, तो आप सुरक्षित और खुश महसूस करते हैं। जब लोग अच्छी तरह से संवाद करना बंद कर देते हैं, तो उनके बीच संबंध भी खराब हो जाते हैं, और बदलाव या तनाव के समय यह दूरी और भी बढ़ जाती है।

इस सृष्टि का निर्माण निराकार सुप्त ऊर्जा से हुआ है जिसको कि हम श्याम कह सकते हैं मतलब अंधकार पूर्ण ऊर्जा है लेकिन इसमें किसी साधक को प्रकाश भी दिखाई देता है समस्त ब्रह्मांड का मालिक केवल परमपिता परमेश्वर भगवान राम ही है जिसका कोई रंग नहीं है रंगहीन है ईश्वर जैसे पानी जिसमें कोई रंग नहीं होता है लेकिन यदि उसमें एक छोटा सा कीड़ा पड़ जाता है तो स्पष्ट दिखाई देता है वैसे ही श्वेत प्रकाश जिसमें कोई रंग नहीं है लेकिन किसी प्रिज्म से गुजरता है तो सात रंगों से विभक्त हो जाता है जिसे विब्जीओर वायलेट, इंडिगो, ब्लू, ग्रीन, येलो, ऑरेंज, रेड) विज़िबल लाइट स्पेक्ट्रम के रंगों को दिखाता है, जिन्हें बढ़ती वेवलेंथ के हिसाब से छोटे (वायलेटः 380-450 nm) से लेकर लंबे (रेडः 620-750 nm) क्रम में रखा गया है, जिसमें हर रंग की एक खास नैनोमीटर (nm) रेंज होती है, जो इंद्रधनुष और रंग देखने की क्षमता को समझाने में मदद करती है।गुलाबी, बैगनी, हरा, लाल पीला,यानी जो भी रंग है उसमें पारदर्शिता नहीं है अतः रंग माया है और जिसमें कोई रंग नहीं है वो पारदर्शी है जिसमें हर कुछ दीखता है जैसे शीशा पारदर्शी है इस कारण मनुष्य रंगों के चक्कर में भटकता रहता है कोई गोरा दीखता है कोई काला और गोरा को सुन्दर पाकर बहुत खुश होता है और पत्नी बनाकर माया के जाल में भटकता रहता है लेकिन उसके विचारों पर ध्यान नहीं देता विचार महत्वपूर्ण है रंग नहीं क्योंकि उसका एक दिन नष्ट होना तय है और जब शरीर का नाश होता है तो मानव निश्चित ही एक योनि से दूसरे योनि में भटकता रहता है मानव योनि में कुछ विशेष लोगों जो राम भक्त होते हैं उन्हें शक्तियां प्रदान कर देता है जो आम जनमानस को मार्गदर्शन करते हैं और आवश्यकता पड़ने पर प्रभु राम के द्वारा प्रदत शक्ति से उसका कल्याण करते हैं।

गुरु तत्व वास्तव में ईश्वर ही तत्व है जब तक में गुरु और ईश्वर को एक नहीं मानना सीखोगे तब तक में तुम ना गुरु को पहचान पाओगे और ना ही ईश्वर को पहचान पाओगे। भगवान राम को ईश्वर मानने का अर्थ यह हो जाता है कि तुम उस राम की शक्ति के माध्यम से ही ईश्वर के पास पहुंचोगे। बिना राम की भक्ति और समर्पण के कोई भी शक्ति तुम्हारी सहायता नहीं कर सकती। इसको क्वांटम फिजिक्स से समझो जो डिस्टोर्टेड एनर्जी है क्वांटम फील्ड जो बिगड़ चुकी है उसके अंदर जब तक में सिंक्रोनाइजेशन नहीं होगा कोहरेंस नहीं होगा तब तक में और शक्ति बढ़ेगी नहीं और जब बढ़ेगी नहीं तो तुम्हारा कल्याण क्या होगा। इस कारण गुरु को समर्पण बहुत आवश्यक है और समय आने पर धीरे-धीरे गुरु शक्ति अपने को ईश्वरीय शक्ति में विलीन कर लेती है और एक अवस्था के बाद तुमको खुद श्रम करके आगे बढ़ना होता है वहां पर भगवान राम और भक्त अपनी साधना से उनके चरणों में पहुँचने का मार्ग पता हैं और सारे कष्ट से मुक़्त होता है ।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## सभी देशों को आत्महत्या रोकथाम को अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाना समय की माँग



किशन सनमुखदास

वैश्विक स्तरपर मानव सभ्यता की प्रगति के साथ -साथ मानसिक,सामाजिक और आर्थिक जटिलताएँ भी बढ़ती गई हैं। इन्हीं जटिलताओं से जुड़ा एक अत्यंत गंभीर विषय है,आत्महत्या। यह केवल किसी व्यक्ति का निजी निर्णय नहीं होता,बल्कि इसके पीछे सामाजिक मनोवैज्ञानिक, सांस्कृतिक और आर्थिक कारकों का गहरा प्रभाव होता है। अंतरराष्ट्रीय स्तरपर आत्महत्या को सार्वजनिक स्वास्थ्य की सबसे गंभीर चुनौतियों में से एक माना जाता है।विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्लूएचओ) के अनुसार, हर साल लगभग 7 लाख लोग आत्महत्या करके अपनी जान गंवाते हैं, जिसका अर्थ है कि हर 40 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या करता हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि इससे यह स्पष्ट होता है कि यह केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं,बल्कि वैश्विक संकट है। जिसका समाधान अब अंतरराष्ट्रीय मंचों पर सम्मिट बुलाकर करना समय की मांग है। बता दे भारत सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय ने राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति की घोषणा की है।यह देश में अपनी तरह का पहला कार्यक्रम है जिसमें वर्ष 2030 तक आत्महत्या मृत्यु दर में 10 पर्सेंट की कमी लाने के लिये समयबद्ध कार्य योजना और बहु-क्षेत्रीय सहयोग शामिल है।यह रणनीति आत्महत्या की रोकथाम के लिये विश्व स्वास्थ्य संगठन की दक्षिण-पूर्व एशिया क्षेत्र रणनीति के अनुरूप है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या क्या है और क्यों की जाती है? किस देश में सबसे ज्यादा आत्महत्या होती है? इसको समझने की करें तो, आत्महत्या का सामान्य अर्थ है, व्यक्ति द्वारा जानबूझकर अपनी जान लेना। यह निर्णय किसी क्षणिक आवेग का नहीं, बल्कि लंबे समय तक चले मानसिक और सामाजिक दबाव का परिणाम होता है। डब्लूएचओ की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, आत्महत्या करने वालों में से लगभग 77 पर्सेंट लोग निम्न और मध्यम आय वाले देशों से होते हैं,जहाँ मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ सीमित होती हैं और सामाजिक कलंक के कारण लोग मदद माँगने से कतराते हैं। आत्महत्या के मुख्य कारणों में डिप्रेशन,बाइपोलर डिसऑर्डर, सिजोफ्रेनिया, नशे की लत, तथा सामाजिक अलगाव प्रमुख हैं। इसके अलावा रिश्तों में असफलता, बेरोजगारी, आर्थिक तंगी,घरेलू हिंसा और युवाओं पर शिक्षा व करियर का दबाव भी आत्महत्या के प्रमुख कारक हैं।वैश्विक स्तर परआत्महत्या की दर हर देश में अलग-अलग है।डब्ल्यूएचओ की 2022 की रिपोर्ट बताती है कि लिथुआनिया दक्षिण कोरिया,रूस, गुयाना और जापान जैसे देशों में प्रति 1 लाख आबादी पर आत्महत्या दर सबसे अधिक दर्ज की गई है। उदाहरण के लिए, लिथुआनिया में यह दर लगभग 25.7 प्रति 1 लाख है, जबकि दक्षिण कोरिया में लगभग 20.2 प्रति 1 लाख। वहीं भारत और चीन जैसे देशों में कुल आत्महत्याओं की संख्या सबसे अधिक है,क्योंकि यहाँ जनसंख्या बहुत बड़ी है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरब) 2022 की रिपोर्ट के अनुसार, एक साल में 1.64 लाख से अधिक आत्महत्याएँ दर्ज की गईं, यानें हर दिन औसतन 450 से अधिक लोग आत्महत्या करते हैं। इनमें सबसे अधिक संख्या दैनिक वेतन बोगियों, छात्रों और किसानों की है। जापान में आत्महत्या लंबे समय से सामाजिक समस्या रही है,जहाँ हर साल लगभग 20,000 से अधिक लोग जीवन समाप्त कर लेते हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक चुनौती होने की करें तो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर यह स्वीकार किया गया है कि आत्महत्या को केवल व्यक्तिगत समस्या मानना उचित नहीं है। डब्ल्यूएचओ और अंतर्राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम संघ (आईएएसपी) के विशेषज्ञ मानते हैंकि आत्महत्या दरअसल मानसिक,सामाजिक,आर्थिक और सांस्कृतिक कारकों का परिणाम है। 2021 में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) द्वारा जारी एक रिपोर्ट में कहा गया कि आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं के पीछे गरीबी, सामाजिक असमानता, लैंगिक भेदभाव और शिक्षा का अभाव जैसी समस्याएँ भी प्रमुख रूप से जिम्मेदार हैं। युवाओं मेंआत्महत्या की दर विशेष रूप से चिंताजनक है।15-29 वर्ष आयु वर्ग में आत्महत्या मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण है। डिजिटल युग में साइबर बुलिंग, ऑनलाइन दबाव और सोशल मीडिया की अवास्तविक अपेक्षाएँ भी युवाओं को आत्महत्या की ओर धकेल रही हैं।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या रोकने के उपायों की करें तो शोध और डेटा संग्रह आत्महत्या रोकथाम की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण कदम है। डब्लूयुएचओ की मेन्टल हेल्थ अटलस 2020 रिपोर्ट बताती है कि दुनियाँ के 80 पर्सेंट से अधिक देशों में आत्महत्या से संबंधित डेटा उपलब्ध नहीं है या अधूरा है। इससे नीतियों का निर्माण कठिन हो जाता है। आईएएसपी लगातार इस दिशा में अनुसंधान और प्रशिक्षण को बढ़ावा दे रहा है। अमेरिका और यूरोप के देशों ने आत्महत्या रोकथाम पर व्यापक शोध कियाी है,जिससे यह साबित हुआ है कि कॉग्निटिव बिहेवियरल थेरेपी (सीबीटी), साइकोसोशल सपोर्ट, हेल्पलाइन सेवाएँ और सामुदायिक सहयोग आत्महत्या रोकने में बहुत प्रभावी हैं।पेशेवरों को प्रशिक्षित करना भी इस दिशा में अत्यंत आवश्यक है डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार, दुनियाँ भर में प्रति 1 लाख लोगों पर औसतन केवल 13 मानसिक स्वास्थ्य पेशेवर हैं, जबकि विकसित देशों में यह अनुपात बहुत अधिक है। इस असमानता के कारण निम्न और मध्यम आय वाले देशों में आत्महत्या रोकथाम चुनौतीपूर्ण बन जाती है। यदि डॉक्टर, शिक्षक, सामाजिक कार्यकर्ता और पुलिसकर्मी आत्महत्या के संकेतों को पहचानने और सही समय पर हस्तक्षेप करने में प्रशिक्षित हों, तो कई जिंदगियाँ बचाई जा सकती हैं। साथियों बात अगर हम आत्महत्याओं को रोकने के लिए शिक्षा और संवाद की आवश्यकता सबसे मजबूत हथियार होने की करें तो, आईएएसपी और डब्लूयुएचओ दोनों ही यह मानते हैं कि सार्वजनिक जागरूकता से आत्महत्या की प्रवृत्ति को काफी हद तक कम किया जा सकता है। डब्लूयुएचओ की 2022 की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद बढ़ाने से आत्महत्या दर में 20 पर्सेंट तक की कमी लाई जा सकती है।आज भी अधिकांश समाजों में मानसिक स्वास्थ्य और आत्महत्या को लेकर सामाजिक कलंक मौजूद है। लोग इस विषय पर बात करने से कतराते हैं।इसका परिणाम यह होता है कि पीड़ित व्यक्ति अकेलेपन और शर्मिंदगी का शिकार हो जाता है। युवाओं के बीच संवाद को बढ़ावा देना और उन्हें यह समझाना कि मदद माँगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस है,अत्यंत आवश्यक है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में काउंसलिंग सेवाएँ, हेल्पलाइन नंबर, मानसिक स्वास्थ्य कार्यशालाएँ शुरू करना उपयोगी साबित हो सकता है। उदाहरण के लिए, दक्षिण कोरिया और जापान ने स्कूल स्तरपरमानसिक स्वास्थ्य शिक्षा लागू की है, जिससे आत्महत्या की दर कम करने में मदद मिली है।

साथियों बात अगर हम आत्महत्या की रोकथाम के वैज्ञानिक और सामाजिक उपायों की करें तो,आत्महत्या रोकथाम के लिए बहुआयामी उपाय आवश्यक हैं।डब्लूयुएचओ की लाइव लाइफ रणनीति (2021) में चार प्रमुख उपाय सुझाए गए हैं (1) हानिकारक साधनों की उपलब्धता को कम करना (जैसे कीटनाशक, आग्नेयास्त्र,दवाइयाँ), (2) मीडिया रिपोर्टिंग के लिए जिम्मेदार दिशानिर्देश बनाना,(3) किशोरों और युवाओं में सामाजिक व भावनात्मक कौशल विकसित करना,(4) जल्दी पहचान और सहायता उपलब्ध कराना।इन उपायों से आत्महत्या की दर में उल्लेखनीय कमी लाई जा सकती है। उदाहरण के लिए, श्रीलंका ने कीटनाशकों पर प्रतिबंध लगाकर आत्महत्या की दर को 70 पर्सेंट तक घटा दिया। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन ने हेल्पलाइन और काउंसलिंग सेवाओं का विस्तार कर-के आत्महत्या रोकथाम में सफलता प्राप्त की हैं।

साथियों बात अगर हम इसका रोकथाम दिवस मनाकर इसपर जबरदस्त नियंत्रण की करें तो,10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है,आत्महत्या की समस्या वैश्विक है और इसका समाधान भी वैश्विक सहयोग से ही संभव है।डब्लूएचओ, आईएएसपी और यूएन लगातार आत्महत्या रोकथाम पर काम कर रहे हैं। जिसका उद्देश्य जागरूकता फैलाना और सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है।भविष्य की दिशा यह होनी चाहिए कि सभी देश आत्महत्या रोकथाम को अपनी राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति का हिस्सा बनाएँ। डिजिटल तकनीक का उपयोग करके एआई आधारित हेल्पलाइन, 24७7 ऑनलाइन काउंसलिंग, मोबाइल एप्स विकसित किए जाएँ, ताकि संकट की घड़ी में लोग तुरंत मदद पा सकें। इसके अलावा आत्महत्या के प्रयास करने वालों को अपराधी मानने की बजाय रोगी समझा जाए और उन्हें उचित चिकित्सा एवं परामर्श दिया जाए।

अतः अगर हम अपने पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस प्रकार, आँकड़ों और अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के आधार पर यह स्पष्ट है कि आत्महत्या केवल व्यक्तिगत समस्या नहीं है, बल्कि एक जटिल सामाजिक और वैश्विक चुनौती है। इसके समाधान के लिए सरकारों, अंतरराष्ट्रीय संगठनों, समुदायों और परिवारों को मिलकर काम करना होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### हमारे बीच पांच हजार वर्षों का व्यापारिक रिश्ता, भारत-अरब संबंध पर बोले अव्वाद

**अबुधावी, एजेंसी।** भारत-अरब विदेश मंत्रियों की बैठक के बीच विदेश मामलों के विशेषज्ञ वायल अव्वाद ने दोनों क्षेत्रों के बीच गहरे ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंधों पर प्रकाश डाला है। इस वार्ता को भारत और अरब जगत के बीच एक नए युग की शुरुआत माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत और अरब देशों के संबंध मात्र आधुनिक कूटनीति तक सीमित नहीं हैं, बल्कि हमारे बीच पांच हजार वर्षों का व्यापारिक संबंध है। अव्वाद ने लंबे समय से चले आ रहे संबंधों के संदर्भ को स्पष्ट करते हुए अरब देशों के भौगोलिक विस्तार और भारत के साथ उनके साझा हितों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि अरब जगत में कुल 22 देश शामिल हैं (11 उत्तरी अफ्रीका में और 11 पश्चिम एशिया व खाड़ी क्षेत्र में)। प्राचीन काल से ही दोनों सभ्यताओं के बीच व्यापार, अर्थव्यवस्था और ज्ञान का निरंतर आदान-प्रदान होता रहा है। वर्तमान विदेश मंत्रियों की बैठक 10 साल के अंतराल के बाद हो रही है, जो संबंधों को पुन: प्रगाढ़ करने का एक बड़ा संकेत है। अव्वाद के अनुसार, 2014 के बाद से भारत-अरब संबंधों में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कई अरब देशों ने अपने सर्वोच्च नागरिक सम्मान से नवाजा है। शीर्ष नेतृत्व के बीच बढ़ता विश्वास भारत को अरब जगत के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में स्थापित करता है।

### जज ने दिया पांच साल के बच्चे को पिता के साथ रिहा करने का आदेश

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में इमिग्रेशन एजेंट्स ने कुछ दिन पहले एड्रियन कोनेजो एरियस नाम के शख्स को पकड़ने के लिए उसके पांच साल के बच्चे का इस्तेमाल किया था। एजेंट्स ने उस पांच साल के बच्चे को मोहरे के तौर पर इस्तेमाल किया। इस मामले में अब फेडरल जज ने एक्शन लिया है। फेडरल जज ने इमिग्रेशन एजेंट्स को आदेश दिया कि उस पांच साल के बच्चे लियाम कोनेजो रामोस को रिहा कर दिया जाए। इसके साथ ही उस बच्चे के पिता एड्रियन कोनेजो एरियस को भी छोड़ा जाए। अमेरिका की पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने भी इस पांच साल के बच्चे की गिरफ्तारी का मामला उठाया था। इस बच्चे को मिनियापोलिस के एक शहर से इमिग्रेशन अधिकारियों द्वारा हिरासत में लिया गया था। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज फ्रेड बियरी ने शनिवार, 31 जनवरी को अपने आदेश में कहा, यह मामला सरकार की रोजाना डिपोर्टेशन कोटा पूरा करने की गलत सोची-समझी और खराब तरीके से लागू की गई कोशिश से शुरू हुआ है, भले ही इसके लिए बच्चों को ट्रॉमा से गुजरना पड़े। इक्वाडोर में रहने वाले यह पिता और बेटे शरणार्थी के तौर पर कानूनी रूप से अमेरिका में रह रहे थे। इनके वकील मार्क प्रोकोश ने इनकी गिरफ्तारी के बाद रॉयटर्स को बताया था कि इन दोनों को टेक्सास के डिले में एक फैमिली डिटेंशन सेंटर में भेजा गया है। कमला हैरिस के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए पोस्ट के बाद अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग की सहायक सचिव ट्रिशिया मैकलॉघलिन ने कहा, आइईसी ने बच्चे को मोहरा नहीं बनाया। मैकलॉघलिन ने आगे बताया, 20 जनवरी को आइईसी का ऑपरेशन बच्चे के पिता को गिरफ्तार करने के उद्देश्य से था। पिता ने बच्चे को छोड़ दिया और आइईसी ने बच्चे की मां से कई बार उसकी कस्टडी लेने के लिए कहा था, लेकिन उसने मना कर दिया।

### इस्तांबुल पहुंचे ईरानी विदेश मंत्री अराघची, शुरू की गुप्त रणनीतिक बातचीत

**तेहरान, एजेंसी।** मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के खतरे और अमेरिका की कड़ी चेतावनियों के बीच ईरान और तुर्किये ने कूटनीतिक गतिविधियां तेज कर दी हैं। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची गुरुवार को इस्तांबुल पहुंचे, जहां वे तुर्किये के शीर्ष नेतृत्व के साथ अहम और संवेदनशील बातचीत करने वाले हैं। इस्तांबुल पहुंचने के बाद अराघची ने कहा कि क्षेत्र की स्थिति बेहद नाज़ुक है, ऐसे में ईरान और तुर्किये के बीच सामान्य से कहीं अधिक संवाद हो रहा है। उन्होंने संकेत दिया कि अमेरिका और उसके सहयोगियों द्वारा आगे बढ़ाए जा रहे लक्ष्यों ने दोनों देशों को आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए मजबूर किया है। तुर्किये के विदेश मंत्री हाकान फिदान पहले ही अराघची से मुलाकात कर चुके हैं। यह बातचीत ऐसे समय हो रही है, जब अंकारा खुद को अमेरिका और ईरान के बीच संभावित सैन्य टकराव रोकने वाले मध्यस्थ के रूप में पेश कर रहा है। तुर्किये लंबे समय से क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने की बात करता रहा है।यह दौरा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उन धमकियों के बाद हो रहा है, जिनमें उन्होंने ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और आर्माडा (युद्धपोतों का बेड़ा) भेजने की बात कही थी। अमेरिका पहले ही फारस की खाड़ी में अपने युद्धपोत और लड़ाकू विमान तैनात कर चुका है। दौरे के दौरान अराघची की तुर्की राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से भी मुलाकात प्रस्तावित है। माना जा रहा है कि इस बैठक में ईरान पर अमेरिकी दबाव, इज़राइल की भूमिका, गाजा युद्ध और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा होगी।

# राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने कहा- इन्होंने भड़काई विरोध की आग

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने देश में हाल ही में हुए हिंसक प्रदर्शनों के लिए सीधे तौर पर अमेरिका, इजराइल और यूरोपीय देशों को जिम्मेदार ठहराया है।

शनिवार को सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक संबोधन में पेजेश्कियान ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप, बेंजामिन नेतन्याहू और यूरोपीय नेताओं ने ईरान की आर्थिक समस्याओं का फायदा उठाकर जनता को भड़काने और देश को तोड़ने का प्रयास किया है। दिसंबर के अंत में बढ़ती महंगाई और आर्थिक संकट के कारण शुरू हुए ये प्रदर्शन अब शांत हो गए हैं, लेकिन इनका प्रभाव काफी गहरा रहा है। राष्ट्रपति के अनुसार, विदेशी शक्तियों ने निर्दोष लोगों को इस आंदोलन में खींचने के लिए संसाधनों की आपूर्ति की और समाज को विभाजित करने की कोशिश की।

**मौतों के विरोधाभासी आंकड़े :** दो सप्ताह तक चले प्रदर्शनों के दौरान हुई हिंसा में हताहतों की संख्या को लेकर अलग-अलग दावे सामने आए हैं। अमेरिका स्थित मानवाधिकार संगठन एचआरएएनए का दावा है कि सुरक्षा बलों की कार्रवाई में कम से कम 6,563 लोग मारे गए हैं, जिनमें 6,170 प्रदर्शनकारी और 214 सुरक्षाकर्मी शामिल हैं

इसके विपरीत, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने आंकड़ों को कम बताते हुए कहा कि कुल 3,100 लोग



मारे गए हैं, जिनमें 2,000 सुरक्षा बल के जवान शामिल हैं। पेजेश्कियान ने स्पष्ट किया कि यह केवल एक सामाजिक विरोध नहीं था, बल्कि देश में घृणा और संघर्ष पैदा करने की एक सुनियोजित विदेशी साजिश थी। सैन्य तनाव व कूटनीतिक प्रयास वर्तमान में ईरान और अमेरिका के बीच तनाव चरम पर है। ट्रंप ने प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए सैन्य कार्रवाई के संकेत दिए हैं, हालांकि अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है। इस बीच, इजराइल के ईलात बंदरगाह पर अमेरिकी नौसेना के एक विध्वंसक जहाज के पहुंचने की खबर ने युद्ध की आशंकाओं को और बल दिया है। अमेरिका की मांग है कि बातचीत शुरू करने के लिए ईरान अपने मिसाइल कार्यक्रम पर रोक लगाए, जिसे ईरान ने सिरे से खारिज कर दिया है। विदेश मंत्री अराघची ने स्पष्ट किया कि मिसाइलों पर कोई समझौता नहीं होगा और शासन परिवर्तन की बात करना एक कल्पना मात्र है। तुर्की, सऊदी अरब और यूएई जैसे क्षेत्रीय देश स्थिति को बिगड़ने से रोकने के लिए कूटनीतिक प्रयासों में जुटे हैं। ईरान ने कभी परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश नहीं की- अराघची ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने शनिवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगान और विदेश मंत्री हाकान फिदान से मुलाकात कर क्षेत्रीय शांति पर चर्चा की। एक्स पोस्ट में अराघची ने कहा, हमारी बातचीत में, मैंने दोहराया कि ईरान ने कभी भी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं की है और वह एक निष्पक्ष और न्यायसंगत परमाणु समझौते के लिए तैयार है जो हमारे लोगों के वैध हितों को पूरा करता हो। इसमें परमाणु हथियार निषेध सुनिश्चित करना और प्रतिबंधों को हटाने की गारंटी देना शामिल है।

### स्विस बैंक में अकाउंट, ब्रिटिश लग्जरी मेंशन... खामेनेई के बेटे ने मिडिल ईस्ट से यूरोप तक फैलाया साम्राज्य

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई के बच्चों में दूसरे नंबर का सबसे बड़ा बेटा मोज्तबा खामेनेई एक आलीशान लाइफस्टाइल जीता है। इसके पास करोड़ों की प्रॉपर्टी है। मोज्तबा खामेनेई के पास केवल ईरान में ही नहीं, बल्कि यूरोप से लेकर मिडिल ईस्ट तक अयातुल्लाह खामेनेई के बेटे का साम्राज्य फैला है। नॉर्थ लंदन की एक सड़क, जिसे बिलियनेयर्स रो के नाम से जाना जाता है, इसकी ऊंची झाड़ियों और काले गेटों के पीछे कई खाली हवेली हैं। यहां के लग्जरी घरों में तेहरान से दुबई और फ्रैंकफर्ट तक फैला नेटवर्क रहता है। लंदन में इस प्रॉपर्टी का असली मालिकाना हक शेल कंपनियों के जरिए मोज्तबा खामेनेई तक पहुंचता है, जो कि मिडिल ईस्ट के सबसे ताकतवर शख्स में से एक है। 56 साल के मोज्तबा को अयातुल्लाह खामेनेई के उत्तराधिकारी के रूप में माना जा रहा है।पश्चिमी खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इनकी वित्तीय ताकत में पर्शियन गल्फ शिपिंग से लेकर स्विस बैंक खातों और 100 मिलियन पाउंड (138 मिलियन डॉलर) से ज्यादा की ब्रिटिश प्रॉपर्टी तक सब कुछ शामिल है।

## इजरायल ने फिर किया गाजा पर हमले, छह बच्चों सहित 30 फलस्तीनी मारे गए



**यरूसलम, एजेंसी।** फलस्तीनी स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, इजरायल ने शनिवार को गाजा में पिछले कई हफ्तों में सबसे भीषण हवाई हमले किए, जिनमें पुलिस स्टेशन, घरों और तंबुओं को निशाना बनाया गया। हमलों में छह बच्चों और तीन महिलाओं सहित 30 लोग मारे गए। इजरायली सेना ने कहा कि उसने हमास और उसके सहयोगी इस्लामिक जिहाद से संबंधित कमांडरों और ठिकानों को निशाना बनाया। यह कार्रवाई गाजा में दो साल के युद्ध के बाद पिछले अक्टूबर में अमेरिका की मध्यस्थता से हुए युद्धविराम के उल्लंघन के जवाब में की गई।

गाजा के लगभग आधे हिस्से पर नियंत्रण रखने वाले हमास ने कहा कि इजरायल ने युद्धविराम का उल्लंघन किया है। उसने यह नहीं बताया कि शनिवार के हमलों में उसके किसी सदस्य या ठिकाने को निशाना बनाया गया या नहीं। इजरायल ने ये हमले गाजा पट्टी और मिस्त्र के बीच रफा सीमा चौकी के फिर से खुलने से एक दिन पहले किए। यह चौकी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस योजना के तहत खोली जानी है, जिसके तहत गाजा के अधिकांश हिस्से को तबाह कर देने वाले युद्ध को समाप्त किया जाएगा। कई जगहों को बनाया निशाना स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, गाजा शहर के पश्चिम में स्थित शेख रादवान पुलिस स्टेशन पर इजरायली विमानों ने बमबारी की, जिसमें 10 अधिकारी और बंदी मारे गए। हमास द्वारा संचालित पुलिस ने बताया कि बचाव दल घटनास्थल पर और हताहतों की तलाश कर रहे हैं। अन्य हवाई हमलों में उत्तरी-मध्य गाजा में कम से कम दो घर और दक्षिण में खान यूनिस में विस्थापित फलस्तीनियों को आश्रय देने वाले एक शिविर को निशाना बनाया गया।

## ब्रिटिश रॉयल फैमिली का नाम भी एपस्टीन फाइल्स आया, पूर्व प्रिंस एंड्र्यू की आपत्तिजनक तस्वीरें वायरल

**वाशिंगटन/लदन, एजेंसी।** ब्रिटिश रॉयल फैमिली के पूर्व प्रिंस एंड्र्यू को लेकर एप्सटीन फाइल्स में नया खुलासा हुआ है। नये खुलासे में उन्हें हाथ और पैर के बल एक महिला के ऊपर लेटे देखा जा सकता है। ये तस्वीरें अमेरिकी न्याय विभाग ने शुक्रवार को जारी कीं, जिससे ब्रिटिश रॉयल फैमिली में हड़कंप मच गया है। ये तस्वीरें पूर्व प्रिंस एंड्र्यू पर राजनीतिक दबाव बढ़ाने वाली साबित हो रही है। ब्रिटिश प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने उन्हें अमेरिकी कांग्रेस के सामने गवाही देने की मांग की है। स्टार्मर ने जापान दौरे पर कहा कि एपस्टीन के पीड़ितों को न्याय मिलना सबसे जरूरी है। एक अनडेटेड तस्वीर में एंड्र्यू माउंटबेटन-विंडसर कैमरे की तरफ देखते हुए हाथ और पैर के बाल झुके हुए दिख रहे हैं। नीचे एक महिला लेटी हुई है, लेकिन गोपनीयता के वजह से उसका चेहरा धुंधला कर दिया गया है। दूसरी तस्वीर में एंड्र्यू का हाथ उसी महिला के पेट पर रखा हुआ है। बैकग्राउंड में एक अज्ञात व्यक्ति टेबल पर पैर रखे बैठा है। इन तस्वीरों का कोई कैप्शन या संदर्भ नहीं दिया गया, इसलिए ये कब



और कहां ली गई, ये साफ नहीं है।

**2010 की एक ईमेल चेन भी शामिल :** एपस्टीन दस्तावेजों में 2010 की एक ईमेल चेन भी शामिल है, जिसमें एपस्टीन ने एंड्र्यू को लंदन में एक दोस्त से मिलने का न्योता दिया। एंड्र्यू ने जवाब में कहा कि वो मिलने के लिए उत्सुक हैं और उसका संपर्क दें। एपस्टीन ने उस महिला को 26 साल की रूसी बताते हुए लिखा कि वो स्मार्ट, सुंदर और भरोसेमंद है। ये ईमेल एपस्टीन के नाबालिग से सेक्स सॉलिसिटेशन के दोषी ठहराए जाने के दो साल बाद भेजे गए थे। एक महीने बाद की ईमेल्स में दोनों लंदन में मिलने की योजना बनाते दिखते हैं। एंड्र्यू ने बकिंघम पैलेस में डिनर का सुझाव दिया, जहां बहुत प्राइवेसी होगी। एपस्टीन ने कहा कि उन्हें निजी समय की दरकार है।

## ईरान नहीं अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा भारत, डोनल्ड ट्रंप का बड़ा दावा

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने तेल खरीदने को लेकर फिर से एक बार नया बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि यदि चीन वेनेजुएला का तेल खरीदना चाहता है तो उसका स्वागत है। भारत ने पहले ही तेल खरीदने की डील कर ली है। एयर फोर्स वन में पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा, चीन का स्वागत है, वह आए और तेल पर एक शानदार डील करे। हमने पहले ही एक डील कर ली है। भारत आ रहा है और वे ईरान से खरीदने के बजाय वेनेजुएला से तेल खरीदेंगे। तो, हमने पहले ही डील का कॉन्सेप्ट बना लिया है। भारत सरकार ने अभी तक ट्रंप की टिप्पणियों पर कोई जवाब नहीं दिया है। इससे पहले, ट्रंप ने कहा था कि वेनेजुएला ने अमेरिका को 5.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के 50 मिलियन बैरल तेल की पेशकश की है और उन्होंने इस डील पर सहमति



दे दी है।

**ट्रंप ने पहले क्या किए हैं दावे :** सदर्न बुलेवार्ड का नाम बदलकर डोनाल्ड ट्रंप बुलेवार्ड रखने पर प्रेस को संबोधित करते हुए ट्रंप ने कहा, हम नए राष्ट्रपति के साथ डील कर रहे हैं। हम देश चलाने वाले बहुत से लोगों के साथ डील कर रहे हैं। उन्होंने कहा है कि हमारे पास 50 मिलियन बैरल तेल है और हमें इसे तुरंत प्रोसेस करवाना है क्योंकि हमारे पास जगह नहीं है। क्या आप इसे लेंगे? मैंने कहा, हम इसे लेंगे। यह 5.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। ट्रंप ने वेनेजुएला की अंतरिम सरकार के साथ अच्छे संबंधों की भी तारीफ की है। उन्होंने कहा, हमारे उन लोगों के साथ बहुत अच्छे संबंध रहे हैं जो अभी अंतरिम राष्ट्रपति हैं और बाकी सभी के साथ भी। बहुत सारा दबाव कम हो गया है।

**रेवन्यू अमेरिकी सरकार के अकाउंट में रखा जा रहा है :** मादुरो को पकड़े जाने के बाद, ट्रंप ने यह साफ कर दिया था कि वाशिंगटन ट्रांजिशन के दौरान वेनेजुएला को चलाएगा और उसे उनके देश में तेल और दूसरी चीज़ों तक पूरी पहुंच चाहिए। ट्रंप की टिप्पणियों से न्यूयॉर्क स्थित न्यूज़ आउटलेट सेमाफोर की हालिया रिपोर्ट की भी पुष्टि होती है कि अमेरिका ने 500 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के वेनेजुएला के तेल की पहली बिक्री की है। सेमाफोर रिपोर्ट के अनुसार, प्रशासन के एक अधिकारी के मुताबिक,आदेश में बताए अनुसार, तेल बिक्री से होने वाला रेवेन्यू फिलहाल अमेरिकी सरकार द्वारा नियंत्रित बैंक अकाउंट्स में रखा जा रहा है। दूसरे वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी के अनुसार, मेन अकाउंट कतर में है।

## बलूच विद्रोहियों का 48 पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर एक साथ हमला, 84 सैनिक मारे गए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने शनिवार को आपरेशन हेरोफ का दूसरा चरण शुरू करने का एलान किया। इसके तहत विद्रोहियों ने 48 जगहों पर एक साथ पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों पर हमले किए। पाकिस्तान की सेना और पुलिस बीएलए के निशाने पर है।

बीएलए ने 84 पाकिस्तानी सैनिकों को मार गिराने का दावा किया है। बीएलए के प्रवक्ता जियांद बलूच ने इसे कब्जा करने वाली ताकतों के खिलाफ निर्णायक प्रतिरोध करार दिया है। बीएलए ने आपरेशन हेरोफ का पहला चरण अगस्त 2024 के अंत में शुरू किया था। इसका उद्देश्य बलूचिस्तान में प्रमुख राजमार्गों और सेना शिविरों पर हमला करना था। दूसरी तरफ, बलूचिस्तान सरकार ने 70 विद्रोहियों



को मारने का दावा किया है। सरकार का कहना है शुक्रवार देर रात से शनिवार दोपहर तक विद्रोहियों ने 12 स्थानों पर सुरक्षा बलों, सरकारी एजेंसियों और नागरिकों पर हमले किए। इन अभियानों में 10 सुरक्षाकर्मियों की जान चली गई। विद्रोहियों ने यह अभियान पाकिस्तानी सुरक्षा बलों द्वारा पंजगुर और हरनाई में चलाए गए आपरेशन में 41 लड़ाकों की हत्या के बाद शुरू किया है।

बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि ये हमले क्वेटा, ग्वादर, मकरम, हुब, चमन और नसीराबाद सहित विभिन्न स्थानों पर किए गए। इन हमलों में पुलिस, सीमा सुरक्षा बल और नागरिकों को निशाना बनाया गया।

**अभियान अभी भी जारी :** बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार रात को शुरू हुआ अभियान शनिवार शाम को भी जारी है। एक संघीय मंत्री ने कहा कि बीएलए के लड़ाकों ने ग्वादर में नागरिकों की हत्या की। सूचना मंत्री अताउल्ला तरार ने जियो न्यूज को बताया कि जब विद्रोहियों ने हमला किया, तो सुरक्षा बल सतर्क थे। उन्होंने इन हमलों को विफल कर दिया।

## अमेरिका में बैंक पर ताला- जमाकर्ताओं के पैसे का क्या हुआ, कौन संभालेगा जिम्मेदारी?






**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका में बैंकिंग सेक्टर से जुड़ी एक बड़ी खबर सामने आई है। इलिनोइस डिपार्टमेंट ऑफ़ फाइनेंशियल एंड प्रोफेशनल रेगुलेशन ने मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट को बंद कर दिया है। इसके साथ ही फेडरल डिपॉजिट इंश्योरेंस कॉर्पोरेशन को इस बैंक का रिसीवर नियुक्त किया गया है। एफडीआइसी ने फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक के साथ खरीद और अधिग्रहण समझौता किया है, जिसके तहत मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट की लगभग सभी जमा राशियों को अपने नियंत्रण में लिया जाएगा।

मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट का इकलौता कार्यालय सोमवार, 2 फरवरी 2026 को अपने सामान्य कामकाजी समय में फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक की शाखा के रूप में दोबारा खुलेगा। बैंक के मौजूदा जमाकर्ता अपने आप फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक के ग्राहक बन जाएंगे। जिन जमा राशियों को फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक ने अपने पास लिया है, वे पहले की तरह एफडीआइसी बीमा के दायरे में रहेंगी, इसलिए ग्राहकों को घबराने या अपने बैंकिंग संबंध बदलने की जरूरत नहीं होगी। एफडीआइसी ने साफ किया है कि ग्राहकों को उनकी जमा राशि तक तुरंत पहुंच मिलेगी। सप्ताहांत के दौरान भी ग्राहक चेक लिखकर, ञरूया डेबिट कार्ड के जरिए अपने पैसे निकाल सकेंगे। बैंक पर जारी किए गए सभी चेक सामान्य रूप से प्रोसेस होते रहेंगे। वहीं, जिन ग्राहकों ने बैंक से लोन लिया है, उन्हें पहले की तरह अपनी किश्तों का भुगतान जारी रखना होगा। अगर किसी ग्राहक को कोई सवाल या परेशानी है, तो वे एफडीआइसी के टोल-फ्री नंबर 1-866-314-1744 पर संपर्क कर सकते हैं या एफडीआइसी की आधिकारिक वेबसाइट से जानकारी ले सकते हैं। यह हेल्पलाइन अलग-अलग दिनों में तय समय पर उपलब्ध रहेगी, ताकि ग्राहकों को हर संभव सहायता मिल सके। आंकड़ों के मुताबिक, 30 सितंबर 2025 तक मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट के पास कुल 261.1 मिलियन डॉलर की संपत्ति और 212.1 मिलियन डॉलर की जमा राशि थी। फर्स्ट इंडिपेंडेंस बैंक ने बैंक बंद होने के समय लगभग सभी जमा राशियों को लेने पर सहमति जताई है और वह विफल बैंक की करीब 251 मिलियन डॉलर की संपत्ति भी खरीदेगा। शेष संपत्तियों को एफडीआइसी अपने पास रखेगा और बाद में उनका निपटान किया जाएगा।

## लगातार दो धमाकों से दहला ईरान, 5 लोगों की मौत; इजरायल बोला- हमारा कोई हाथ नहीं

**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में शनिवार को दो अलग-अलग धमाकों में कम से कम पांच लोग मारे गए और 14 अन्य घायल हो गए। सरकारी तेहरान टाइम्स ने शहर के फायर डिपार्टमेंट के प्रमुख के हवाले से बताया कि दक्षिण-पश्चिमी शहर अहवाज में एक गैस धमाके से एक रिहायशी इमारत ढह गई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई। एक स्थानीय अधिकारी ने न्यूज एजेंसियों को बताया कि एक अलग घटना में दक्षिणी बंदरगाह शहर बंदर अब्बास में एक धमाके में एक व्यक्ति की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। दो इजरायली अधिकारियों के अनुसार, इजराइल ने इन धमाकों में किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है।

**धमाके की वजह की जांच जारी :** सरकारी न्यूज एजेंसी आईआरएनए ने होर्मोजगान प्रांत में संकट प्रबंधन के डायरेक्टर जनरल मेहरदाद हसनजादेह के हवाले से बताया कि धमाके की वजह की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा, इस घटना में घायल हुए लोगों को अस्पताल ले जाया जा रहा है। हालांकि उन्होंने किसी की मौत की कोई जानकारी नहीं दी। सरकारी टीवी पर दिखाई गई तस्वीरों में इमारत का बाहरी हिस्सा उड़ा हुआ दिख रहा था, जिससे अंदर के कुछ हिस्से दिख रहे थे और चारों ओर मलबा बिखरा हुआ था। दूसरे ईरानी मीडिया ने भी इसी तरह की रिपोर्ट दीं, लेकिन उसने भी कारण के बारे में कोई डिटेल नहीं दी। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी तसनीम ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पर आ रही वे खबरें जिनमें विस्फोट में रिवोल्यूशनरी गार्ड के नौसेना कमांडर को निशाना बनाए जाने का आरोप था, पूरी तरह से झूठी हैं। वहीं, तेहरान टाइम्स के अनुसार इराकी सीमा के पास अहवाज शहर में गैस विस्फोट में चार लोगों की मौत हो गई। इस बारे में तत्काल कोई और जानकारी उपलब्ध नहीं है। पेंटागन ने इस संबंध में टिप्पणी के अनुरोध पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।



**ईरान ने अमेरिका को दी चेतावनी :** ईरान के सेना प्रमुख अमीर हातामी ने शनिवार को चेतावनी दी कि अगर अमेरिका कोई गलती करता है, तो इससे निश्चित रूप से उसकी अपनी सुरक्षा, इजरायल और पूरे पश्चिम एशिया की सुरक्षा खतरे में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा, आज, इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान के सशस्त्र बल पूरी तरह से रक्षात्मक और सैन्य रूप से तैयार हैं और क्षेत्र में दुश्मन की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहे हैं। हम पूरी तरह से तैयार हैं। हातामी ने इस बात पर जोर दिया कि यदि दूसरा पक्ष समस्या का समाधान करने को तैयार है, तो उसे ईरानी राष्ट्र के साथ सम्मानजनक व्यवहार करना चाहिए। ट्रंप की धमकी के बीच हुआ धमाका राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप की तरफ से आक्रामक बयानबाजी के बाद अमेरिका द्वारा इस क्षेत्र में एक एयरक्राफ्ट कैरियर ग्रुप तैनात किए जाने के बाद ईरान में यह धमाका एक तनावपूर्ण समय में हुआ।

# शरीर के लिए कमाल है ऊंटनी का दूध




कहते हैं कि गाय-भैंस या बकरी का दूध आपके संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है, लेकिन क्या कभी आपने ऊंटनी का दूध पीने के फायदों के बारे में सुना है अगर नहीं, तो आइए हम आपको ऊंटनी का दूध पीने के फायदे बताते हैं।

दूध आपके संपूर्ण स्वास्थ्य को बेहतर रखने के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन ऊंटनी का दूध पीने के फायदों के बारे में सुनकर आप दंग रह जाएंगे। जी हां ऊंटनी का दूध न सिर्फ आपको सेहतमंद बनाता है, बल्कि आप किसी बीमारी से पीड़ित हैं, तो दवा के रूप में काम करता है। शायद आपको यकीन न हो, लेकिन इसका एक उदाहरण है- राजस्थान के टोंक गांव में रहने वाले हनुमान बलि। जिसने अपनी बीमारी में कई सालों दवा पर लांखों रुपए खर्च किए, लेकिन किसी दोस्त की सलाह पर उसने ऊंटनी का दूध पीना शुरू किया और उसकी बीमारी 1 महीने में ही आसानी से कटने लगी।

ऊंटनी के दूध में ऐसे शक्तिशाली गुण होते हैं, जो आपकी कई जटिल बीमारियों को ठीक करने में मदद कर सकते हैं, क्योंकि ऊंटनी के दूध में सभी जरूरी पोषक तत्व जैसे- प्रोटीन, कैल्शियम, कार्बोहाइड्रेट, प्राकृतिक शुगर, फाइबर, लैक्टिक अम्ल, आयरन, मैग्निशियम, अल्फा हाइड्रोक्सिल अम्ल और कई विटामिन्स पाए जाते हैं। यह सभी पोषक तत्व शरीर को स्वस्थ और सुंदर रखने में मदद करते हैं। आइए हम आपको यहां ऊंटनी का दूध पीने के स्वास्थ्य लाभ बताते हैं।

## डायबिटीज कंट्रोल करने में मददगार

यदि आप कम से कम 1 या 2 महीने भी नियमित रूप से ऊंटनी का दूध पीते हैं, तो यह आपके ब्लड शुगर लेवल को कंट्रोल कर डायबिटीज को नियंत्रित करने में मददगार है। ऊंटनी के दूध में फाइबर की भरपूर मात्रा होती है, जो कि ब्लड शुगर को कंट्रोल करने और आपको एर्नेजेटिक रखने में सहायक है। ऊंटनी के एक लीटर दूध में कम से कम 52 से 55 यूनिट इंसुलिन की मात्रा होती है, जो अन्य किसी पशु के दूध में नहीं पाई जाती। इसलिए कई वर्षों से इसका इस्तेमाल डायबिटीज को नियंत्रित करने के लिए किया जाता है, लेकिन इसके बारे में कम ही लोग जानते हैं।

## एलर्जी में फायदेमंद

यदि आपको या आपके बच्चे को फूड एलर्जी या कोई अन्य तरह की एलर्जी है, तो आप ऊंटनी का दूध पिएं। ऊंटनी का दूध एंटी-बैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर है। इसमें एलर्जी के साथ विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता होती है। इसमें मौजूद इम्युनोग्लोबुलिन की उपस्थिति एलर्जी और उनके लक्षणों को कम करने में मददगार है।

## वजन घटाना है तो पीएं ऊंटनी का दूध

आजकल तमाम लोग वजन घटाने की कोशिश में लगे रहते हैं। अगर आप भी उनमें से एक हैं, तो आप ऊंटनी का दूध पिएं। यह आपकी वेअ लॉस जर्नी का बेस्ट फ्रेंड बन सकता है, क्योंकि ऊंटनी का दूध प्रोटीन से भरपूर होने के साथ वसा में कम होता है, जिसका मतलब है कि यह आपको एक्सट्रा वेट को कम करने में और बैड कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करने में मदद करता है।

## ऑटिज्म का रामबाण इलाज

ऊंटनी का दूध ऑटिज्म का रामबाण इलाज है। जी हां ऊंटनी का दूध पीने से ऑटिस्टिक लक्षणों पर रोक लगाने में मदद मिलती है। ऊंटनी के दूध में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुणों की वजह से ऑटिज्म को खत्म करने में मदद मिल सकती है। एक अध्ययन में भी इस बात का जिक्र है कि ऊंटनी का दूध मंद बुद्धि बच्चों के लिए अमृत के समान है और यह ऑटिज्म के लक्षणों में सुधार कर सकता है।

## मजबूत हड्डियों का सीक्रेट

ऊंटनी का दूध आपकी हड्डियों को मजबूत बनाने में मदद करता है, इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता। इसमें मौजूद कैल्शियम हड्डियों को मजबूती प्रदान कर सकता है और जोड़ों के दर्द से परेशान लोगों को राहत दिला सकता है।

## त्वचा के लिए बेहतर

ऊंटनी का दूध आपके खून को साफ करने, लिवर को स्वस्थ रखने और पाचन को बढ़ावा देने के साथ आपकी त्वचा में निखार लाने में मदद करता है। ऊंटनी के दूध में अल्फा हाइड्रोक्सिल अम्ल होता है, जो त्वचा के लिए फायदेमंद होता है। यह आपकी त्वचा को सॉफ्ट बनाने के साथ त्वचा पर झुर्रियों और फाइन लाइन्स को रोकता है।

# क्यों तेजी से लोग हो रहे कैंसर के शिकार? एक साल में तीन गुना बढ़े केस



देशभर में सामान्य कैंसर समेत ओरल, सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। नेशनल हेल्थ प्रोफाइल, 2019 द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक एनसीडी क्लीनिक्स ने 2017 से लेकर 2018 के बीच कैंसर के मामलों की पहचान की है। ये रिपोर्ट बताती है कि इस एक साल के अंतराल में कैंसर के मामले 324प्रतिशत यानी तीन गुना से भी ज्यादा बढ़ गए हैं।

रिपोर्ट की मानें तो पिछले साल एनसीडी क्लीनिक्स में 6।5 करोड़ लोगों ने कैंसर की जांच करवाई थी, जिसमें 1।6 लाख लोगों में सामान्य कैंसर पाया गया था। यानी लोगों में सामान्य कैंसर के अलावा भी दूसरे प्रकार के कैंसर तेजी से फैल रहे हैं।

जबकि साल 2017 में कैंसर के कुल 39,635 मामले ही देखने को मिले थे। 2017 से लेकर 2018 के बीच एनसीडी क्लीनिक्स में आए कैंसर पीड़ितों की संख्या भी दोगुनी हुई है।

पहले वर्ष जहां कैंसर के कुल 3।5 करोड़ मामले देखने को मिले थे, वहीं अगले वर्ष वो बढ़कर 6।6 करोड़ हो चुके थे। विशेषज्ञों का मानना है कि लोगों के बदलती लाइफस्टाइल, स्ट्रेस, खान-पान की आदतें, एल्कोहल और तंबाकू का सेवन इसकी बड़ी वजह रहा है।

कैंसर के सबसे ज्यादा मामले गुजरात से सामने आए हैं। साल 2017 में गुजरात में 3,939 कैंसर पीड़ितों की पुष्टि हुई थी। वहीं, 2018 में ये संख्या बढ़कर 72,169 हो गई। यानी गुजरात में कॉमन कैंसर के नए मामले 68,230 बढ़े हैं। गुजरात के बाद सबसे खराब हाल कर्नाटक, महाराष्ट्र, तेलंगाना और पश्चिम बंगाल का रहा है।



## रेसिपी



### मेथी चमन

**सामग्री**

- मेथी पत्ता: 1 कप
- पालक : 1 कप
- कटा हुआ पनीर: 150 ग्राम
- हरी मिर्च: 2
- बारीक क टा प्याज: 1
- जीरा: 1 चम्मच
- सरसों तेल: 3 चम्मच
- हल्दी पाउडर : 1/4 चम्मच
- धनिया पाउडर : 1 चम्मच
- गरम मसाला पाउडर : 1/2 चम्मच

**विधि**

एक पैन में पानी उबालें। उसमें थोड़ा-सा नमक डालें। गैस ऑफ करें। पालक एवं मेथी को अच्छी तरह से साफ करके धो लें। उबले हुए पानी में पालक व मेथी डालें। पैन को पांच मिनट के लिए ढककर छोड़ दें। पालक व मेथी को पानी से निकालें और तुरंत ठंडे पानी से धो लें। आधा कप गर्म पानी बाद में इस्तेमाल के लिए बचाकर रख लें। ब्लेंडर में दोनों साग व हरी मिर्च डालें व पेस्ट तैयार कर लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें जीरा एवं प्याज डालें। प्याज को सुनहरा होने तक भूनें। हल्दी पाउडर और धनिया पाउडर डालकर तीन से चार मिनट तक भूनें। अब साग वाली प्यूरी और नमक को कड़ाही में डालकर मिलाएं। मध्यम आंच पर चार से पांच मिनट तक पकाएं। बचा हुआ गर्म पानी कड़ाही में डालकर मिलाएं। दो-चार मिनट और पकाएं। पनीर के टुकड़े और गरम मसाला पाउडर डालकर मिलाएं। कड़ाही को ढककर तीन-चार मिनट तक सब्जी को और पकाएं। गैस ऑफ करें। रोटी या परांठे के साथ सर्व करें।



### पालक कढ़ी

**सामग्री**

- पालक : 1/2 किलो
- दही: 1 कटोरी
- बेसन: 4 चम्मच
- मेथी दाना: 8 चम्मच
- हींग चुटकी भर
- सौंफ : 1 चम्मच
- सूखी लाल मिर्च: 4
- नमक : स्वाद के अनुसार
- हल्दी: 1/2 चम्मच
- तेल: 2 चम्मच

**विधि**

पालक को साफ करके धो लें और बारीक काट लें। कड़ाही में तेल गर्म करें और उसमें हींग, मेथी, लाल मिर्च, सौंफ और हल्दी डालें। एक दो मिनट बाद कड़ाही में पालक डालें और मध्यम आंच पर भून लें। इस बीच एक बर्तन में दही, बेसन और पानी डालकर अच्छी तरह से फेंटें। जब पालक का पानी सूख जाए तो बेसन वाला यह मिश्रण कड़ाही में डालें और लगातार चलाते हुए मध्यम आंच पर कढ़ी को पकाएं। नमक डालकर मिलाएं। जब कढ़ी गाढ़ी हो जाए तो गैस बंद करें। चावल के साथ गर्मागर्म पेश करें।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-2-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। रूकावटें आएंगी। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-6-8

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-1-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-2-4-6

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-4-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-5-7-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। शांतिपूर्वक कार्य करें। धार्मिक यात्रा का योग हैं। शुभांक-5-7-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। शुभांक-2-5-7

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-4-5-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-5-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। शुभांक-3-6-8

## लॉफिंग ज़ोन

अपने पति की हत्या के मामले में कटघरे में खड़ी महिला से न्यायाधिश ने कहा- आपको अपनी सफाई में क्या कहना है?

महिला : मैं क्या कह सकती हूँ, मेरे यहाँ सफाई तो नौकरानी करती है। इस विषय में इससे ज्यादा जानकारी तो वही दे सकती है।

□ □ □

रमन (प्रेमिका) से- गीता, प्लीज मुझसे शादी के लिए हाँ कर दो ना....! मैं तुम्हारी हर छोटी-छोटी इच्छाओं को पूरी करूँगा।

प्रेमिका बोली- ये सब तो ठीक है, परंतु मेरी उन बड़ी इच्छाओं का क्या होगा? उसे कौन पूरा करेगा दूसरा पति।

□ □ □

एक बार तीन नीग्रो जंगल में जा रहे थे। घने जंगल के रास्ते में उन्हें भगवान मिले। भगवान ने उन्हें एक-एक वरदान माँगने के लिए कहा।

पहला बोला- मुझे गोरा बना दो।

भगवान- तथास्तु।


दूसरा बोला- मुझे भी गोरा बना दो।

भगवान ने कहा- तथास्तु।

अब तीसरे नीग्रो के माँगने की बारी थी। उसने वरदान माँगा- इन दोनों को फिर से काला-काला बना दो।


□ □ □

## काकुरो पहेली - 1615




खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.


उदाहरणतः




**काकुरो - 1614 का हल**



## फिल्म वर्ग पहेली - 1615



**ऊपर से नीचे:-**

१. 'रात कली इक ख्वाब में आई' गीत वाली फिल्म-२,२,२
२. फिल्म 'आर या पार' की नायिका-२
३. शाहरूख, माधुरी की 'बड़ी मुश्किल है' गीत वाली फिल्म-३
४. 'तुम भी चलो हम भी चलें' गीत वाली अमिताभ, सायरा की फिल्म-३
६. राजेश खन्ना, राखी की 'छोड़दे जवानी में उदासी' गीत वाली फिल्म-४
११. 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-१,२
१२. नसीरूद्दीनशाह, पूजा की 'आज हमने दिल का हर फैसला' गीत वाली फिल्म-२
१३.'बहारों फूल बरसाओ' गीतवाली फिल्म-३
१४. अमिताभ, शशि, शत्रुघ्न, राखी, परवीन, बिंदिया की फिल्म-२
१७. जीतेंद्र, हेमा की 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२०.फिल्म 'शोला और शबनम' नायिका कौन थी?-३
२१. फिल्म 'गुनाह' की नायक कौन था-२
२२. जीतेंद्र, लीना की 'कभी खोले ना तिजोरी का' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'मझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली डिनो और बिपाशा की फिल्म-२
२४. अक्षय, करीना की 'यार बदल ना जाना' गीत वाली फिल्म-३
२५. 'फूलों सा चेहरा तेरा' गीत वाली फिल्म-३
२६. राजेश, धर्मेन्द्र, वहीदा की 'हमने देखी है' गीत वाली फिल्म-३
२८.'मैं कुड़ी अनजानी' गीत वाली सनीदेओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अनिल, रेखा की 'तू मेरा मखना' गीत वाली फिल्म-३
३. 'किसीसे तुम प्यार करो' गीत वाली अक्षय, लारा, प्रियंका की फिल्म-३
५. 'सुबह सुबह जब' गीत वाली फिल्म-२
७. राजकुमार, मीनाकुमारी की 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली फिल्म-३
८. मंगेशकर बहनों लता, आशा, उषा की चौथी बहन का नाम क्या हैं?-२
९. अमिताभ, जया की 'आए तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-२
१०. 'परदेसी तो हैं परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
१२. देवआनंद, निम्मी की 'ओ रूपनगर के सौदागर' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'मैं ने तुझसे प्यार' गीत वाली विनोद खन्ना, भानुप्रिया की फिल्म-२
१४. राजकपूर, मीनाकुमारी की 'ऐ चाँद जहाँ वो जाए' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'घर आजा परदेसी' गीत वाली सनी, अमीषा की फिल्म-३
१६. अजय देवगन, मनीषा, करिश्मा की एक फिल्म-४
१८. 'जलता है जिया' गीत वाली सुनील दत्त, रीनाराय, आशा की फिल्म-२
१९. सनी, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
२२. 'तारे हैं बारती' गीत वाली अनिल, तब्बू, पूजा बत्रा की फिल्म-४
२५. मनीष, मनीषा की 'तू दीवाना पागल मेरा' गीत वाली फिल्म-३,३
२७. 'लड़की है क्या' गीतवाली फिल्म-३
२८. 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'सूर्यवंशी' में नायिका कौन थी-२
३०. सनी, जूही की 'जादू तेरी नजर' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'जब कोई बात' गीतवाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 1614**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| आ | शि | क | | दी | वा | र | | प्रे | म |
| शि | | न्है | | वी | | फू | ल | | न |
| की | | या | रा | ना | | च | | रा | का |
| | शा | | जा | | ट | क | र | | मी |
| जा | न | की | बा | जी | | र | | अं | त |
| गृ | | | बू | | ही | | दा | दा | |
| ति | रं | गा | | को | रा | का | ग | ज | |
| | ग | | आ | ह | | श | | | सं |
| दे | | रा | जा | रा | नी | | रा | जा | जी |
| व | क्त | | द | | ना | रा | ज | | व |

## सूडोकु -1615


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु -1614 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 1615



**बाएँ से दाएँ**

1.हलचल,कोलाहल-3,3
5.मानवीयता-4
8.शरीर, बदन-2
9.ऊंचाई-3
10.तीर, बाण-2
11.मनमोहक-4
12.रग, नाड़ी-2
14.दुत्कारना-4
16.चतुर, फुर्तीला-3
18.साझेदार-4
20.रमण लायक-3,2
23.भारी, वजन वाला-5
26.असावधानी-4
27.दाल पीसना-3
29.निश्चित-4
30.कविता-2
32.शरीर व इच्छा-2,2
33.भारत के झंडे का एक एक रंग-2
35.सलाम करना-3
36.रास्ता-2
37.राह पर चलनेवाले-4
38.जहाज चलाने की प्रक्रिया-3,3

**ऊपर से नीचे**

1.पैतृक संपत्ति का वारिस-6
2.गाय के स्तन-2
3.प्रसन्न होने का भाव-4
4.लगन, जिज्ञासा-3
5.खदान,खान (अंग्रेजी में-3)
6.अधीन, काबू-2
7.डामर, टार-4
11.पूर्वरक्षण, रिजर्वेशन-4
13.सच्चाई-2
15.दुश्मनी,शत्रुता-4
17.घूंघट, बुरखा-3
18.भाग्य का लेखा-जोखा-4
19.धूल, रेत-2
21.भवन, प्रसाद-3
22.जोड़, कुल-2
24.लावण्ययुक्त-4
25.जीवन निर्वाह का ढंग,-3,3
27.विजयादशमी-4
28.मोड़, छोर-2
29.मृत्यु का देवता, यम-4
31.बुरी आदत-3
32.सभ्य व्यवहार-3
34.मार्ग-2
36.गोंद, वार्निश-2

**शब्द पहेली - 1614 का हल**

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ह | ल | च | ल | | टा | | द | वा | खा | ना |
| | क्ष्य | | व | | ल | क | वा | | र | ज |
| ज | | | कु | सु | म | | त | | | नी |
| ब | द | मा | श | | टो | ना | | सौ | त | न |
| र | | हि | | फा | ल | | प्रा | | न | |
| न | ग | र | वा | सी | | ग | ण | ना | य | क |
| | र | | द | | मा | ली | | पा | | ल |
| अ | ल | ग | | म | न | | चौ | की | दा | र |
| प | | | चि | | सि | स | की | | | व |
| रा | ज | | क | न | क | | दा | | मे | |
| ध | ड़ | क | न | | ता | | री | मा | ला | गू |

## गुरु रविदास किसी एक जाति के नहीं बल्कि सर्वजन के प्रेरणा के स्रोत : निहालचंद मेघवाल

**एजेंसी**

**टोंक।** भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान की अध्यक्षता में संत रविदास जी की जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल रहे। साथ ही सामूहिक रूप से भाजपा कार्यालय पर बजट को सुना गया। एससी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष निहालचंद मेघवाल ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली सरकार है, जिसके नेतृत्व में हर समुदाय को एक समान नजर से देखकर संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती को सरकारी तौर पर मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास किसी एक जाति के नहीं बल्कि सर्व मानस जन के प्रेरणा के स्वरूप थे। सामाजिक समरसता का संदेश देती उनकी शिक्षाएं आज भी एकता, सद्भावना व चरित्र निर्माण हेतु सर्वथा अनुकरणीय हैं। संत रविदास की शिक्षाएं आज भी प्रेरणादायक हैं। समाज सुधारक संत रविदास ने अपनी दोहों एवं उपदेशों के माध्यम से जाति आधारित सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संदेश दिया है। भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीर सिंह चौहान ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास सामाजिक समरसता, समानता एवं मानवता के महान संत थे। उन्होंने अपने उपदेशों एवं वाणी के माध्यम से समाज में व्याप्त भेदभाव, छुआछूत एवं जातिगत असमानता के विरुद्ध सशक्त आवाज उठाई। संत परंपरा में गुरु रविदास भक्ति, समता एवं मानव मूल्यों के ध्वजवाहक हैं। उन्होंने अपने विचारों एवं वाणी से जाति-भेद, ऊंच-नीच एवं अन्याय का विरोध किया तथा प्रेम, करुणा एवं भाईचारे का संदेश दिया।

## सीजे रॉय आत्महत्या मामलाः सीएम विजयन ने वित्त मंत्री सीतारमण को लिखा पत्र, न्यायिक जांच की मांग

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को एक पत्र लिखकर 30 जनवरी को इनकम टैक्स अधिकारियों की तलाशी कार्रवाई के दौरान सी.जे. रॉय की अप्राकृतिक मौत की न्यायिक जांच की मांग की है। मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन ने अपने पत्र में लिखा, 'मैं यह पत्र रॉय की अप्राकृतिक मौत पर केरल के लोगों के गहरे दुख को शेयर करने के लिए लिख रहा हूं। इस घटना के बारे में सुनकर बिजनेस कम्युनिटी और सिविल सोसायटी सदमे में हैं। मैं शुरू में ही यह कहना चाहता हूं कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना देश के टैक्स एडमिनिस्ट्रेशन पर एक धब्बा है, जबकि सरकार का मकसद डेटा का इस्तेमाल बिना दखल के राजस्व बढ़ाने और मदद करने के लिए बताया गया है। हालांकि इस बात पर कोई विवाद नहीं हो सकता कि कुछ खास मामलों में, जब हालात ऐसे हों, तो दखल देने वाली कार्रवाई की जरूरत पड़ सकती है, लेकिन ऐसी कार्रवाई शुरू करते समय और खत्म करते समय बहुत ज्यादा सावधानी बरतने की जरूरत है।' सीएम विजयन ने केंद्रीय वित्त मंत्री को लिखे अपने पत्र में कुछ सवाल भी उठाए हैं।

## दक्षिण कोलकाता में हुए हिंसक झड़प में 10 लोग गिरफ्तार, जांच जारी

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस ने दक्षिण कोलकाता के गोलपार्क इलाके में गुटों के बीच हुई हिंसक झड़प के सिलसिले में 10 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। गिरफ्तार किए गए लोगों की पहचान बॉबी हेला (28), अर्जुन मल्लिक (29), शेख बच्चू (38), मुकेश पासवान (32), रॉबिन दास (29), सुजान हलदर (19), राज हलदर (24), गोपाल सरकार (29), अजय हलदर (29) और संदीप नास्कर (18) के रूप में हुई है। इन सभी लोगों को कोलकाता की एक अदालत में पेश किया जाएगा। पुलिस के मुताबिक, यह हिंसा रबींद्र सरोवर पुलिस स्टेशन के इलाके में गोलपार्क के पास काकुलिया रोड पर हुई। आरोप है कि बदमाशों ने हंगामा किया और पुलिस की गाड़ियों और स्थानीय लोगों की मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ की। यह हिंसा रबींद्र सरोवर पुलिस स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में गोलपार्क के पास काकुलिया रोड पर हुई। आरोप है कि बदमाशों ने हंगामा किया, पुलिस की गाड़ियों और स्थानीय लोगों की मोटरसाइकिलों में तोड़फोड़ की। शुरुआती जांच से पता चलता है कि यह झड़प गोलपार्क के पास पंचाननतला इलाके में एक लोकल क्लब में हो रही पिकनिक के दौरान हुई। पुलिस और स्थानीय सूत्रों ने बताया कि करीब 100 से 150 बदमाशों ने हमला किया। हिंसा के दौरान कथित तौर पर गोलियां चलाई गई, कच्चे बम फेंके गए और धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया गया। ईंटें भी फेंकी गई, जिससे इलाके में दहशत फैल गई।

## बंगाल में पहले सिर्फ कुछ इलाके संवेदनशील थे, अब पूरा राज्य चपेट में : दिलीप घोष

**नई दिल्ली।** भाजपा नेता और पश्चिम बंगाल के पूर्व भाजपा अध्यक्ष दिलीप घोष ने राज्य में बिगड़ती कानून-व्यवस्था को लेकर तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने दावा किया कि पूरे बंगाल में आपराधिक गतिविधियां फैल गई हैं और पुलिस निर्णायक कार्रवाई करने में नाकाम रही है। हाल ही में हुई हिंसा की घटनाओं और अवैध हथियारों की बरामदगी पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा नेता दिलीप घोष ने समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए कहा, 'पहले, बंगाल के कुछ ही इलाके संवेदनशील थे, जहां कभी-कभी झगड़े या गड़बड़ी होती थी। अब, पूरा राज्य इस स्थिति में आ गया है। कोलकाता में खुलेआम हथियार और बम बरामद हो रहे हैं, और माफिया, गुंडों और सिंडिकेट के बीच नियमित रूप से झड़पें हो रही हैं।' उन्होंने आरोप लगाया कि संगठित अपराध बहुत ज्यादा बढ़ गया है और बार-बार घटनाओं के बावजूद पुलिस पर निष्क्रिय रहने का आरोप लगाया।

# चेन्नई में 5 फरवरी तक बारिश होने के आसार, पहाड़ी इलाके में न जाने की सलाह

**एजेंसी**

**चेन्नई।** भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने पड़ोसी समुद्री इलाकों में कई कम दबाव वाले सिस्टम की मौजूदगी के कारण सोमवार को पश्चिमी घाट के जिलों में हल्की बारिश का अनुमान लगाया है। अधिकारियों के अनुसार, दक्षिण-पूर्वी अरब सागर और लक्षद्वीप और केरल तटों के आस-पास के इलाकों में फिलहाल एक कम दबाव का साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। इसके अलावा, कोमोरिन सागर और आस-पास के इलाकों में एक और कम दबाव का साइक्लोनिक सर्कुलेशन बन गया है। इन मौसमी स्थितियों से दक्षिण भारत के कुछ हिस्सों में मौसम के पैटर्न पर काफी असर पड़ने की उम्मीद है। इन सिस्टम्स की वजह से पश्चिमी घाट के जिलों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों ने इन इलाकों के निवासियों को सावधान रहने की सलाह दी है, खासकर पहाड़ी और भूस्खलन वाले



इलाकों में, क्योंकि रुक-रुक कर होने वाली बारिश से रोजाना के काम और यात्रा पर असर पड़ सकता है। मौसम विभाग ने कई अंदरूनी जिलों के लिए कोहरे की चेतावनी भी जारी की है। सोमवार से 5 फरवरी तक कृष्णागिरी, तिरुपत्तूर, वेल्लोर, रानीपेट, नीलगिरी और डिंडीगुल जिलों में सुबह के समय हल्का कोहरा रहने की उम्मीद है। इन इलाकों में विजिबिलिटी कम हो सकती है और गाड़ी चलाने वालों को सावधानी से गाड़ी चलाने की सलाह दी गई है। इस बीच, चेन्नई में मौसम के अपेक्षाकृत स्थिर रहने की उम्मीद है। शहर में दिन भर आसमान में हल्के बादल छाए रहने की संभावना है। तमिलनाडु की राजधानी में न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है, जिससे अंदरूनी ठंडे और नमी वाले इलाकों की तुलना में मौसम थोड़ा सुहावना रहेगा। मौसम अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल कोई गंभीर मौसम चेतावनी जारी नहीं की गई है, लेकिन कम दबाव वाले सिस्टम में होने वाले बदलावों पर करीब से नजर रखी जाएगी। बारिश की तीव्रता या हवा के पैटर्न में किसी भी बड़े बदलाव की जानकारी आधिकारिक सलाह के जरिए तुरंत दी जाएगी। वहीं, प्रभावित जिलों के निवासियों को सलाह दी जाती है कि वे मौसम के लेटेस्ट बुलेटिन से अपडेट रहें और स्थानीय अधिकारियों द्वारा जारी निर्देशों का पालन करें। केरल और लक्षद्वीप तटों के मछुआरों से भी सतर्क रहने का आग्रह किया गया है, क्योंकि मौजूदा चक्रवाती हवाओं के कारण समुद्र की स्थिति बदल सकती है। मौसम का मौजूदा पैटर्न मौसमी बदलाव के दौर को दिखाता है, जिसके दौरान दक्षिण भारत में बारिश, कोहरे और तापमान में उतार-चढ़ाव आमतौर पर देखा जाता है।

## जनता दर्शनः बालिका अनाबी अली की बात सुनकर सीएम योगी हुए प्रभावित, कॉन्वेंट स्कूल में एडमिशन कराने का दिया आदेश



**एजेंसी**

**मुंबई।** राजधानी लखनऊ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को 'जनता दर्शन' लगाया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनीं। उनके निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। जनता दर्शन में सीएम से मिलने बालिका अनाबी अली भी पहुंची। वह कान्वेंट स्कूल में एडमिशन की चाह लेकर आई थीं। इस दौरान उसने दिल को छू लेने वाली बातचीत की। उसकी बातें सुनकर सीएम ने तत्काल उसका एडमिशन पक्का कराने के लिए अधिकारियों को आदेश दिया। जनता दर्शन के दौरान सीएम योगी से मिलने के बाद अनाबी अली ने कहा कि 'मैं सीएम से मिली। उनसे लोरेटो कॉन्वेंट स्कूल में मेरा एडमिशन करवाने की रिक्वेस्ट की है।

## रोहित शेट्टी के घर फायरिंग मामले में लॉरेंस बिश्नोई गैंग का गुर्गा शुभम लोनकर फरार, घटना को अंजाम देने में की मदद

**एजेंसी**

**मुंबई।** बॉलीवुड में लॉरेंस बिश्नोई गैंग द्वारा सेलेब्स को निशाना बनाने की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। पहले अभिनेता सलमान खान, कमीडियन कपिल शर्मा, और अब निर्देशक-निर्माता रोहित शेट्टी के साथ हुई घटना से हर कोई हैरान है। मामले की जांच मुंबई क्राइम ब्रांच कर रही है और इलाके की सारी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। क्राइम ब्रांच को मामले में कई सबूत भी मिले हैं, जिनके आधार पर क्राइम ब्रांच का कहना है कि लॉरेंस बिश्नोई गैंग का वांटेड गैंगस्टर शुभम लोनकर घटना का मास्टरमाइंड है और उसी ने घटना की जिम्मेदारी भी ली है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए बताया कि रोहित शेट्टी के घर पर फायरिंग मामले में शुभम लोनकर का हाथ है और फिलहाल वह पुलिस की गिरफ्त से दूर है। आरोपी फरार है और उसे लगातार ढूंढने की कोशिश की जा रही है। लॉरेंस बिश्नोई गैंग के गुर्गा शुभम लोनकर ने घटना की जिम्मेदारी भी ली थी और फायरिंग करने वाले आरोपियों को मदद भी मुहैया कराई थी। एनसीपी नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या में भी प्रारंभिक जांच में आरोपी शुभम लोनकर का नाम सामने आया



था। फिलहाल मुंबई क्राइम ब्रांच ने रोहित शेट्टी का बयान दर्ज किया है और उनके घर के बाहर की सुरक्षा भी बढ़ा दी है।

घटना निर्देशक के जुहू इलाके में स्थित नौ मंजिला इमारत की पहली मंजिल पर घटी थी, जहां रात 12 बजे के आस-पास अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की थी। एक गोली इमारत में स्थित जिम के शीशे में लगी लेकिन गनीमत रही कि घटना में कोई घायल नहीं हुआ था। घटना की जांच पहले मुंबई पुलिस कर रही थी, लेकिन मामले की गंभीरता को देखते हुए इसे मुंबई क्राइम ब्रांच को ट्रांसफर कर दिया। मुंबई क्राइम ब्रांच ने आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए 12 टीमों का गठन किया है। घटना के बाद इलाके की सीसीटीवी के आधार पर आरोपियों को पकड़ने की कोशिश की जा रही है। फुटेज में आरोपियों को साफ देखा जा सकता है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए रोहित शेट्टी ने खुद अपने करीबी लोगों को घर न आने के लिए कहा है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो डायरेक्टर के एक करीबी दोस्त ने बताया कि रोहित फिलहाल पुलिस के साथ सहयोग कर रहे हैं और अपना बयान दर्ज करा रहे हैं। अभी उन्होंने किसी को भी घर न आने के लिए कहा है।

## राजस्थान गुर्जर महासभा की जिला कार्यकारणी एवं तहसील अध्यक्ष घोषित

**एजेंसी**

**टोंक।** राजस्थान गुर्जर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कालूलाल गुर्जर एवं प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष मोहनलाल वर्मा की सहमति से टोंक जिलाध्यक्ष उदयलाल गुर्जर ने अपनी जिला कार्यकारिणी एवं तहसील अध्यक्ष की घोषणा की है। यहां डाक बंगले में घाटा करीरिया के महामंडलेश्वर कर्मानन्द महाराज की उपस्थिति में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष उदयलाल गुर्जर ने सभी पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र सौपते हुए समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया।

जिला कार्यकारिणी में जगदीश गुर्जर पूर्व प्रधान, रामचन्द्र गुर्जर, पूर्व जिला परिषद सदस्य, मोहनलाल गुर्जर, पूर्व सरपंच, रिद्धकरण गुर्जर, धोली, सुआ गुर्जर, गुराई, रामबिलास गुर्जर, हरभांवता, रामकिशन गुर्जर, बावड़ी, जगदीश गुर्जर, पूर्व सरपंच लहन को जिला उपाध्यक्ष, रामनिवास गुर्जर, पूर्व चैयरमेन, मोहरसिंह गुर्जर, कुण्डेर को जिला महामंत्री, देवलाल गुर्जर, पूर्व सरपंच मण्डावर, देवराज गुर्जर, ठीकरिया कलां, देवलाल गुर्जर, पलाई, हरिभजन गुर्जर टोंक, ऋषिपाल गुर्जर, दूनी, मंगलसिंह गुर्जर, घाड़, रामभरत गुर्जर, बिणज्यारी, सूरजकरण गुर्जर, सरोली को जिला मंत्री, कमलेश गुर्जर, बुद्धिप्रकाश गुर्जर बिणज्यारी को नगरफोर्ट, ब्रजराज गुर्जर बड़ाकावाली को टोंक ग्रामीण, रामप्रकाश गुर्जर को टोंक शहर, सत्यनारायण गुर्जर,



हरिपुरा को जिला कोषाध्यक्ष, रामअवतार धाभाई, टोंक को जिला मीडिया प्रभारी, सत्यनारायण गुर्जर, राजमहल को जिला संगठन मंत्री, देवकरण गुर्जर, एडवोकेट टोंक को कानूनी सलाहकार बनाया गया हैं। इसी प्रकार मदन गुर्जर, फतेहपुरा को दूनी, गणराज गुर्जर देवली को देवली, आकाश चेची, उनियारा को उनियारा, गलवानिया को अलीगढ, हरजीराम गुर्जर, मोरड़ा को टोड़ारायसिंह, देवराज गुर्जर, बीजवाड़ को पीपलू, बालूराम गुर्जर चांवडिया को मालपुरा, मेघराज बोकण सिरस को निवाई तहसील अध्यक्ष बनाया गया हैं। इस दौरान के.एल. गुर्जर, लक्ष्मीनारायण रगल सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ओडिशा के सुनपुर बीच पर तीन दिवसीय उत्सवः लोककला, हस्तशिल्प और पर्यटन को नई पहचान

**एजेंसी**

**सोनपुर।** ओडिशा के गंजाम जिले में पर्यटन और स्थानीय संस्कृति को एक नई पहचान देने के उद्देश्य से सुनपुर बीच फेस्टिवल का आयोजन 3 से 5 फरवरी तक किया जाएगा। जिला प्रशासन की ओर से इस तीन दिवसीय महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें राज्य और राज्य के बाहर से आए कलाकारों की प्रस्तुतियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। लंबे अंतराल के बाद फिर से शुरू हो रहे इस फेस्टिवल से क्षेत्रीय पर्यटन को गति मिलने की उम्मीद है। चिकिटी के विधायक मनोरंजन दयान समंतरा ने बताया कि सुनपुर बीच फेस्टिवल तीन दिनों तक आयोजित होगा। इस महोत्सव में ओडिशा के भीतर और बाहर से कई नामचीन कलाकार भाग लेंगे। विशाखापट्टनम से एक नृत्य दल भी



अपनी प्रस्तुति देगा। साथ ही, स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों को विशेष मंच प्रदान किया जाएगा, ताकि क्षेत्र की लोककला और परंपराएं दर्शकों तक पहुंच सकें। वहीं, जिला कलेक्टर वी कीर्ति वासन ने बताया कि यह आयोजन जिले के स्तर पर आयोजित गोपालपुर बीच फेस्टिवल का एक विस्तारित रूप है। उन्होंने कहा कि ब्लू फ्लैग बीच के रूप में पहचान प्राप्त सुनपुर (सोनपुर) तट पर एक और महोत्सव आयोजित कर स्थानीय कारीगरों, लोक कलाकारों और अन्य हितधारकों के लिए विकेंद्रीकृत अवसर उपलब्ध कराना इसका मुख्य उद्देश्य है। इससे उनकी आजीविका के विकल्पों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी।

जानकारी के अनुसार, फेस्टिवल के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ-साथ स्थानीय हस्तशिल्प, खान-पान और पर्यटन से जुड़े स्टॉल भी लगाए जाएंगे। इससे पर्यटकों को ओडिशा की समृद्ध संस्कृति और समुद्री सौंदर्य का एक साथ अनुभव मिलेगा। माना जा रहा है कि सुनपुर बीच फेस्टिवल पर्यटन मानचित्र पर गंजाम जिले को मजबूत करने के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों और कारीगरों के लिए भी नए अवसरों के द्वार खोलेगा।

## अजित पवार की मौत पर संजय राउत ने जताई साजिश की आशंका, कहा- 'दुर्घटना नहीं, पर्दे के पीछे कुछ गड़बड़ है'

**एजेंसी**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के निधन को लेकर शिवसेना (यूबीटी) नेता और सांसद संजय राउत ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने अजित पवार की मौत को रहस्यमय बताते हुए कहा कि यह केवल एक दुर्घटना नहीं लगती, बल्कि इसके पीछे कुछ न कुछ गड़बड़ जरूर है, जिसकी जांच होनी चाहिए। संजय राउत ने कहा कि अजित पवार के साथ जो हादसा हुआ है, उस पर सवाल उठना स्वाभाविक है और ये सवाल उठने भी चाहिए। उन्होंने दावा किया कि पर्दे के पीछे बहुत कुछ हुआ है, जिसे सामने लाना जरूरी है। राउत के अनुसार, अजित पवार ने हाल ही में कहा था कि वे 'पुराने घर' यानी अपनी पुरानी राजनीतिक स्थिति में लौटना चाहते हैं। राउत ने आरोप लगाया कि इसके बाद भाजपा से जुड़े कुछ लोगों ने अजित पवार को धमकाया था और उनसे सिंचाई घोटाले की फाइल का जिक्र किया गया। उन्होंने दावा किया कि इसके जवाब में अजित पवार ने कहा था कि उनका सिंचाई घोटाला छोड़ दीजिए, भाजपा के सिंचाई घोटाले से जुड़ी फाइलें उनके पास मौजूद हैं।

शिवसेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि इन घटनाओं को जोड़कर देखा जाए तो कई सवाल खड़े होते हैं और पूरी घटना संदेह के घेरे में आती है। उन्होंने मांग की कि अजित पवार की मौत के हर पहलू की निष्पक्ष और गहन जांच होनी चाहिए, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

# दिल्ली में सीईसी से मिलेंगी सीएम ममता बनर्जी, एसआईआर के मुद्दे पर होगी

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नई दिल्ली में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया (ईसीआई) के मुख्यालय में चीफ इलेक्शन कमिश्नर (सीईसी) ज्ञानेश कुमार से मुलाकात करेंगी। इसके अलावा, वह रिवीजन एक्सरसाइज के खिलाफ आम सहमति बनाने के मकसद से विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेताओं से भी बातचीत कर सकती हैं। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जानबूझकर नेशनल कैपिटल की यात्रा के लिए यह समय चुना है, क्योंकि चल रहे बजट सत्र के कारण सभी विपक्षी पार्टियों के शीर्ष नेता वहां मौजूद रहेंगे। सीएम ममता के कोलकाता लौटने की तारीख अभी तय नहीं हुई है, लेकिन तृणमूल कांग्रेस के अंदरूनी सूत्रों ने बताया कि वह 5 फरवरी से पहले लौट आएंगी, क्योंकि उस दिन पश्चिम बंगाल विधानसभा में वोट ऑन अकाउंट पेश किया जाएगा।

पश्चिम बंगाल विधानसभा का बजट सत्र भी महत्वपूर्ण है और ट्रेजरी बेंच सदन में दो महत्वपूर्ण प्रस्ताव पेश करेगी। इसमें एक प्रस्ताव राज्य में सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (सबीआई) और



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों की भूमिका की निंदा करने के लिए होगा। तो वहीं, दूसरा प्रस्ताव राज्य में चल रहे एसआईआर को जिस तरह से किया जा रहा है, उसकी निंदा करने के लिए होगा। इससे पहले सीईसी को लिखे पत्र में सीएम ममता ने स्पेशल रोल ऑब्जर्वर (एसआरओ) और माइक्रो-ऑब्जर्वर के अधिकार पर सवाल उठाया था, जिन्हें उनके अनुसार, राज्य में चल रहे स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) की समीक्षा के लिए केवल पश्चिम बंगाल में नियुक्त किया गया है।

पत्र के अनुसार, मुख्यमंत्री का मुख्य तर्क यह है कि एसआरओ और माइक्रो-ऑब्जर्वर की भूमिका एसआईआर प्रक्रिया की देखरेख तक सीमित नहीं थी, क्योंकि उन्हें अप्रूविंग अथॉरिटी के रूप में भी नामित किया गया है। सीईसी के नाम लिखे पत्र में ममता बनर्जी ने दावा किया कि माइक्रो-ऑब्जर्वर को यह अधिकार देने से चुनावी पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) और सहायक चुनावी पंजीकरण अधिकारी (एईआरओ) असहाय, अलग-थलग पड़ गए हैं और सिर्फ दर्शक बनकर रह गए हैं।

उन्होंने दावा किया कि ऑब्जर्वर और माइक्रो-ऑब्जर्वर को यह अतिरिक्त अधिकार भारतीय संविधान द्वारा गारंटीकृत लोकतांत्रिक मूल्यों, संघवाद और मौलिक अधिकारों की भावना के खिलाफ है।

## 17 लाख रुपए अवैध मादक पदार्थ जप्त, चार आरोपी गिरफ्तार

**टोंक।** जिला स्पेशल टीम द्वारा कोतवाली थाना क्षेत्र टोंक में एच 52 के पास जखीरा कालोनी की खाली पड़ी जगह पर छापे मार कार्रवाई करते हुए नशे पर कड़ा प्रहार किया, करीबन 17 लाख रुपए बाजार कीमत के अलग-अलग अवैध मादक पदार्थ जप्त किये। जिला स्पेशल टीम प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया कि एक सफेद स्कॉर्पियो गाड़ी से चार व्यक्ति खुर्शीद आलम पुत्र फैज मोहम्मद (23) निवासी देवगांव बघेरा पुलिस थाना केकड़ी जिला अजमेर, नदीम पुत्र जफर बेग (34) निवासी यूसुफपुरा चराई पुलिस थाना सदर जिला टोंक, साहिल पुत्र शरीफ मोहम्मद उमर (21) निवासी देवगांव बघेरा पुलिस थाना केकड़ी जिला अजमेर एवं वसीम पुत्र बादशाह मियां (38) निवासी गुलजारबाग पुलिस थाना कोतवाली जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया, जिनके कब्जे से करीब 8 लाख रुपए कीमत की करीबन 42 ग्राम स्मैक, 8 लाख की कीमत की 40 ग्राम चरस व करीब 60 हजार कीमत का 1 किलो 200 ग्राम गांजा तथा खरीद फरोख्त की 39 हजार नगद राशि एवं पांच मोबाइल भी बरामद किये गये।

# कोटद्वार बवाल ने पकड़ा तूल, राहुल गांधी ने मोहम्मद दीपक को बताया हीरो, पुलिस प्रशासन अलर्ट

**एजेंसी**

**कोटद्वार।** कोटद्वार बवाल तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मामले ने राहुल गांधी की भी एंट्री हो गई है। उन्होंने एक्स पर ट्वीट कर मोहम्मद दीपक को हीरो बताया है। उन्होंने लिखा कि उत्तराखंड के दीपक भारत के हीरो हैं। दीपक संविधान और इंसानियत के लिए लड़ रहे हैं। उस संविधान के लिए जिसे बीजेपी और संघ परिवार रोज़ रौंदने की साजिश कर रहे हैं। वे नफरत के बाज़ार में मोहब्बत की दुकान का जीवित प्रतीक हैं और यही बात सत्ता को सबसे ज़्यादा चुभती है। संघ परिवार जानबूझकर देश में आर्थिक और सामाजिक ज़हर घोल रहा है, ताकि भारत बंटा रहे और कुछ लोग डर के सहारे राज करते रहें।

उत्तराखंड की बीजेपी सरकार खुलेआम उन असामाजिक ताक़तों का साथ दे रही है जो आम नागरिकों को डराने और परेशान करने में लगी हैं। नफरत, डर और अराजकता के माहौल में कोई भी देश आगे नहीं बढ़ सकता। शांति के बिना विकास सिर्फ एक जुमला है। हमें और दीपकों की



ज़रूरत है, जो झुकें नहीं, जो डरें नहीं, और जो पूरी ताकत से संविधान के साथ खड़े रहें। हम तुम्हारे साथ हैं भाई। डरो मत। तुम बब्बर शेर हो।

शहर के पटेल मार्ग पर एक कपड़े की दुकान के नाम को लेकर उभरा विवाद पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द बन गया है। देहरादून और हरिद्वार से आए बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के हंगामे के बाद पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। दो दिन से रात के समय पुलिस फ्लैग मार्च निकाल रही है। पुलिस प्रशासन के साथ ही खुफिया तंत्र भी सक्रिय हो गया है। दूसरे पक्ष से जुड़े लोगों के कोटद्वार पहुंचने की आशंका को देखते हुए कौड़िया स्थित यूपी-यूके बॉर्डर पर शहर में आने वाले हर वाहन की सघन चैकिंग की जा रही है। जिलेभर से कई पुलिस अधिकारी कोटद्वार बुला लिए गए हैं। दो प्लाटून पीएसी भी तैनात कर दी गई है।बीती 26 जनवरी को कोटद्वार के बजरंग दल कार्यकर्ताओं के साथ कपड़े की दुकानवाले व्यापारी के समर्थकों की तीखी नोकझोंक हो गई थी। मारपीट के आरोपी युवक का वीडियो वायरल होने के बाद आक्रोशित बजरंग दल के देहरादून और हरिद्वार के कार्यकर्ता शनिवार को कोटद्वार पहुंच गए थे। उन्होंने पहले पटेल मार्ग और बाद में मालवीय उद्यान में जमकर हंगामा किया। पुलिस के अनुसार इस मामले में आई दोनों पक्षों की तहरीर के अनुसार जांच चल रही है। बजरंग दल के कार्यकर्ता अपने को मोहम्मद दीपक बताने वाले जिम के संचालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बजरंग दल के हंगामे के बाद दूसरे पक्ष से जुड़े बाहरी प्रांतों के लोगों के कोटद्वार पहुंचने की आशंका को देखते हुए पुलिस प्रशासन अलर्ट मोड पर है। बताया जा रहा है कि जिम संचालक युवक मोहम्मद दीपक से हरिद्वार और देहरादून के तीन चार जिम संचालक युवक मिलने कोटद्वार पहुंचे थे।

# बीकानेर की साहित्यकार मोनिका गौड़ को मिलेगा माता रामदेवी वागीश्वरी सृजन सम्मान

**एजेंसी**

**बीकानेर।** सृजन सेवा संस्थान श्रीगंगानगर के वार्षिक पुरस्कार एवं सम्मानों की घोषणा कर दी गई है। संस्थान के सचिव वरिष्ठ साहित्यकार कृष्ण कुमार 'आशु' ने बताया कि वर्ष 2026 का 'माता रामदेवी वागीश्वरी सृजन सम्मान' बीकानेर की वरिष्ठ साहित्यकार, समालोचक एवं साहित्यिक आयोजनों की संचालक मोनिका गौड़ को प्रदान किया जाएगा। आशु ने बताया कि 10 मई 2026 को नोगजे पब्लिक स्कूल, श्रीगंगानगर में आयोजित शब्द-शिल्पी सम्मान समारोह में यह पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। जिसमें यह सम्मान इक्यावन सौ रुपये नकद एवं सम्मान-प्रतीक दिए जाएगा। संस्थान की कोषाध्यक्ष नवजोत भनोत ने बताया कि मोनिका गौड़ की हिंदी-राजस्थानी की 10 से अधिक पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं तथा वे विभिन्न साहित्यिक मंचों पर राजस्थानी भाषा का सशक्त प्रतिनिधित्व कर रही हैं। उन्हें पूर्व में गवरल पुरस्कार, आशु कवि रतनलाल व्यास साहित्य सम्मान, उषा देवी-लालचंद सोनी स्मृति साहित्य सृजन सम्मान, पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य उत्कृष्ट शिक्षक सेवा सम्मान, वूमेन रिकॉग्निशन अवार्ड, बृज-उर्मी अग्रवाल राजस्थानी पद्य पुरस्कार, नेमीचंद पहाड़िया साहित्य सम्मान, आईईएसएमई नेशनल वूमेन एक्सीलेंस अवार्ड, राजमाता विजयराजे नारी शक्ति सम्मान, मैथिलीशरण गुप्त हिंदी पद्य पुरस्कार सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कार एवं सम्मानों से अलंकृत किया जा चुका है। उनकी प्रमुख काव्य कृतियाँ 'हथेली में चाँद' तथा 'अंधारै रै री उधारी अर रीसायों चाँद' हैं। उनकी रचनाओं का प्रसारण दूरदर्शन एवं आकाशवाणी पर होता रहा है। वर्ष 2017 में उन्होंने जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल तथा अंजस, जोधपुर (रेख्ता फाउंडेशन के तत्वावधान में) आयोजित कार्यक्रम में राजस्थानी कविता का प्रतिनिधित्व किया।

इसी समारोह में बीकानेर के वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मदन सैनी को माया मोहन आलोक राजस्थानी साहित्य सृजन सम्मान तथा अखिल भारतीय साहित्य परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अन्नाराम शर्मा को सुरजाराम जालीवाल आलोचना सृजन सम्मान प्रदान किया जाएगा। सभी सम्मानितों को इक्यावन सौ रुपये नकद एवं सम्मान-प्रतीक भेंट किए जाएंगे।

# टी20 विश्वकप मैच के लिए तय समय पर श्रीलंका पहुंचेगी भारतीय टीम: बीसीसीआई

## पाकिस्तान के मैच से हटने के बाद भी कार्यक्रम में नहीं किया बदलाव

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने कहा है कि टीम टी20 विश्व कप 2026 के लिए तय समय पर श्रीलंका जाएगी हालांकि पाकिस्तान ने उसके खिलाफ ग्रुप स्तर के मैच में खेलने से इंकार कर दिया है। बीसीसीआई के अनुसार पाकिस्तान ने 15 फरवरी को होने वाले विश्वकप मैच में बिना किसी ठोस करणों से खेलने से इंकार किया है पर इसके बाद भी हमारे कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं हुआ है। भारतीय टीम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) नियमों के तहत ही सभी जरूरी औपचारिकताएं पूरी करेगी। भारत-पाक के बीच मुकाबला 15 फरवरी 2026 को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में होना था पर पाक क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने कहा है कि वह इसमें अपनी टीम नहीं उतारेगा।

पाकिस्तान सरकार ने सोशल मीडिया में एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि टीम विश्व कप 2026 में भाग लेगी पर ग्रुप स्तर पर भारत के खिलाफ कोई मैच नहीं खेलेगी। पाक सरकार ने भारतीय टीम के खिलाफ मैच से हटने का कोई कारण नहीं बताया है। इससे कार्यक्रम पर संशय बना हुआ है। पाक के मैच से बाहर होने के बाद भी भारतीय टीम अपने तय कार्यक्रम में कोई बदलाव नहीं करते हुए तय समय पर श्रीलंका पहुंचेगी। टीम अपने नियमित अभ्यास सत्र के बाद प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में हिस्सा लेंगे और मैच वाले दिन निर्धारित समय पर स्टेडियम में भी पहुंचेगी। वहीं पाक टीम के नहीं पहुंचने के बाद आईसीसी के नियमों के तहत मैच रेफरी फैसला देंगे। इसमें भारतीय टीम को मैच अंक मिलेंगे जबकि पाक के अंक कटेंगे।

आईसीसी ने भी हालांकि अभी ये नहीं बताया है कि अगर कोई टीम विश्व कप मैच खेलने नहीं आती है तो उसके खिलाफ क्या कदम उठाये जाएंगे। पाक को विश्वकप में अपने पहले मुकाबले में 7 फरवरी को पहला मैच नीदरलैंड्स जबकि 10 फरवरी को अमेरिका वह 18 फरवरी को नामीबिया से खेलना है। ये सभी मैच कोलंबो के सिंहलीज स्पोर्ट्स क्लब मैदान में खेले जाने हैं। पीसीबी ने अभी ये नहीं बताया है कि अगर उनकी टीम सेमीफाइनल में पहुंचती है तो तब भी क्या वह भारत के सामने नहीं उतरेगी? भारत-पाक मुकाबले से आईसीसी और प्रसारणकर्ताओं को सबस अधिक राजस्व मिलता है। ऐसे में इस मैच के नहीं होने से आईसीसी को भी काफी नुकसान होगा। ऐसे में अब देखना होगा कि आईसीसी इस मामले में क्या फैसला करती है।



# अभिषेक टी20 विश्कप में सबसे अधिक रन बनाएंगे : पोंटिंग



**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह सात फरवरी से शुरु होने जा रहे टी20 विश्वकप में सबसे अधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बनेंगे। विश्वकप संयुक्त रु से भारत और श्रीलंका में खेला जाएगा। टूर्नामेंट में कई दिग्गज बल्लेबाजों के होते हुए भी पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान का मानना है कि अभिषेक रनों के मामले में सबसे आगे रहेंगे इस पूर्व कप्तान ने अभिषेक की प्रशंसा करते हुए कहा है कि वह अच्छी लय में है और उसे घरेलू हालातों का लाभ मिलेगा। ऐसे में उसे आईसीसी टूर्नामेंट्स का अनुभव न होने पर भी नुकसान नहीं होगा। वह पहली बार कोई आईसीसी टूर्नामेंट खेलने के कारण निडर होकर उतरेगा। ऐसे में अनुभव की कमी उसके लिए फायदेमंद ही साबित होगी। साथ ही कहा कि उसे इस टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का अवार्ड भी मिल सकता है। पोंटिंग ने आगे कहा, अगर वह रन बनाता है तो भारतीय टीम को हराना बेहद कठिन हो जाएगा। और अगर वह नहीं चलता, तो भी भारतीय टीम को कम नहीं आंक सकते। अभिषेक साल 2018 में भारत की अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम में शामिल रहे हैं पर टी20 वर्ल्ड कप 2026 सीनियर टीम के साथ उसका पहला विश्वकप होगा।

पोंटिंग ने कहा, मैं उसका पहला आईपीएल कोच रहा था। उसने 17 साल की उम्र में मेरे साथ दिल्ली कैपिटल्स के लिए डेब्यू किया था। मुझे आज भी याद है, पहली ही गेंद पर उसने से चौका या छक्का मारा था। पोंटिंग ने यह भी खुलासा किया कि वह अभिषेक को दिल्ली से ट्रेड करने के फैसले के खिलाफ थे। मैंने प्रबंधन से कई बार कहा था कि उसे मत जाने दो, यहां एक सुपरस्टार बन रहा है। और आज वही हो रहा है।अभिषेक ने हाल में न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने 4 मैचों में 152 रन बनाए। सीरीज के तीसरे मुकाबले में अभिषेक ने सिर्फ 14 गेंदों में अर्धशतक लगाया था। जो भारत की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरा सबसे तेज़ अर्धशतक है। इससे पहले केवल युवराज के नाम ही 12 गेंदों में ये रिकार्ड है।ऐसे में भारतीय टीम को विश्वकप में अभिषेक से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। ।भारत को ग्रुप A में पाकिस्तान, अमेरिका, नामीबिया और नीदरलैंड्स के साथ रखा गया है। भारत अपने अभियान की शुरुआत 7 फरवरी को अमेरिका के खिलाफ करेगा।

# इंग्लैंड ने दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में श्रीलंका को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल की



**कोलंबो (एजेंसी)।** हैरी ब्रूक की आक्रामक बल्लेबाजी से इंग्लैंड ने यहु दूसरे टी20 क्रिकेट मैच में भी मेजबान श्रीलंका को हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है। बर्षा बाधित इस मैच में मेहमान टीम इंग्लैंड ने डकवर्थ लुइस नियम के तहत 6 विकेट से जीत हासिल की। वहीं पहले मैच में भी श्रीलंकाई टीम 11 रन से हार गयी थी। दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए श्रीलंका ने 5 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाये। वहीं दूसरी पारी में बारिश के कारण इंग्लैंड को 17 ओवर में 168 रन का संशोधित लक्ष्य मिला।जिसे इंग्लैंड टीम ने टॉम बैंटन के अर्धशतक और कप्तान हैरी ब्रूक की आक्रामक पारी से 16.4 ओवर में ही 4 विकेट पर 173 रन बनाकर हासिल कर लिया।

लक्ष्य का पीछा करते हुए इंग्लैंड की टीम ने एक समय 7.2 ओवर में ही 60 रनों के अंदर 2 विकेट खो दिये थे। बारिश के कारण इंग्लैंड को जीत के लिए 17 ओवर में 168 रन का संशोधित लक्ष्य मिला। इसके बाद बैंटन ने 33 गेंदों में 54 रन जबकि जोस बटलर ने 39 रन बनाए। ब्रूक ने केवल 12 गेंदों में 36 रन बना दिये। वहीं सैम करन 20 रन बनाकर आउट नहीं हुए।

वहीं इससे पहले श्रीलंका की ओर से ओपनर पथुम निसांका और कामिल मिशरा श्रीलंका को अच्छी शुरुआत दिलाई और टीम का स्कोर 11 ओवर में दो विकेट पर 106 रन पहुंच गया। वहीं पवन रत्नायके ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। निसांका ने 22 गेंदों में 34 रन जबकि कुसल मेंडिस ने 17 गेंदों पर 32 रन बनाये। इंग्लैंड के लिए जोफ्रा आर्चर ने दो विकेट लिए जबकि विल जैक्स, लियाम डॉसन और आदिल रशीद को एक-एक विकेट मिला।

# पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर सकती है आईसीसी

**-लग सकता है प्रतिबंध, प्रसारकों को नुकसान की भरपाई करनी होगी**

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने अपनी अकड़ में भारत के खिलाफ टी20 विश्वकप मैच के बहिष्कार की घोषणा की है। ये घोषणा उसके पतन का कारण भी बन सकती हैं। इससे पहले से ही आर्थिक संकटों में फंसा पीसीबी और अधिक उसमें डूब सकता है। वहीं इस मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) भी उसके खिलाफ प्रतिबंध सहित कई और कठोर कदम उठा सकती है। आईसीसी ने पीसीबी के फैसले पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा है कि अगर वो टी20 वर्ल्ड कप में तय कार्यक्रम के मुताबिक नहीं खेला तो उसके खिलाफ कड़े कदम उठाए जाएंगे। अब देखना होगा कि आईसीसी उसके खिलाफ क्या कार्रवाई कर सकता है। इस मामले में आईसीसी पाक टीम को पूरे टूर्नामेंट के लिए प्रतिबंधित कर सकता है। वहीं पीसीबी को मिलने वाला राजस्व रोका जा सकता है। पीसीबी से प्रसारकों को राजस्व नुकसान की भरपाई करने को कहा जा सकता है। इसके अलावा द्विपक्षीय सीरीज पर रोक लगायी जा सकती है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) अंक और आईसीसी रैंकिंग भी घटाई जा सकती है। इसके अलावा पीएसएल में विदेशी खिलाड़ी के खेलने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है।

पाकिस्तान के आईसीसी टूर्नामेंट में खेलने पर प्रतिबंध लगाया जा सकता है। इसके अलावा उसे दी जाने वाली सहायता भी रोकी जा सकती है। भारत-पाक टी20 मैच के लिए विज्ञापन की दर 25 लाख से 40 लाख रुपये प्रति 10 सेकेंड के बीच होती है। इससे विज्ञापन राजस्व नुकसान 200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकता है हो पीसीबी से भरने को कहा जाएगा। पाकिस्तान को सबसे अधिक राजस्व पीएसएल से मिलता पर आईसीसी उसमें विदेशी खिलाड़ियों के भाग लेने पर रोक लगा सकती है।

# आईसीसी से बात करने के बाद ही अपनी प्रतिक्रिया देगा बीसीसीआई : राजीव शुक्ला

मुम्बई ।भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा है कि पाकिस्तान के टी20 विश्ककप में भारत के खिलाफ मुकाबले से हटने के मामले में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से बात करने के बाद ही बोर्ड अपनी प्रतिक्रिया देगा ।पाक सरकार के टी20 विश्वकप से हटने की घोषणा के बाद से ही पूर्व क्रिकेटरों ने इस इसपर बयान दिये हैं पर बीसीसीआई ने अभी कोई बयान नहीं दिया है ।भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2026 का बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेला जाना है ।तटस्थ स्थल होने के बाद भी पाक मुकाबले में नहीं खेलना चाहता है जिससे बांग्लादेश के मुद्दे पर विरोध दर्ज करा सके ।इससे पहले आईसीसी ने बांग्लादेश को हटाकर स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में शामिल किया है । बांग्लादेश सुरक्षा कारणों की वजह से भारत में कोई मैच नहीं खेलना चाहता था, आईसीसी के समझाने के बावजूद जब बांग्लादेश भारत में खेलने को तैयार नहीं हुआ तो आईसीसी ने उसे बाहर कर दिया ।आईसीसी के इस फैसले पर ही अब पाकिस्तान अपनी नाराजगी दिखा रहा है ।शुक्ला ने कहा कि बीसीसीआई पाकिस्तान के भारत के खिलाफ विश्व कप 2026 के ग्रुप-स्तर मैच के बहिष्कार के मामले पर आईसीसी से बात करने के बाद ही अपनी प्रतिक्रिया देगा ।शुक्ला ने कहा, आईसीसी ने एक बड़ा बयान जारी किया है, उन्होंने खेल भावना के बारे में बात की है। हम आईसीसी से पूरी तरह सहमत हैं ।इसीलिए उससे बात करने के बाद ही हम अपना जवाब देंगे ।



# भारतीय टीम के पास टी20 विश्वकप खिताब बरकारार रखने का अच्छा अवसर : हरभजन

मुम्बई (ईएमएस) ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व दिग्गज स्पिनर हरभजन सिंह ने कहा है कि टी20 विश्वकप में मेजबान भारतीय टीम के पास खिताब बरकरार रखने का अच्छा अवसर है ।हरभजन के अनुसार इस बार भारत के अलावा ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका व अफगानिस्तान की टीमें भी सेमीफाइल में पहुंचेंगी ।हरभजन ने हालांकि दो बार की विजेता इंग्लैंड को 2026 इस बार खिताबी दावेदार नहीं माना है । विश्वकप की मेजबानी भारत और श्रीलंका की टीमें संयुक्त रुप से कर रही हैं ।हरभजन ने कहा कि इस बार भी भारतीय टीम के पास खिताब बरकरार रखने का अच्छा अवसर है ।हरभजन ने कहा, मुझे लगता है कि भारतीय टीम के पास अपनी धरती पर मैच होने के कारण जीतने का सुनहरा मौका है, भरतीय टीम अभी काफी अच्छी है और उसे घरेलू धरती पर प्रशंसकों का भी समर्थन मिलेगा ।


# टी20 विश्वकप के लिए फिट हुए तिलक



मुंबई ।भारतीय क्रिकेट टीम के लिए एक अच्छी खबर है ।बल्लेबाज तिलक वर्मा टी20 विश्वकप के लिए फिट हो गये है। तिलक को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस ने खेलने की अनुमति दे दी है ।ऐसे में अब वह टी20 विश्व कप से पहले दो अभ्यास मैच खेलकर मुकाबले के लिए लय हासिल करेंगे ।तक की कुछ समय पहले ही सर्ज़री हुई थी और इसी का वह न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से भी बाहर थे ।भारतीय टीम को 2026 टी20 विश्व कप के पहले मैच में 7 फरवरी को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में यूएसए से खेलना है ।तिलक के न्यूज़ीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर होने पर भारतीय टीम ने उनकी जगह पर ईशान किशन को शामिल किया था ।ईशान ने सीरीज में जबरदस्त प्रदर्शन किया था । ऐसे में तिलक की वापसी के बाद उन्हें पारी की शुरुआत के लिए भेजा जा सकता है ।से में भारत ने लगभग सभी मैचों में नंबर तीन पर इशान किशन को खिलाया। वहीं ऑलराउंडर वॉशिंगटन सुंदर के भी विश्वकप तक फिट होने की उम्मीद है ।भारतीय टीम को 2026 टी20 विश्व कप के लिए ग्रुप ए में है और उसका पहला मुकाबला 7 फरवरी को मुंबई में अमेरिका से होगा ।

# पाक कप्तान आगा बोले, भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का फैसला हमारा नहीं, हमें पीसीबी के अनुसार ही चलना होगा

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान सरकार और क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने टी20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारत के खिलाफ मैच के बहिष्कार का जो फैसला लिया है। उससे पाक प्रशंसक और खिलाड़ी भी सहमत नहीं है। टीम के कप्तान सलमान आगा के बयान से ये साबित होता है। आगा ने कहा है कि भारत के खिलाफ 15 फरवरी के मैच का बहिष्कार करने का फैसला सरकार का है हमारा नहीं। पाक सरकार ने कहा था कि टीम टूर्नामेंट मे भाग लेगी पर भारत के खिलाफ मैच नहीं खेलेगी। पाकिस्तान सरकार ने यह फैसला बांग्लादेश को टूर्नामेंट से बाहर किये जाने के विरोध में लिया है।



आगा ने कहा है कि टूर्नामेंट में खेलने का फैसला खिलाड़ियों के हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा कि टीम को सरकार और क्रिकेट बोर्ड के निर्देशों का पालन करना होता है और खिलाड़ियों की निजी राय मायने नहीं रखती है। आगा ने यह भी कहा कि पाक टीम टूर्नामेंट के शेष मैच खेलेगी पर भारत के खिलाफ मैच को लेकर निर्देशों का पालन करेगी। सरकार के फैसले पर आगा ने कहा, 'हां, बिल्कुल, हम विश्वकप के लिए जाएंगे पर यह हमारा फैसला नहीं है और हम इसमें अपनी ओर से कुछ भी नहीं कर सकते। सरकार और बोर्ड जो भी निर्देश देगा। हमें उसका पालन करना होगा। जो सरकार कहेगी, वही होगा और हम वैसा ही करेंगे।' दोनो टीमों का मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो के आर. प्रेमदासा स्टेडियम में रखा गया है। पाकिस्तान, भारत के साथ ही ग्रुप ए में है, जिसमें नामीबिया, नीदरलैंड्स और अमेरिका की टीमें भी शामिल हैं. पाकिस्तान के सभी मैच श्रीलंका में खेले जाएंगे।

वहीं पाकिस्तान सरकार के इस फैसले पर अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने कड़ी नाराजगी जताते हुए यह साफ किया कि किसी अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में इस प्रकार का फैसला स्वीकार नहीं किया जा सकता है। आईसीसी को हालांकि अभी तक पीसीबी ओर से कोई औपचारिक सूचना नहीं मिली है पर आईसीसी ने कहा कि तय हो चुके मैच को छोड़ना किसी भी टूर्नामेंट के सिद्धांतों के खिलाफ है। साथ ही कहा कि इसका प्रभाव लंबे समय तक पड़ेगा। आईसीसी को उम्मीद है कि पीसीबी इससे पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को ध्यान में रखते हुए अपनी फैसले पर फिर विवार करेगा। आईसीसी इस मामले में पाक कार्रवाई कर सकता है। वह विदेशी खिलाड़ियों के पाक ममें पीएसएल में खेलने पर रोक तक लगा सकता है। इसके अलावा पाकिस्तान को आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी का अधिकार भी नहीं मिलेगा।

# सचिन ने ऑस्ट्रेलियन विजेता अल्काराज को बधाई दी,धैर्य नहीं खोने के कारण बने विजेता

मुम्बई ।महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में भी रुचि लेते हैं और समय-समय पर उनके स्टार खिलाड़ियों की भी प्रशंसा करते रहे हैं ।इसी कड़ी में अब सचिन ने अपना पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन खिताब जीतने वाले स्पेन के कार्लोस अल्काराज को बधाई दी है ।तेंदुलकर ने पूरे ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अल्काराज के संयमित खेल को धैर्य की तारीफ की । तेंदुलकर ने साशेल मीडिया में लिखा, इस टूर्नामेंट में सबसे अधिक ध्यान देने योग्य बात ये थी कि अल्काराज ने अभी भी अपना धैर्य नहीं खोया ।वह लंबी रैलियों में भी शांत रहे जिससे उनके विरोध खिलाड़ी पर दबाव बना रहा ।उन्होंने समझदारी से अपने अवसर तलाशे ।जिस तरह से उन्होंने कोर्ट में फुर्ती दिखायी उसकी हम सभी प्रशंसा करते हैं ।

# अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी शेल्टन ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हार के बाद भी निराश नहीं, भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की उम्मीदें



मेलबर्न (एजेंसी)। अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी बेन शेल्टन ऑस्ट्रेलियाई ओपन में इटली के जैनिक सिनर के खिलाफ हार के बाद भले ही खिताबी मुकाबले से बाहर हो गये हैं पर उनका मनोबल कम नहीं हुआ है ।शेल्टन का कहना है कि उसे सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा है पर इसके बाद भी सकारात्मक बात ये है कि उसके खेल में काफी सुधार भी हुआ है और अब वह भविष्य में बेहतर प्रदर्शन की तैयार करेगा ।आठवीं वरीयता प्राप्त शेल्टन इस टूर्नामेंट में क्वार्टरफाइनल तक के सफर में केवल एक सेट हारे हैं ।शेल्टन ने साफ कहा कि उनके खेल में सुधार हुआ है ।अब वह अपने को पहले से कहीं ज्यादा संतुलित खिलाड़ी मानते हैं ।शेल्टन का मानना है कि आने वाले समय में उन्हें आगे बढ़ने के लिए केवल एक जीत की ही जरुरत है ।शेल्टन ने यह भी कहा कि ग्रैंड स्लैम के दबाव में खेलने केअनुभव से उन्हें सबसे ज्यादा उत्साह मिलता है ।उनके अनुसार बड़े मंच पर मुकाबला करने के कारण उनहें लगातार बेहतर प्रदर्शन की प्रेरणा मिलती है ।शेल्टन ने साल 2023 में ऑस्ट्रेलियन ओपन में अपना पहला ग्रैंड स्लैम खेला था ।इसके बाद से ही तीन एटीपी खिताब जीते हैं ।वह एटीपी रैंकिंग में टॉप-5 में भी पहुंचे हैं ।उन्होंने कहा कि सिनर के खिलाफ कई बार वह अच्छी स्थित में पहुंचे थे पर वह ब्रेक अंक का लाभ नहीं उठाने के कारण सफल नहीं हुए ।

# पीडब्ल्यूएल 2026: हरियाणा थंडर ने रोमांचक फाइनल में दिल्ली दंगल वॉरियर्स को हराया

**नोएडा (एजेंसी)।** हरियाणा थंडर रविवार को नोएडा इंडोर स्टेडियम में दिल्ली दंगल वॉरियर्स के खिलाफ फाइनल में आखिरी बाउट तक चले मैच के बाद प्रो रेसलिंग लीग (पीडब्ल्यूएल) 2026 का चैंपियन बन गया।

आठ बाउट के बाद स्कोर 4-4 से बराबर था, नतीजा आखिरी महिलाओं की 62 किलोग्राम बाउट पर निर्भर था, जिसमें पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट इरीना कोलियाडेन्को ने दबाव में शानदार प्रदर्शन किया। उनकी शानदार टेक्निकल जीत ने हरियाणा थंडर को 5-4 से जीत दिलाई और पीडब्ल्यूएल 2026 का खिताब दिलाया, जो लीग के इतिहास के सबसे नाटकीय फाइनल में से एक था।

हरियाणा थंडर पीडब्ल्यूएल 2026 ट्रॉफी के साथ 1.5 करोड़ रुपये की इनामी राशि घर ले जाएगा। रनर-अप, दिल्ली दंगल वॉरियर्स को 75 लाख रुपये मिलेंगे। व्यक्तिगत पुरस्कारों में, दिल्ली दंगल वॉरियर्स के तुरान बायरामोव ने 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में सभी 7 बाउट जीतकर और पीडब्ल्यूएल 2026 में कुल 59 अंक हासिल करके 2.5 लाख रुपये का 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' खिताब जीता। पंजाब रॉयल्स के चंदरमोहन टूर्नामेंट के टॉप पॉइंट स्कोरर थे।

नेहा सांगवान (हरियाणा थंडर) को आखिरी बाउट तक फाइनल को प्रतिस्पर्धी बनाए रखने के लिए 'प्लेयर ऑफद मैच' का पुरस्कार मिला। रौनक (दिल्ली दंगल वॉरियर्स) को पुरुष 125 किलोग्राम वर्ग में अपने शानदार प्रदर्शन के लिए 'फाइटर ऑफद मैच' का सम्मान मिला। 'इंपैक्ट प्लेयर ऑफ द मैच' अक्षय धेरे (हरियाणा थंडर) थे, जिन्हें 57 किलोग्राम पुरुष वर्ग में उनके मजबूत प्रदर्शन के लिए पहचाना गया।

चैंपियनशिप की रात दिल्ली ने बढ़त के साथ शुरू की, जब अजेय तुरान बायरामोव ने 74 किलोग्राम पुरुष बाउट जीती, जल्दी ही शुरुआती बढ़त बनाई और 8-1 से जीत हासिल करने के लिए नियंत्रण बनाए रखा। हरियाणा ने 76 किलोग्राम महिला वर्ग में तुरंत जवाब दिया, जहां अंडर20 विश्व चैंपियन काजल धोचक ने यूरोपीय चैंपियन अनास्तासिया अल्पीयेवा को 3-1 से हराकर स्कोर बराबर कर दिया।

65 किलोग्राम पुरुषों के मैच में मोमेंटम तब बदला जब दिल्ली के कप्तान सुजीत कल्कल ने शानदार वापसी करते हुए वर्ल्ड चैंपियनशिप के सिल्वर मेडलिस्ट तुमुर ओचिर तुलगा को 8-6 से हरा दिया। हरियाणा ने तुरंत अपनी स्टार और कई बार की वर्ल्ड चैंपियन यूई सुसाकी के साथ जवाब दिया, जिन्होंने सारिका पर शानदार टेक्निकल जीत हासिल करके अपना कौशल दिखाया और स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया।

86 किलोग्राम पुरुषों के मैच में दिल्ली ने फिर से बढ़त बना ली, जब एशियन चैंपियनशिप के ब्रॉन्ज मेडलिस्ट वफाईपुर हादी बख्तियार ने अशिरोव अशरफ को 11-0 से हरा दिया। हरियाणा ने जोरदार जवाब दिया, जिसमें अक्षय धेरे ने 57 किलोग्राम पुरुषों के इवेंट में दिल्ली के अमित कुमार को टेक्निकल सुपीरियरिटी से हरा दिया।

हेवीवेट मैच निर्णायक था, जिसमें रौनक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनिरुद्ध गुलिया को 12-2 से हराया, जिससे दिल्ली को 4-3 की बढ़त मिली। हरियाणा ने हार नहीं मानी, और नेहा सांगवान ने 57 किलोग्राम महिलाओं के मुकाबले में अंजलि को पिन करके मैच को जारी रखा, जिससे स्कोर 4-4 से बराबर हो गया।

चैंपियनशिप दांव पर लगी थी, और इरीना कोलियाडेन्को ने महत्वपूर्ण 62 किलोग्राम महिलाओं के मैच में कदम रखा। अपने अनुभव और शांत स्वभाव का फायदा उठाते हुए, पेरिस ओलंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट ने लगातार टर्न-एंड-एक्सपोजर मूव्स से अंजलि को हराया और 16-0 से टेक्निकल जीत हासिल की। इस जीत ने उन्हें हरियाणा थंडरर्स के लिए खिताब दिलाया।




# भारत में मिले अनुभवों का लाभ टी20 विश्वकप में मिलेगा : सैंटनर

तिरुवनंतपुरम ।न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि उनकी टीम का लक्ष्य टी20 विश्व कप में जीत के इरादे से उतरना होगा ।इसके लिए उनकी टीम पांच मैचों की टी20 सीरीज में मिले अनुभवों का लाभ उठाएगी ।सैंटनर के अनुसार उनकी टीम भारत में अपने पिछले अनुभवों और विभिन्न हालातोंसे तालमेल बिठाने की क्षमता के आधार पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने का प्रयास करेगी । कीवी टीम को विश्कप में अफगानिस्तान, यूएई, दक्षिण अफ्रीका और कनाडा के साथ ग्रुप बी में रखा गया है ।वह ग्रुप चरण के तीन मैच चेन्नई में और एक मैच अहमदाबाद में खेलेगा ।इनमें से उसके दो मैच सुबह 11 बजे शुरू होंगे, जबकि अन्य मैच दोपहर तीन बजे और शाम सात बजे शुरू होंगे ।सैंटनर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारे कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने हाल में आईपीएल में या अपने करियर के दौरान चेन्नई में मैच खेले हैं। जिसका लाभ उन्हें मिलेगा मुझे लगता है कि पिछले कुछ साल में यह देखा गया है कि चेन्नई की पिच काफी अच्छी है ।सैंटनर ने कहा कि न्यूजीलैंड के पास इस चुनौती का सामना करने के लिए अनुभवी खिलाड़ी हैं ।उन्होंने कहा, दिन का खेल थोड़ा अलग होने वाला है ।खिलाड़ियों को अपने रुटीन में बदलाव करना होगा। उन्हें सुबह जल्दी उठकर अभ्यास करना होगा ।हम लाल मिट्टी की पिच पर एक मैच खेलने के लिए अहमदाबाद जाएंगे और फिर हम काली मिट्टी की पिच पर खेलने के लिए चेन्नई जाएंगे ।इसलिए यह मैदान कुछ अलग होगा ।सैंटनर ने कहा, मुझे लगता है कि हमारी टीम को अलग-अलग तरह के हालातों के अनुसार अपने को ढालना होगा। चेन्नई में हम तीन मैच खेलेंगे और वहां की पिच अहमदाबाद की की पिच की तुलना में अलग रहेगी जिसके अनुसार हमें ढ़लना होगा ।



## कोहरा 2 में अपने किरदार को लेकर बोले बरुन सोबती

**दर्शकों के बीच अपनी पहचान बनाने वाली वेब सीरीज कोहरा का दूसरा सीजन जल्द ही रिलीज होने जा रहा है। पहली सीरीज की कहानी, रहस्य और रहस्यमयी वातावरण दर्शकों को इतना पसंद आया कि इसके दूसरे सीजन का इंतजार लंबे समय से किया जा रहा था।**

इस बार की कहानी में रहस्य और मामले पहले से भी ज्यादा जटिल होंगे। इस बार भी अभिनेता बरुन सोबती अपने पहले वाले किरदार अमरपाल गारुडी के रूप में नजर आएंगे। सीरीज में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए बरुन ने कहा, इस सीजन में गारुडी पहले से ज्यादा सतर्क है। वह हर कदम पर सोच-विचार करता है और अपने फैसलों और विकल्पों का लगातार मूल्यांकन करता है। गारुडी इस बार नए सिरे से जीवन शुरू करना चाहता है, लेकिन कोहरा की दुनिया में बीते समय और पुराने अनुभव उसे पीछे नहीं छोड़ते। रहस्य इस बार और गहरा है और केस की जटिलता उसकी मानसिक स्थिति और फैसलों में भी दिखती है। बरुन ने कहा, इस सीजन ने मुझे अभिनेता के रूप में नई चुनौतियां दी हैं। मुझे उम्मीद है कि दर्शक इस कहानी में गहराई से जुड़ेंगे। कोहरा 2 की कहानी इस बार जगराना से आगे बढ़ते हुए दलेरपुरा पहुंचती है, जहां माहौल पहले से ज्यादा गंभीर और रहस्यमयी है। एएसआई अमरपाल गारुडी का तबादला दलेरपुरा पुलिस स्टेशन में हो जाता है और यहीं से कहानी एक नया मोड़ लेती है।

इस सीजन का सबसे बड़ा आकर्षण मोना सिंह हैं, जो गारुडी की नई कमांडिंग ऑफिसर धनवंत कौर की भूमिका निभा रही हैं। दोनों का काम करने का तरीका अलग है, सोच अलग है, लेकिन लक्ष्य एक ही है, सच तक पहुंचना। जैसे-जैसे वे एक हत्या के मामले की परतें खोलते हैं, वैसे-वैसे उनके अपने अतीत से जुड़े कई दबे हुए राज भी सामने आने लगते हैं। पंजाब की पृष्ठभूमि में बुनी गई यह कहानी धीमी रफ्तार में आगे बढ़ती है, लेकिन हर मोड़ पर असर छोड़ती है। यह सीजन 11 फरवरी से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी।



# रीटा फरेरा के किरदार से खुद को कैसे जोड़ती हैं भूमि?

**भूमि पेडनेकर की नई सीरीज 'दलदल' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर आ चुकी है। इस बार अभिनेत्री एक डीसीपी के रूप में क्राइम से लड़ती नजर आएंगी। इस इंटरव्यू में भूमि ने दलदल की कहानी में दिखाए गए समाजिक मुद्दों समेत इस सीरीज में अपने किरदार और उसके पीछे की गंभीरता के बारे में भी चर्चा की। बातचीत में भूमि ने यह भी बताया कि किस तरह वो अपने किरदार के साथ रिलेट करतीं हैं।**




### क्यों अलग है 'दलदल' सीरीज?

भूमि पेडनेकर ने इस इंटरव्यू में 'दलदल' के बारे में बात करते हुए कहा, इस शो का अनुभव वैसा ही है जैसे आप किसी चीज में फंसते चले जा रहे हों वही घुटन, वही बेचैनी, वही क्लॉस्ट्रोफोबिक सी फीलिंग। मेरा किरदार उस भावना को बहुत अच्छी तरह समझाता है। हालांकि शो में एक तरह की डार्कनेस है लेकिन इसके साथ ही हल्कापन भी है। यह एक बहुत इंटेलिजेंट और मनोवैज्ञानिक क्राइम ड्रामा है। इस जॉनर में कई शो आए हैं लेकिन फूली फील्स की राइटिंग इसमें एक अलगपन लेकर आती है।

### किन मायनों में अलग है रीटा फरेरा का किरदार?

'दलदल' में अपने किरदार डीसीपी रीटा फरेरा के बारे में भूमि ने कई बातें बताईं। भूमि ने कहा, रीटा अपने काम के प्रति बेहद ईमानदार है, लेकिन वर्दी में और वर्दी के बाहर उसका व्यक्तित्व बिल्कुल अलग दिखता है। उसके भीतर गहरी डार्कनेस है, बहुत सा ट्रॉमा है जिससे वह पूरी तरह बाहर नहीं आ पाई। यही इस शो की जड़ है कि हम सब अपने बचपन के घावों को ठीक से संभाल नहीं पाते हैं। इसी कमी ने उसे हर तरह की खुशी से दूर कर दिया। उसके अंदर गुस्सा भी है, हिंसा भी है और उतनी ही गहरी संवेदनशीलता भी। यही उसका दलदल है और यही वह जाल है जिसमें इस शो का हर किरदार अपने अपने तरीके से फंसा हुआ है।

### रीटा के व्यक्तिव से समानता महसूस करती हूं

भूमि पेडनेकर ने अमर उजाला को दिए इस इंटरव्यू में अपने और रीटा फरेरा के बारे में बताया, मैं यानी भूमि खुद को रीटा से जिस एक चीज के जरिए जोड़ पाती हूं वह है काम के प्रति उसकी ईमानदारी। रीटा की तरह मेरे अंदर भी अपने काम को लेकर गहरी सच्चाई है। मैं हमेशा कोशिश करती हूं कि अपने किरदार को जितनी ईमानदारी और सच्चाई से निभा सकूं निभाऊं। शायद यही वह जगह है जहां मैं और रीटा एक दूसरे से मिलते हैं। उसकी तरह मैं भी अपने काम में पूरी तरह डूब जाती हूं।



## फिल्म में दिखेंगी एक नई दीपिका



'जवान' फेम निर्देशक एटली इन दिनों अल्लू अर्जुन के साथ अपनी आगामी फिल्म को लेकर चर्चाओं में हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म का टाइटल तय नहीं है। बड़े स्तर पर बन रही इस फिल्म में दीपिका पादुकोण भी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। अब एटली ने फिल्म को लेकर बात की है। बातचीत के दौरान एटली ने इस फिल्म को लेकर बताया कि टीम फिल्म पर काफी मेहनत कर रही है। इसके बारे में बात करने के लिए उतनी ही उत्साहित है, लेकिन सही समय का इंतजार कर रही है। हर दिन हमें कुछ न कुछ नया पता चल रहा है। मुझे पता है कि हर कोई फिल्म के बारे में सुनना चाहता है। सच कहूं तो, अपने दर्शकों से भी ज्यादा, मैं उन्हें सब कुछ बताने के लिए उत्सुक हूं। हम इस पर काम करते हुए रातों की नींद हराम कर रहे हैं। मुझे पता है कि यह कोई बहाना नहीं है, लेकिन हम उतने ही उत्साहित हैं। हम सबके लिए कुछ बहुत बड़ा तैयार कर रहे हैं। एक बार यह बन जाए, तो यकीन मानिए, हर कोई इसका भरपूर आनंद उठाएगा।

'जवान' के बाद फिर से दीपिका पादुकोण के साथ काम करने पर एटली ने कहा कि हां, वो मेरी लकी चार्म हैं। दीपिका के साथ यह मेरी दूसरी फिल्म है और उनके साथ काम करना बेहद शानदार है। वो लाजवाब हैं। मुझे लगता है कि मां बनने के बाद इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने पर आपको एक बिल्कुल अलग दीपिका देखने को मिलेंगी।

# टैलेंट से सफल अभिनेत्री और गायिका बनीं हैं श्रुति हासन



भारतीय सिनेमा में कुछ नाम ऐसे हैं, जो सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं हैं। ये नाम अपनी बहुआयामी प्रतिभा से एक अलग पहचान बनाते हैं। 28 जनवरी को अपना जन्मदिन मनाने वालीं श्रुति कमल हासन ऐसी ही एक शख्सियत हैं। एक सफल अभिनेत्री, गायिका, संगीतकार और परफॉर्मर, जिनकी पहचान केवल एक स्टार किड के तौर पर नहीं, बल्कि एक मेहनती और टैलेंटेड आर्टिस्ट के रूप में बनी है।

हासन परिवार में जन्म लेने के बावजूद श्रुति ने अपनी राह खुद बनाई। वह न सिर्फ एक सफल अभिनेत्री हैं, बल्कि एक स्थापित गायिका और म्यूजिक कंपोजर भी हैं, जिन्होंने तमिल, तेलुगु और हिंदी सिनेमा में अपनी मजबूत मौजूदगी दर्ज कराई है। श्रुति ने चेन्नई के एबाकस मोंटेसरी स्कूल में पढ़ाई की और दसवीं तक वहीं शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद मुंबई के सेंट एंड्रयूज कॉलेज से साइकोलॉजी की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें संगीत और सिनेमा में गहरी रुचि थी। इसी लगाव ने उन्हें आगे चलकर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित म्यूजिशियंस इंस्टीट्यूट तक पहुंचाया, जहां उन्होंने संगीत की औपचारिक ट्रेनिंग ली।

महज छह साल की उम्र में श्रुति हासन ने अपने पिता की फिल्म थेवर मगन (1992) में पहला गाना गाया, जिसे इलैया राजा ने कंपोज किया था। इसके बाद स्कूल के दिनों में उन्होंने हिंदी फिल्म चाची 420 (1997) में भी गायन किया। साल 2000 में कमल हासन के निर्देशन में बनी फिल्म हे राम में उन्होंने बाल कलाकार के रूप में अतिथि भूमिका निभाई और उसी फिल्म के लिए हिंदी और तमिल में टाइटल थीम रामा रामा भी गाई। एक अभिनेत्री के तौर पर श्रुति ने वयस्क भूमिका में डेब्यू 2009 में बॉलीवुड फिल्म 'लक' से किया। इसके बाद उन्होंने दक्षिण भारतीय सिनेमा की ओर रुख किया और यहीं से उनका करियर नई ऊंचाइयों पर पहुंचा।

श्रुति को असली पहचान तेलुगु फिल्म अनागनगा ओ धीरुडु (2011) से मिली। इन फिल्मों में उनके अभिनय ने उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट फीमेल डेब्यू साउथ दिलाया। इसके बाद उन्होंने कई सफल फिल्मों में काम किया। रेस गुर्रम (2014) में दमदार भूमिका के लिए उन्हें फिल्मफेयर अवॉर्ड फॉर बेस्ट एक्ट्रेस तेलुगु मिला। कुल मिलाकर श्रुति के नाम तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड्स सहित कई सम्मान दर्ज हैं। हिंदी सिनेमा में श्रुति हासन ने डी-डे, रामैया वस्तावैया, गब्बर इज बैक, वेलकम बैक, रॉकी हैंडसम जैसी फिल्मों में काम किया। जहां कुछ फिल्मों को समीक्षकों की सराहना मिली, वहीं कुछ बॉक्स ऑफिस पर सफल रहीं। अभिनय के साथ-साथ संगीत श्रुति हासन की पहचान का अहम हिस्सा है। वह एक स्थापित पार्श्व गायिका हैं।



# शादी और करियर पर विक्रांत सिंह और मोनालिसा ने साझा किए दिलचस्प किस्से

मोनालिसा और विक्रांत रियलिटी शो 50 में एक साथ नजर आ रहे हैं। शो शुरू होने से पहले खास बातचीत में दोनों ने शो के फॉर्मेट, अपने रिश्ते और करियर को लेकर कई दिलचस्प बातें शेयर कीं। बता दें कि मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिसवास है और वे 50 से ज्यादा भोजपुरी फिल्मों में काम कर चुकी हैं। बिग बॉस 10 के बाद उनकी लोकप्रियता और भी बढी और उन्होंने टीवी इंडस्ट्री में भी अपनी मजबूत पहचान बनाई, जहां कई पापुलर शोज में उन्होंने अहम भूमिकाएं निभाईं।

### मोनालिसा को लेकर समाज की सोच पहले निगेटिव थी - विक्रांत

विक्रांत सिंह के मुताबिक, मोनालिसा जब बिग बॉस में आई थी, उससे पहले लोगों की सोच ज्यादातर निगेटिव थी। हम जिस सोसाइटी से आते हैं, वहां खासकर लड़कियों के लिए निगेटिव सोच जल्दी बनती है। घर से निकलकर फिल्म इंडस्ट्री में आना गलत मान लिया जाता है। आप सही हों या गलत लोग की नजर में आप गलत ही हो जाते हैं। अगर आपने ऐसा किरदार चुना जिसे आपको परफॉर्म करना है, तो भी गलत माना जाता है। लोगों ने मोनालिसा के बारे में गलत सोचा। वो लोग बोलने से पहले सोचते नहीं।

### शादी के बाद बदली राय, पर सोच धीरे बदलती है

वो आगे कहते हैं, बिग बॉस में आने के बाद कुछ हद तक राय बदली। हमारी शादी हुई तो और भी बदलाव आया। लेकिन सोच बहुत धीरे बदलती है। ज्यादातर लोग निगेटिव जाते हैं। आपकी मेहनत को लोग क्रेडिट नहीं देते कहते हैं अरे इसको ऐसे ही मिल गया होगा। ये सिर्फ मोना के साथ नहीं, कई लड़कियों के साथ होता है।

### 50 शो का स्केल देखकर दोनों ने तुरंत हां कहा

रियलिटी शो 50 के बारे में विक्रांत कहते हैं, मेकर्स ने बताया कि हिंदुस्तान का सबसे बड़ा शो बनाना चाहते हैं, 50 सेलेब्स आने वाले हैं। यह सुनकर कोई भी तुरंत सोच लेगा कि भाई मौका मिल रहा है, चौका मार देते हैं। तो हम तो तुरंत तैयार हो गए।

### मोनालिसा - 15 नहीं, 50 लोग... फॉर्मेट ही सबसे बड़ा बदलाव

मोनालिसा ने आगे जोड़ा, जब फॉर्मेट सुना तो सबसे पहला सोच यही थी कि बहुत अलग होगा। पहले जब मैं बिग बॉस में गई थी, वहां 15 लोग थे, यहां 50 रहेंगे। और हमें दोनों को साथ बुलाया गया है। बिग बॉस के बाद हमें ज्यादातर रियलिटी शो ही ऑफर होते रहे, जैसे नच बलिये, स्मार्ट जोडी, किचन चैम्पियन यह सब बहुत एक्साइटिंग था। मुझे नए एक्सपीरियंस लेना पसंद है। मैं चाहती हूं कि करियर वाइज हमेशा कुछ नया करूं और लकी हूं कि मिल भी जाता है।

### क्या रियलिटी शो रिश्ते पर असर डालते हैं?

विक्रांत साफ कहते हैं, पर्सनल लाइफ और घर में रहना एक बात है। लोगों के बीच जाकर कैसे रियेक्ट करते हो, वो दूसरी बात है। ऊपर से गेम खेलना है। तो मुझे लगता है कि डिफरेंसेज दिखेंगे ही। घर में भी कई मुद्दों पर हम सहमत नहीं होते। कोई प्लानिंग नहीं है हमारी। लोग मोना के नेचर को जानते हैं और मेरे लोग मुझे जानते हैं। मुझे उतना नहीं देखा है लोगों ने, तो इस शो से लोग मुझे पर्सनली जानेंगे। जो भी होगा नैचुरली होगा।

### विक्रांत अपने प्रोफेशनल फैसलों पर मोना पर कितना निर्भर हैं?

विक्रांत कहते हैं, एक पैसे का निर्भर नहीं हूं। ये अच्छा नहीं है, लेकिन सच है। मोना को भी मालूम है। मैं भी ऐसा प्लेटफॉर्म चाहता हूं, जहां लोग मुझे जानें। जहां भी गया हूं, मेरे लोग जानते हैं कि मैं बिल्कुल नहीं सुनता हूं। सुनूंगा तभी जब बात में लॉजिक हो, वरना नहीं। उम्मीद करता हूं कि इस शो से मुझे मेरी पहचान मिले।

### मोनालिसा किस तरह के रोल करना चाहेंगी?

मोनालिसा बताती हैं, बहुत सारे कैरेक्टर करना चाहती हूं। आजकल वेब सीरीज में इतने रियल रोल देखते हैं कि लगता है, ऐसा मैंने अभी तक किया ही नहीं है। रियल, नेचुरल, लोकेशन पर शूट बहुत कुछ बाकी है। पांच छह साल पहले पूछते तो कहती कि करीना की जब वी मेट जैसा चुलबुला रोल करना चाहती हूं। लेकिन अब उससे हटकर भी कई कैरेक्टर करना है।



# रात के खाने में ना खाएं दही

**हम सभी जानते हैं कि दही खाना सेहत के लिए बहुत अधिक लाभकारी होता है। दही एक सुपर फूड है, जिसे हर दिन खाया जा सकता है और यह सेहत को सिर्फ एक नहीं अनेक तरीकों से लाभ पहुंचाती है। पाचन से लेकर त्वचा और बाल सबको हेल्दी रखती है। इस विषय पर नए सिरे से बात करने की जरूरत नहीं है। आज हम इस विषय पर बात करेंगे कि आखिर रात के खाने में दही खाने को क्यों मना किया जाता है.**

## लाभकारी दही हानि क्यों करने लगती है ?

- आपने अपने पैरंट्स से अक्सर सुना होगा कि रात के समय दही या दही से बना रायता नहीं खाना चाहिए। लेकिन आज कल शादी-पार्टीज में यह ट्रेंड है कि आप रात के 12 बजे भी डिनर ले रहे होंगे तो आपको रायता जरूर मिलेगा खाने में.। खैर, सर्व करनेवाले तो सर्व करते है। यह तो आपको निर्णय लेना है कि रात में रायता या दही खाकर आप बीमार पड़ना चाहते हैं या नहीं।
- दही पाचनतंत्र को ऊर्जा देने का काम करती है। साथ ही हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बढ़ाती है। लेकिन यदि दही का सेवन रात में किया जा तो पाचनतंत्र भी डिस्टर्ब होता है और रोग प्रतिरोधक क्षमता पर भी बुरा असर पड़ता है।

## पाचकाग्नि को मंद हो जाती है

- अब आपके मन में यह सवाल आ रहा होगा कि आखिर रात में दही खाने पर ऐसा क्या हो जाता है ? तो जान लीजिए कि रात को दही खाने पर पाचनतंत्र मंद हो जाता है। आयुर्वेद की भाषा में बात करें तो जठराग्नि मंद हो जाती है और शरीर की वायु कुपित हो जाती है। इस कारण रात में दही का सेवन करने पर हाथ, पैर, सिर, कमर या शरीर के किसी भी हिस्से में दर्द की समस्या हो सकती है।

## जुकाम लगा सकती है दही

- इसके साथ ही दही खाने पर रोग प्रतिरोधक क्षमता पर इस लिए बुरा असर पड़ता है, क्योंकि दही तासीर में ठंडी होती है। यदि रात में दही खाई जाती है तो शरीर में कफ की मात्रा में वृद्धि हो सकती है। इससे गले में दर्द, खराश, बलगम वाली खांसी, सिर में भारीपन, जुकाम आदि की समस्या हो सकती है।

## जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है

- जिन लोगों को जोड़ों के दर्द की शिकायत होती है यदि वे लोग रात के समय दही खाना शुरू कर दें तो यकीन मानिए कि जल्द ही ऐसा समय आएगा जब उनके जोड़ों का दर्द इस कदर बढ़ जाएगा कि दिन-रात का चैन खो सकता है।

## सो नहीं पाते ऐसे लोग

- जिन लोगों को अस्थमा की शिकायत है, उन्हें रात के समय भूल से भी दही का सेवन नहीं करना चाहिए। नहीं रात के समय अस्थमा अटैक के कारण सांस लेना मुश्किल हो सकता है। हालांकि सभी लोगों को इस बात की जानकारी भी होनी चाहिए खट्टी दही और मीठी दही दोनों के शरीर पर अलग-अलग प्रभाव होते हैं। लेकिन रात के समय आपको किसी भी प्रकार की दही लेने से बचना चाहिए।

## आ सकता है बुखार

- रात के समय दही खाना आपको बुखार आने का कारण भी बन सकता है। इसकी वजह ऊपर बताए गए कारणों को मिलाकर तैयार हो जाती है। क्योंकि शरीर में पित्त और वायु का कुपित होना, जुकाम लगना, शरीर में दर्द होना जैसी समस्याएं शरीर के सामान्य तापमान को स्थिर नहीं रहने देती हैं। इससे बुखार आने की समस्या हो सकती है।

## रात को दही खाने से बढ़ती है सूजन

- रात को दही खाने से शरीर में सूजन बढ़ने की समस्या बढ़ सकती है। क्योंकि रात में दही का सेवन करने से पित्त की मात्रा में बढ़ोतरी हो सकती है, जो आपके शरीर में सूजन बढ़ाने का काम करेगा।
- अगर आपके शरीर में सूजन की समस्या पहले से है या कोई चोट लगी हुई है तो रात के समय दही खाना आपके शरीर को अंदर से कमजोर करने का काम करेगा। इससे आपके शरीर में दर्द और पीड़ा कई गुना बढ़ सकती है।

## जरूरी नहीं अगले दिन ही दिखे रिजल्ट

- अगर आपको लगता है कि आपने तो रात को दही खाई थी, आपको तो कोई समस्या नहीं हुई। तो यह जरूरी नहीं है कि आपने रात में दही खाई है तो अगले दिन सुबह के समय ही आपके शरीर में बीमारी के लक्षण दिखने लगेंगे। ये लक्षण दिन में किसी समय, अगली रात में या एक-दो दिन बाद भी नजर आ सकते हैं।
- ऐसा इसलिए होता है क्योंकि हर किसी की रोग प्रतिरोधक क्षमता अलग-अलग होती है। एक तरफ जहां किसी में एक बार रात को दही खाने के बाद कुछ ही घंटे में तबीयत खराब हो सकती है तो किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में इसका असर 3 दिन बाद भी दिख सकता है।





# खून के थक्के बनने से रोकने की दवा लेते हैं तो न खाएं हरा साग

**हरा साग जैसे पालक क्लॉटिंग रोकने वाली वार्फरिन या कुमारिन दवाओं के असर को काफी हद तक कर देता है बेअसर इसलिए ऐसे लोग जो इन दवाओं को प्रयोग करते हैं उन्हें सलाह दी जाती है कि हरा साग न खाएं।**

जिन रोगियों में खून के असामान्य थक्कों के बनने और खून जमने की समस्या होती है, उन्हें एक विशेष दवा के सेवन के कारण कई बार हरा साग खाने से मना किया जाता है। यह दवा वार्फरिन है। यह और इसके जैसी अनेक दवाएं, जिन्हें कुमारिन-परिवार की दवाएं कहते हैं, विटमिन-के का प्रतिरोध करती हैं। इम्यूनोलॉजिस्ट एवं र्यूमैटॉलजिस्ट कहते हैं, विटमिन-के का काम खून की क्लॉटिंग से होता है। यह विटमिन यकृत में जमा होता है और इसी कारण हमारा खून सही ढंग से जमता है। यह विटमिन शरीर में क्लॉटिंग फैक्टरों का निर्माण करता है। विटमिन-ख न हो तो न जाने कितने ही लोगों की रक्तस्राव से मौत हो जाए, लेकिन फिर अनेक रोगियों में खून का जमना हानिकारक हो जाता है। मान लीजिए किसी रोगी में हृदयवॉल्व की सर्जरी हुई है या उसे कोई ऐसा रोग है, जिसमें खून बार-बार और जल्दी-जल्दी जमा करता है। ऐसे में अगर विटमिन-के का प्रतिरोध न किया गया, तो फिर खून का लगातार जमना हानिकारक या कभी-कभी जानलेवा साबित होगा। इसलिए ऐसे रोगियों में खून को पतला करने वाली दवाएं चलाई जाती हैं। इन्हीं दवाओं में कुमारिन-परिवार की सदस्य दवाएं भी शामिल हैं, जिनमें वार्फरिन प्रमुख है। हरा साग विटमिन-के का प्रमुख स्रोत है। इसे खाने से शरीर को विटमिन-ख की प्राप्ति होती है। लेकिन फिर जिन रोगियों को विटमिन-ख नहीं चाहिए या जिनके लिए विटामिन-के की प्रचुरता हानिकारक है, वे क्या करें ? वह ब्लड की क्लॉटिंग (स्तम्भन) को रोकने के लिए वार्फरिन जैसी दवाओं पर निर्भर रहते हैं। और हरे साग का सेवन वार्फरिन को समुचित कार्य करने से रोकेगा।

## आयरन की गोलियां खाएं

इसलिए डॉक्टर की सलाह होती है कि अगर आप वार्फरिन या अन्य कुमारिन-दवाएं खाते हैं, तो हरा साग कम-से कम खाएं या न खाएं। हां, यह जरूर है कि ऐसा करने से आपको आवश्यक आयरन नहीं मिलेगा और अनीमिया की आशंका बढ़ जाएगी, लेकिन ऐसी परिस्थिति में वार्फरिन के साथ हरे साग की बजाय आयरन की गोलियों का सेवन कहीं बेहतर है।

# खर्राटों की समस्या से निजात दिलाएगा चुंबक

**अगर आपको भी खर्राटे लेने की समस्या है तो आपके लिए एक खुशखबरी है। माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं ने चुंबक की मदद से एक ऐसा उपकरण बनाया है जो खर्राटों की समस्या से निजात दिला सकता है। दो चंबुकों के खींचने की क्षमता की मदद से हवा की नली को रात में सोने के दौरान खुला रखकर खर्राटों की समस्या को ठीक किया जा सकता है।**

इस समस्या से दुनियाभर में लाखों लोग जूझ रहे हैं। इस बीमारी के कारण रात को सोते वक्त हवा की नली संकरी हो जाती है और सांस लेने में अवरोध पैदा होता है। इसके लक्षणों में खर्राटे लेना और मुंह से अजीब आवाजें निकालना भी शामिल है। यह बीमारी 40 साल की उम्र से ऊपर के पुरुषों में ज्यादा होती है। मोटापा, शराब की लत और धूम्रपान इसके जोखिम कारक हैं। इससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। मैग्नेटिक एपनोइया प्रीवेंशन (मैगनैप) उपकरण में उस तरह के चुंबक का इस्तेमाल होता है जो कंप्यूटर हार्ड ड्राइव और साइकिल के डायनेमो में पाए जाते हैं। यह उपकरण सांस की नली को खुला रखने में मदद करता है। चुंबक में एक क्षरण-प्रूफ टाइटेनियम कोटिंग है और यह दावा किया जाता है कि इन्हें एक बार प्रतिरोपित करने के बाद सालों तक सुरक्षित रूप से शरीर में छोड़ा जा सकता है।

इस उपकरण का आकार पचास पैसे के सिक्के के जितना है और इसे सर्जरी के द्वारा गले के हायोड बोन में फिट किया जा सकता है। यह हड्डी जीभ के ठीक नीचे गले में होती है। इस चुंबक को फिट करने की सर्जरी को करने में एक घंटे का समय लगेगा। सर्जरी के चार हफ्ते के बाद एक और चुंबक गले में लगाया जाएगा।

यह दूसरा चुंबक पहले से गले में लगाए गए चुंबक को आकर्षित करेगा जिससे एक हल्का खिंचाव तैयार होगा और हवा की नली खुल जाएगी। मरीज के गले और हवा की नली के आकार के अनुसार विभिन्न आकार के चुंबकों का प्रयोग किया जा सकेगा। अब तक माउंट जियॉन यूनिवर्सिटी हॉस्पिटल में छह लोगों के गले में इस उपकरण को प्रतिरोपित किया गया है। उनकी निगरानी की जा रही है ताकि इस उपकरण की उपयोगिता का पता लगाया जा सके।





# दिल का रखेंगे ध्यान ब्रोकली और पत्तागोभी

क्या आपको भी ब्रोकली, पत्तागोभी और ब्रसल्स स्प्राउट जैसी सब्जियां अच्छी नहीं लगतीं। अगर आप भी इन सब्जियों को खाने से परहेज करते हैं तो आप अनजाने में दिल की बीमारियों को न्योता दे रहे हैं। एक हालिया शोध के अनुसार ये सब्जियां रक्त धमनियों और वाहिकाओं की बीमारियों के जोखिम को कम करने में मदद करती हैं। रक्त धमनियों में अवरोध पैदा होने से हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम बढ़ जाता है। ब्रिटिश जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित शोध में पाया गया कि पत्तेदार हरी सब्जियों जैसे ब्रोकली, ब्रसल्स स्प्राउट और पत्तागोभी का सेवन करने का संबंध बुजुर्गों में रक्त वाहिकाओं की बीमारियों के कम जोखिम के साथ था। ईसीयू स्कूल ऑफ मेडिसिन और द यूनिवर्सिटी ऑफ वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के शोधकर्ताओं ने 684 बुजुर्ग महिलाओं पर अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने देखा कि जिन महिलाओं ने ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनकी महाधमनी में कैल्शियम के जमाव का खतरा कम पाया गया। यह रक्त वाहिकाओं में होने वाली बीमारियों का पहला संकेत होता है।

## हार्ट अटैक हो सकता है

रक्त वाहिकाओं की बीमारियां धमनियों और नसों को प्रभावित करती हैं। धमनियों और नसों में कैल्शियम का जमाव होने से रक्त के प्रवाह में बाधा आती है जिससे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है।

## ब्रोकली और स्प्राउट है बेहद फायदेमंद

प्रमुख शोधकर्ता डॉक्टर लाउरेन ब्लेकेनहोर्स्ट ने कहा, हरी पत्तेदर सब्जियों के बारे में कुछ पेचीदा था, जिस पर इस अध्ययन ने अधिक प्रकाश डाला है। हमारे पूर्व शोधों में हमने पाया कि जिन लोगों ने हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन किया उनमें दिल संबंधी बीमारियों और घटनाएं जैसे हार्ट अटैक और स्ट्रोक का जोखिम कम पाया गया। हमारे शोध से हरी पत्तेदार सब्जियों के फायदों के बारे में पता चलता है। बुजुर्गावस्था में ज्यादा हरी पत्तेदार सब्जियों का सेवन करने से धमनियां स्वस्थ रहती हैं और इससे दिल भी स्वस्थ रहता है।

## विटामिन-के मौजूद होता है

हरी पत्तेदार सब्जियों जैसे ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी में बड़ी मात्रा में विटामिन-के मौजूद होता है। विटामिन-के रक्त वाहिकाओं में कैल्शियम के जमाव को रोकने का काम करता है।

## रोजाना सब्जी खाना जरूरी

डॉक्टर ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा कि इस अध्ययन में जिन महिलाओं ने प्रतिदिन 45 ग्राम से अधिक सब्जियों का सेवन किया (जैसे एक कप उबली हुई ब्रोकली या एक कप पत्ता गोभी) उनकर महाधमनी में कैल्शियम के व्यापक जमाव की आशंका 46 प्रतिशत कम थी। इनकी तुलना रोजाना सब्जी नहीं खाने वाले लोगों से की गई। ब्लेकेनहॉर्स्ट ने कहा, अच्छे स्वास्थ्य के लिए सिर्फ ब्रोकली, स्प्राउट और पत्तागोभी का ही सेवन नहीं करना चाहिए बल्कि सभी प्रकार की मौसमी सब्जियां खानी चाहिए।

## रोजाना कितनी सब्जी खाएं

- रोज सलाद के रूप में 80 ग्राम कच्ची सब्जी का सेवन करना चाहिए।
- प्रतिदिन 80 ग्राम पकी हुई सब्जी का सेवन करने की सलाह।
- प्रतिदिन 125 मिलीलीटर सब्जी के जूस का सेवन करना चाहिए।



# कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से हो सकते हैं मानसिक दिव्यांगता का शिकार

कोलेस्ट्रॉल बढ़ने या घटने से ऑटिज्म जैसी मानसिक दिव्यांगता विकसित हो सकती है। हार्वर्ड विश्वविद्यालय समेत तीन संस्थानों के अध्ययन में यह जानकारी सामने आई है। ऑटिज्म के मरीज न तो अपनी बात ठीक से कह पाता है ना ही दूसरों की बात समझ पाता है और न उनसे संवाद स्थापित कर सकता है। यदि इन लक्षणों को समय रहते भांप लिया जाए, तो काबू पाया जा सकता है। प्रतिष्ठित नेचर पत्रिका में प्रकाशित इस रिपोर्ट के मुताबिक, बच्चे के धीमे मानसिक व शारीरिक विकास से जुड़ी इस बीमारी के लक्षण बचपन में ही दिखने लगते हैं। हार्वर्ड विश्वविद्यालय, मैसाचुएट्स इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी और नॉर्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने कोलेस्ट्रॉल और ऑटिज्म के संबंध के बारे में जानने के लिए वैज्ञानिक अध्ययन किया। शोधकर्ताओं ने पाया कि ऑटिज्म के सबटाइप वाली एक बीमारी उन्हीं अनुवांशिक तत्वों से होती है जो शरीर में कोलेस्ट्रोल मेटाबोलिज्म और मस्तिष्क विकास को नियंत्रित करते हैं। वैज्ञानिकों ने मस्तिष्क के नमूनों के डीएनए अध्ययन से पाया कि लिपिड डायफंक्शन और ऑटिज्म के बीच साझा आणुविक जड़ें होती हैं। फिर वैज्ञानिकों ने ऑटिज्म पीड़ित लोगों के मेडिकल रिकॉर्ड का अध्ययन करके इस बात की पुष्टि की। लिपिड जीवित कोशिकाओं में एक महत्वपूर्ण अवयव होता है जो एल्कोहल में घुलनशील है। अध्ययनकर्ता इसहाक कोहेन का कहना है कि शोध के निष्कर्ष बताते हैं कि यह बहुत जटिल बीमारी है और इसके विभिन्न प्रकार अलग-अलग कारणों से उत्पन्न होते हैं।



# घुटने का दर्द हो जाएगा छूमंतर ट्राय करें यह देसी नुस्खा

**बढ़ती उम्र और डेली रूटीन में अलग-अलग स्थितियों के कारण हमारे शरीर में अलग-अलग प्रकार के बदलाव होते हैं। इसके परिणामस्वरूप कई प्रकार की बीमारियां और स्वास्थ्य समस्याएं भी शरीर को अपना शिकार बनाती हैं जिनमें घुटनों का दर्द भी प्रमुख रूप से गिना जाता है। घुटने के दर्द की समस्या ज्यादातर बुजुर्गों को परेशान करती है वहीं खेलकूद से जुड़े लोगों को भी इस समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे लोगों के लिए यहां पर एक देसी नुस्खे के बारे में बताया जा रहा है जो उनके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए कारगर रूप से कार्य कर सकता है। आइए इस देसी नुस्खे के बारे में आपको पूरी जानकारी देते हैं।**

## क्यों होता है घुटनों में दर्द ?

इस देसी नुस्खे को जानने से पहले आपको यह जरूर जान लेना चाहिए कि आपके पैरों में होने वाले दर्द का प्रमुख कारण क्या होता है ? मुख्य रूप से अगर बात की जाए तो घुटनों में होने वाला दर्द टेंडइनाइटिस, गाउट, ऑस्टियोआर्थराइटिस, बेकर्स सिस्ट, बर्साइटिस जैसी मेडिकल कंडीशन के कारण होता है। इसके अलावा खेलकूद के दौरान लगने वाली चोट या फिर किसी दुर्घटना में गिरने के कारण भी घुटनों में दर्द की समस्या हो सकती है। नीचे आपको ऐसे दो खास देसी नुस्खे बताए जा रहे हैं जो सामान्य रूप से घुटने में होने वाले दर्द की समस्या को ठीक करने के लिए आपकी मदद कर सकते हैं।

## सेब के सिरके का करें सेवन

सेब के सिरके में ऐसे कई औषधीय गुण मौजूद रहते हैं जो आपकी सेहत के लिए भी प्रभावी रूप से फायदेमंद साबित होते हैं। एक चम्मच सेब के सिरके को अगर आप गर्म पानी के साथ मिलाकर पीने के लिए इस्तेमाल करते हैं तो इसमें मौजूद पेन रिलीविंग गुण आपके घुटनों में होने वाले दर्द को दूर करने के लिए प्रभावी असर दिखा सकता है। आप इस तरह सेब के सिरके का दिन में दो बार सेवन कर सकते हैं। कोशिश करें कि खाना खाने के पहले इसका सेवन करें।

## नींबू और तिल के तेल का इस्तेमाल

एक नींबू लें और उसे काटकर रस निकाल लें। अब दो चम्मच तिल के तेल में नींबू के रस को मिलाएं और हल्के हाथों अपने घुटनों पर इस मिश्रण की मालिश करें। रात में सोने से पहले और सुबह उठने के बाद यानी मॉर्निंग वॉक पर जाने से पहले आप इस देसी नुस्खे को ट्राय कर सकते हैं। नींबू में मौजूद एंटी इंफ्लेमेटरी गुण घुटनों में होने वाली सूजन को कम करके दर्द को दूर कर सकता है। एक बात का ध्यान रखें कि गंभीर मेडिकल कंडीशन होने के कारण आपको इस देसी नुस्खे का कोई खास फायदा नहीं मिलेगा और आपको मेडिकल ट्रीटमेंट की जरूरत भी पड़ेगी।